
फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 74 संख्याः 265 प्रभात जयपुर, शनिवार 27 अप्रेल, 2024 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

ARBIT




जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

**The Words And The Muse Just Come...** "Here, on shores unknown to you and me, we meet again. When the dark sky rests on the sparkle of stars, living and dying are no longer apart."

**What pain in specific areas of the body might mean**

**4 flares erupt from Sun in rare celestial event**

# 'मत पत्रों ( बैलेट पेपर ) को गिनने की पुरानी व्यवस्था, अब वापस नहीं आयेगी'

## सुप्रीम कोर्ट ने ई.वी.एम. मशीन के पक्ष में सख्त व साफ निर्णय लिया

- प्र.मंत्री मोदी ने इस निर्णय की प्रशंसा की और कहा कि, कांग्रेस सरकारों ने कई दशकों तक सही मतदान नहीं होने दिया था, ''बूथ कैप्चरिंग'' होती थी तथा मतदाता को वोट डालने के लिये घर से निकलने नहीं दिया जाता था। पर, निर्धन व ईमानदार वोटर के पास ई.वी.एम. की ताकत है और विपक्ष न्यायालय का सहारा लेकर इस ताकत को नष्ट करना चाहता था।
- कांग्रेस ने पलट वार करते हुए कहा, क्या भाजपा नेता एल.के. अडवानी गलत थे, जब उन्होंने भाजपा समर्थक लेखक जी.वी.एल. नरसिम्हा राव की किताब का विमोचन किया था, जिस किताब में ई.वी.एम. मशीन की विश्वसनीयता पर सवाल उठाये गये थे।
- कांग्रेस ने यह भी कहा कि, गुजरात के मु.मंत्री के रूप में मोदी जी ने ई.वी.एम. मशीन का भरपूर विरोध किया था।

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 26 अप्रेल। सुप्रीम कोर्ट द्वारा इलैक्ट्रोनिक वोटिंग मशीनों (ई.वी.एम.) में मतदाताओं द्वारा डाले गए वोटों का 100 प्रतिशत वी.वी.पी.ए.टी. (वी.वी.पैट) से सत्यापन कराने वाली मांग याचिका खारिज कर दी है इसके खारिज होने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कांग्रेस ने इस मुद्दे पर एक दूसरे पर आरोप लगाए।

इलैक्ट्रोनिक वोटिंग मशीनों (ई.वी.एम.) में डाले गए वोटों को स्लिप से शत प्रतिशत क्रॉस वैरिफिकेशन वी.वी.पी.ए.टी. करने का अनुरोध सुप्रीम कोर्ट द्वारा खारिज किए जाने के बाद आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विपक्षी इंडिया ब्लॉक पर जबरदस्त हमला बोला, ज्ञातव्य है कि विपक्ष अक्सर चुनाव में ई.वी.एम. की प्रणाली पर सवाल उठाता रहा है। कांग्रेस ने मोदी के हमले के जवाब में कहा कि, विपक्ष प्रधानमंत्री मोदी से एक बात पूछना चाहता है कि एस.के. अडवानी ने भाजपा के एक नेता जी.वी.एल. नरसिम्हा राव द्वारा लिखित पुस्तक का विमोचन किया था जिसमें ई.वी.एम. की विश्वसनीयता पर सवाल खड़ा किया था, क्या अडवानी गलत थे।

मोदी ने हमला बोलते हुए कहा कि, ई.वी.एम. के बारे में जनता के मन में शंका उत्पन्न करके प्रत्येक विपक्षी नेता ने ''महा पाप'' किया है। प्रधानमंत्री मोदी बिहार में एक रैली में भाषण देते वक्त कहा कि याचिका खारिज होने से ''विपक्ष के सपने चकनाचूर हो गए हैं।'' लोकसभा के सात चरणों वाले चुनावों की श्रृंखला में आज देशभर में द्वितीय चरण के मतदान में 88 सीटों पर वोट डाले गए।

पी.एम. मोदी ने अपने भाषण में यह भी कहा कि, इन्होंने दशकों तक लोगों को अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं करने दिया। मतदान केन्द्रों पर कब्जा करना एक सामान्य बात थी....यहां तक कि ये लोग जनता को वोट देने के लिए घर से बाहर भी नहीं जाने देते थे.....अब जब कि गरीब और ईमानदार मतदाता के पास ई.वी.एम. की ताकत है तो वो सब मिलकर

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## भाटी के भाई को चेतावनी

जैसलमेर, 26 अप्रेल (नि.सं.)। बाड़मेर- जैसलमेर लोकसभा चुनाव के निर्दलीय प्रत्याशी रविंद्र सिंह भाटी के भाई को जैसलमेर पुलिस ने जिले से बाहर का मतदाता होने का हवाला देते हुए आचार संहिता के तहत जिला छोड़ने की हिदायत दी। आरोप है कि वे फतेहगढ़ पंचायत समिति के क्षेत्र में मतदाताओं को परेशान कर रहे थे।

- जैसलमेर पुलिस ने बाड़मेर-जैसलमेर सीट के निर्दलीय प्रत्याशी रविन्द्र सिंह भाटी को जिला छोड़ने की चेतावनी दी, क्योंकि उन पर मतदाताओं को परेशान करने का आरोप है। भाटी के भाई क्षेत्र के मतदाता भी नहीं हैं।

लोकसभा क्षेत्र बाड़मेर -जैसलमेर से निर्दलीय प्रत्याशी रविन्द्र सिंह भाटी का भाई जैसलमेर का वोटर नही है और जैसलमेर में जगह -जगह घूम कर मतदाताओं को प्रभावित कर रहा है। शिकायत मिलने पर पुलिस ने भाटी के भाई से अपील की कि आप तुरंत इस जिला से बाहर चले जावे, आपका यहाँ पर रहकर मतदाताओं को प्रभावित करना आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन है, अन्यथा आपके खिलाफ विधि अनुसार कार्यवाही की जावेगी।

# बाड़मेर में प्रत्याशियों के समर्थकों में मारपीट और फर्ज़ी वोटिंग

## तमाम घटनाओं के बीच क्षेत्र में 69.79 प्रतिशत मतदान हुआ

- मतदान शुरू होने के कुछ देर बाद ही दर्जनों जगहों पर पोलिंग एजेंटों के साथ मारपीट, बदसलूकी व फर्जी मतदान, बूथ कैप्चरिंग की खबरें और वीडियो आने लगे।
- पुलिस ने घटनाओं का संज्ञान लेकर त्वरित कार्यवाही शुरू की, जल्दी ही जोधपुर रेंज के आई.जी. विकास कुमार भी बाड़मेर पहुंचे। उन्होंने बताया कि, 5 जगहों पर विवाद हुआ था, पर पुलिस ने त्वरित कार्यवाही की, जिससे मतदान बाधित नहीं हुआ।
- बायतू के कांग्रेस विधायक हरीश चौधरी ने तमाम घटनाओं पर कार्यवाही करने की मांग को लेकर निर्वाचन अधिकारी के चैम्बर में धरना भी दिया। निर्दलीय प्रत्याशी रविन्द्र भाटी ने हरीश चौधरी पर माहौल खराब करने का आरोप लगाया।
- दोपहर बाद शिव में एक बूथ पर रविन्द्र सिंह भाटी व कांग्रेस के उम्मेदाराम बेनीवाल के समर्थकों में भिड़ंत हो गई और आधा घंटे तक मतदान भी रूका रहा।

बाड़मेर, 26 अप्रेल (निसं)। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में बाड़मेर -जैसलमेर लोकसभा सीट पर मतदाताओं ने बंपर वोटिंग की। इस लोकसभा क्षेत्र में 69.79 प्रतिशत मतदान हुआ।

मतदान शुरू होने के कुछ देर बाद ही सोशल मीडिया पर दर्जनों जगहों पर पोलिंग एजेंटो के साथ मारपीट, अभद्रता, फर्ज़ी मतदान, बूथ कैप्चरिंग और समर्थको के आपस में भिड़ने आदि की जानकारी सामने आई। लोगों ने सोशल मीडिया पर घटनाओं के वीडियो साझा कर पुलिस और प्रशासन से त्वरित कार्रवाई का निवेदन किया। सोशल मीडिया पर देखते ही देखते प्रत्याशियों के बीच आरोप प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया।

पुलिस ने तुरंत घटनाओं पर संज्ञान लेते हुए कार्यवाही शुरू कर दी। इस बीच जोधपुर रेंज के आई.जी. विकास कुमार भी बाड़मेर पहुंचे। उन्होंने बताया कि चार -पांच जगहों पर विवाद हुआ, जिस पर पुलिस ने त्वरित कार्यवाही की। कहीं पर भी मतदान बाधित नहीं हुआ। जिला निर्वाचन अधिकारी निशांत जैन ने बताया कि सुबह 7 बजे मतदान शुरू होने के साथ ही कंट्रोल रूम से पूरी नज़र रखी जा रही थी। कुछ जगहों पर छिटपुट घटनाओं के चलते आंशिक रूप से

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# जोधपुर में कांग्रेस प्रत्याशी करण सिंह उचियारड़ा धरने पर बैठे

## उचियारड़ा का आरोप है कि, बी.जे.एस. कॉलोनी के एक बूथ पर उनके बेटे के साथ धक्का-मुक्की की गई

- उचियारड़ा ने कहा कि, आरोपी युवकों पर कार्यवाही होने तक, वे धरना समाप्त नहीं करेंगे।
- जोधपुर में मतदान का दिन कई लोगों ने खास अंदाज में मनाया। एक ही परिवार की 5 पीढ़ी के लोग एक जैसी सजधज के साथ वोट डालने पहुंचे। परिवार के सभी पुरूषों ने राजस्थानी साफा लगाया था और महिलाओं ने चुनरी की साड़ी पहनी थी।
- क्षेत्र में कुछ जगहों पर मामूली टकराव तो देखा गया, पर कहीं कोई अप्रिय घटना नहीं घटी।
- जोधपुर लोकसभा क्षेत्र में कुल 58.35 प्रतिशत मतदान होने की खबर है। यहां से भाजपा की तरफ से केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत मैदान में हैं।

जोधपुर, 26 अप्रेल (कासं)। छुट-पुट घटनाओं के साथ जोधपुर में लोकसभा महापर्व का मतदान शांतिपूर्वक संपन्न हो गया। इसके साथ ही भाजपा प्रत्याशी गजेंद्र सिंह शेखावत और कांग्रेस प्रत्याशी करण सिंह उचियारड़ा का भविष्य मत पेटियों में कैद हो गया। चुनाव आयोग से प्राप्त नवीनतम आंकड़ों के अनुसार जोधपुर में कुल 63.30 प्रतिशत वोटिंग हुई है।

एक घटनाक्रम में बी.जे.एस. कॉलोनी स्थिति एक बूथ पर करण सिंह उचियारड़ा के बेटे के साथ धक्का मुक्की हो गई। इसके बाद उचियारड़ा और उनके समर्थकों ने बी.जे.एस. कॉलोनी के पोलिंग बूथ पर हंगामा कर दिया। उसके बाद बड़ी संख्या में उचियारड़ा के समर्थक बूथ पर पहुंचे और धरने पर बैठ गए। करणसिंह उचियारड़ा ने बताया कि, उसके बेटे के साथ आठ दस लोगों ने मारपीट की है, जिसके विरोध में धरने पर बैठे हैं और जब तक आरोपियों को पकड़ा नहीं जाएगा, वे धरना समाप्त नहीं करेंगे। समाचार लिखने तक वे अपने समर्थकों के साथ धरने पर बैठे हुए थे।

घटना की सूचना मिलने पर भारी पुलिस बल भी वहां पहुंचा।

एक और घटनाक्रम में शहर के जालम सिंह का हत्था के एक बूथ पर दो वोटर आपस में भिड़ गए।

जोधपुर में लोकसभा चुनाव को लेकर दूसरे चरण का मतदान आज सुबह

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## दूसरे चरण में देश भर में करीब 61 प्रतिशत मतदान

नई दिल्ली, 26 अप्रैल (वार्ता)। उत्तर-पश्चिम भारत में बढ़ती गर्मी के बीच लोक सभा चुनाव के दूसरे चरण में शुक्रवार को 88 सीटों पर करीब 61 प्रतिशत वोट डाले गये।

बारह राज्यों और केन्द्र शासित जम्मू-कश्मीर की कुल 88 सीटों पर मतदान का कुल प्रतिशत पहले चरण से भी कम रहा। दूसरे चरण में उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र में मतदान का प्रतिशत राष्ट्रीय औसत से काफी कम रहा

- बारह राज्यों और जम्मू-कश्मीर की कुल 88 सीटों पर मतदान का कुल प्रतिशत पहले चरण से भी कम रहा।

जबकि जबकि त्रिपुरा, मणिपुर, छत्तीसगढ़ पश्चिम बंगाल और जम्मू-कश्मीर में 70 से लगभग 79 प्रतिशत के दायरे में मतदान हुआ। निर्वाचन आयोग के रात सात बजे तक के मतदान के आंकड़ों के अनुसार उत्तर प्रदेश में 54.83 प्रतिशत, बिहार में 54.91 प्रतिशत महाराष्ट्र में 54.34 प्रतिशत और मध्यप्रदेश में 56.60 प्रतिशत वोट

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'क्या जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के कर्मचारी सरकारी कर्मचारी हैं?'

## हाईकोर्ट में इस मामले में पर 29 अप्रेल को 11 बजे सुनवाई होगी

- न्यायाधीश समीर जैन की अदालत ने मामले की पेचीदगी को देखते हुए हाईकोर्ट बार एसोसियेशन के सभी सदस्य वकीलों, जो इस मामले से संबंधित कानूनी तर्क वितर्क पर जिरह करने और कानूनी पक्ष रखना चाहते हैं, को भाग लेने के लिये कहा है।

-यादवेंद्र शर्मा-

जयपुर, 26 अप्रेल। राजस्थान हाईकोर्ट में जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के कर्मचारियों को सरकारी कर्मचारियों की श्रेणी में नहीं गिने जाने के खिलाफ दायर याचिकाओं पर न्यायाधीश समीर जैन की अदालत के समक्ष 29 अप्रेल सुबह 11 बजे सुनवाई की जायेगी। इस मामले की पेचीदगी को देखते हुए अदालत ने राजस्थान हाईकोर्ट बार एसोसियेशन के सभी सदस्य वकीलों, जो इस मामले से संबंधित कानूनी तर्क वितर्क पर जिरह करने और कानूनी पक्ष रखना चाहते हैं, को भाग लेने के लिये कहा है। इस मामले में के.के. गुप्ता तथा चार अन्य याचिकाकर्ताओं ने जे.वी.वी.एन.एल. के खिलाफ याचिका दायर की थी। जिस पर सुनवाई करते हुए न्यायाधीश समीर जैन ने 3 अप्रेल को यह आदेश पारित किया है। शुक्रवार को हाईकोर्ट की कॉज लिस्ट में इस संबंध में नोटिस भी दिया गया है।

जैसा कि विदित है कि जयपुर विद्युत वितरण निगम तथा अन्य सरकारी निगमों, जिनमें सरकार की 100 प्रतिशत भागीदारी होती है और यह निगम पूर्णतया आमजन को सेवाएं मुहैया कराने का काम करते हैं, परंतु उनके कर्मचारियों को सरकारी कर्मचारी नहीं माना जाता और वे राजस्थान सिविल सर्विसेज अपीलेट ट्रिब्यूनल (रैट) के समक्ष अपनी सेवाओं से संबंधित मामले नहीं दायर कर सकते। गौरतलब है कि उक्त सभी निगमों को सुप्रीम कोर्ट के 1979 में दिये गये फैसले के अनुसार संविधान के अनुच्छेद 12 के अन्तर्गत 'स्टेट' (राज्य) की परिभाषा में गिना जाता है, यानि सभी सरकारी निगम, कंपनी, विश्वविद्यालय व स्कूल को राज्य की परिभाषा में ही गिना जाता है और इन संस्थानों के द्वारा किसी भी व्यक्ति विशेष के विधिक या मूल अधिकारों को बाधित किया जाता है, तो इन संस्थानों के खिलाफ वह व्यक्ति हाईकोर्ट के समक्ष रिट याचिका दायर कर राहत की गुहार कर सकता है।

यहां यह भी उल्लेखनीय है कि राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम, खाद्य निगम और नगर निगम को स्वायत्तशासी संस्था माना जाता है, परंतु इन संस्थाओं/कंपनियों को संचालित करने के लिये आई.ए.एस.या आर.ए.एस. अफसरों को प्रतिनियुक्त किया जाता है। गौरतलब है कि क्योंकि यह संस्थान विभाग की श्रेणी में नहीं आते, इन संस्थाओं में प्रतिनियुक्त अफसरों को विभाग में कार्यरत होने के दौरान मिलने वाले वेतन व अन्य सुविधाओं में कटौती होती है। परंतु इनमें कार्यरत वरिष्ठ अधिकारियों पर विभागों में कार्यरत अधिकारियों से ज्यादा कार्यभार होने के वाबजूद वे रैट में अपनी सेवाओं से संबंधित मामले दायर नहीं कर सकते, क्योंकि रैट के नियम इन्हें ऐसा करने से रोकते हैं।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2023 में इसी संबंध में अनिल पारीक द्वारा दायर की गई अपील में हाईकोर्ट की खंडपीठ ने यह आदेश दिये थे कि निगमों के कर्मचारी सरकारी कर्मचारी नहीं होते हैं। कर्मचारियों के सेवाओं से संबंधित मामलों में विशेषज्ञता रखने वाले अधिवक्ता तनवीर अहमद ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा रमन्ना दयानंद शेट्टी बनाम इंटरनेशनल एयरपोर्ट ऑथोरिटी ऑफ इंडिया के मामले में 1979 में दिये गये फैसले के अनुसार सरकारी कंपनी भी अनुच्छेद 12 के अन्तर्गत राज्य की परिभाषा में ही आती है। इस फैसले ने निगमों के कर्मचारियों के दर्जे के संबंध में अंतर्विरोध की स्थिति उत्पन्न की है।

## 'नोटा को बहुमत मिला तो नया चुनाव हो'

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 26 अप्रेल। सुप्रीम कोर्ट ने एक याचिका के संदर्भ में चुनाव आयोग को नोटिस जारी किया है। याचिका में अनुरोध किया गया था कि वोटिंग मशीन में यदि ''नन ऑफ द अबोव'' (एन.ओ.टी.ए.) अर्थात ''नोटा'' ऑप्शन बहुमत में आता है तो नए सिरे से चुनाव करवाए जाएं।

- सुप्रीम कोर्ट ने उपरोक्त मांग के सम्बंध में दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए चुनाव आयोग को नोटिस भेजा।

याचिका में यह मांग भी की गई कि ऐसे नियम बनाए जाएं कि नोटा से कम वोट प्राप्त करने वाले उम्मीदवार को अगले पांच साल के लिए कोई भी चुनाव लड़ने से वंचित कर दिया जाए।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# दूसरे चरण में राजस्थान की 13 लोकसभा सीटों पर 64.60 प्रतिशत मतदान हुआ

## जबकि वर्ष 2019 में इन्हीं सीटों पर 68.42 प्रतिशत वोटिंग हुई थी

- सबसे ज्यादा 74.25 प्रतिशत मतदान बाड़मेर में दर्ज हुआ, यहां वर्ष 2019 में 73.30 प्रतिशत वोटिंग हुई थी।
- कोटा में भी इस बार मतदान प्रतिशत बढ़ा है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में यहां 70.22 प्रतिशत मतदान हुआ था, पर इस बार 71.42 प्रतिशत वोटिंग हुई।
- प्रदेश की 13 लोकसभा सीटों में 28,758 पोलिंग बूथ बनाए गए थे।
- 19 अप्रैल को हुए पहले चरण में 58.28 प्रतिशत और दूसरे चरण में 64.60 प्रतिशत मतदान हुआ। इस हिसाब से प्रदेश की 25 लोकसभा सीटों पर 61.60 प्रतिशत मतदान हुआ है।

| लोकसभा क्षेत्र | वर्ष 2024 | वर्ष 2019 |
|---|---|---|
| टोंक-सवाईमाधोपुर | 56.55 % | 63.44 % |
| अजमेर | 59.22 % | 67.32 % |
| पाली | 56.80 % | 62.98 % |
| जोधपुर | 63.30 % | 68.89 % |
| बाड़मेर | 73.68 % | 74.25 % |
| जालौर | 62.28 % | 65.74 % |
| उदयपुर | 64.01 % | 70.32 % |
| बांसवाड़ा | 72.24 % | 72.90 % |
| चित्तौड़गढ़ | 67.83 % | 72.39 % |
| राजसमंद | 58.01 % | 64.87 % |
| कोटा | 70.82 % | 70.22 % |
| भीलवाड़ा | 60.10 % | 65.64 % |
| झालावाड़-बारां | 68.72 % | 71.96 % |

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर, 26 अप्रेल । लोकसभा चुनाव 2024 के द्वितीय चरण में राजस्थान के 13 निर्वाचन क्षेत्रों में शुक्रवार को 64.60 प्रतिशत मतदान हुआ। वर्ष 2019 में इन क्षेत्रों में 68.42 प्रतिशत मतदान हुआ था। टोंक-सवाई माधोपुर, अजमेर, पाली, जोधपुर, बाड़मेर, जालोर, उदयपुर, बासंवाड़ा, चितौड़गढ़, राजसमंद, भीलवाड़ा, कोटा और झालावाड़-बारां लोकसभा सीट पर शुक्रवार सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान हुआ। इसमें ई.वी.एम. के जरिए 64.11 फीसदी वोट डले, जबकि पोस्टल बैलेट के माध्यम 0.49 प्रतिशत मतदान हुआ।

उपरोक्त 13 निर्वाचन क्षेत्रों में 28 हजार 758 मतदान केन्द्र बनाए गए थे, जिन पर नव विवाहित जोड़ों, दिव्यांग, थर्ड जेंडर, आदिवासियों, वृद्धों और युवाओं ने उत्साहपूर्वक वोट डाले। प्रदेश के सभी 25 लोकसभा क्षेत्रों के लिए 4 जून को मतगणना की जायेगी। ज्ञात रहे कि प्रदेश की 12 लोकसभा सीटों पर प्रथम चरण में 19 अप्रैल को मतदान हुआ था, जिसमें 58.28 प्रतिशत वोटिंग हुई थी। अगर दोनों चरणों में 25 सीटों पर हुए मतदान का कुल प्रतिशत देखा जाए तो यह करीब 61.60 फीसदी दर्ज हुआ है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि, दूसरे चरण वाले 13 लोकसभा क्षेत्रों में 64.6 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है। इसमें पोस्टल बैलेट के माध्यम से किया गया 0.49 प्रतिशत मतदान भी शामिल है। पोलिंग से जुड़े दस्तावेजों की जांच के बाद 27 अप्रैल तक ही मतदान प्रतिशत के अंतिम आंकड़े प्राप्त हो सकेंगे। उन्होंने बताया कि, शाम 6 बजे तक भी कई मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की लंबी कतारें लगी थीं। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के मतदान केंद्रों पर सुबह 7 बजे से मतदाता बड़ी संख्या में अपने मताधिकार का प्रयोग करने पहुंचने लगे। दिनभर मतदान केंद्रों पर हंसते-मुस्कराते, उत्साह से लबरेज मतदाताओं का तांता लगा रहा। प्रदेश के सभी लोकसभा क्षेत्रों के लिए 4 जून को मतगणना होगी।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## बालेन्दु और अमीन खान कांग्रेस से निष्कासित

जयपुर 26 अप्रेल । राजस्थान प्रदेश कांग्रेस ने पार्टी के लोकसभा उम्मीदवारों की शिकायत के आधार पर पूर्व विधायक अमीन खान और प्रदेश कांग्रेस के पूर्व सचिव बालेंदु सिंह शेखावत को पार्टी से 6 साल के लिए निष्कासित कर दिया है।

- जालौर-सिरोही के प्रत्याशी की शिकायत पर बालेन्दु शेखावत और बाड़मेर-जैसलमेर सीट के प्रत्याशी उम्मेदराम की शिकायत पर अमीन खान को निष्कासित किया गया है। बालेन्दु पूर्व स्पीकर दीपेन्द्र सिंह शेखावत के पुत्र हैं।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस ने जालौर सिरोही से उम्मीदवार वैभव गहलोत की

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

**निरंतर विकास जीवन का एक नियम है। और जो भी व्यक्ति खुद को सही दिखाने के लिए अपनी रूढ़िवादिता को बरकरार रखने की कोशिश करता है वो खुद को एक गलत स्थिति में पंहुचा देता है। –महात्मा गांधी**

# कोमल मन को गुस्सेल बनाता स्मार्टफोन

तस्वीर का भयावह पक्ष यह भी है कि एक–दूसरे से तत्काल संवाद कायम करने का माध्यम स्मार्टफोन, सोशियल मीडिया और इंटरनेट पर परोसी जाने वाली सामग्री का सर्वाधिक दुष्प्रभाव बालक मन पर पड़ रहा है। तकनीक का इस तरह का दुष्प्रभाव संभवत: इतिहास में भी पहले कभी नहीं रहा है। दरअसल आज हम हर समस्या का समाधान स्मार्टफोन और इंटरनेट को मानने लगे हैं। बच्चा रो रहा है या किसी बात के लिए जिद कर रहा है या चिड़चिड़ा हो रहा है तो माताएं या परिवार के कोई भी सदस्य बच्चें को चुप कराने या मनबहलाव और खास यह कि बच्चे को व्यस्त रखने के लिए मोबाइल संभला देते हैं। जबकि मोबाइल के दुष्प्रभाव हमारे सामने आने लगे हैं।

अमेरिका में पिछले दिनों हुए एक सर्वे में सामने आया कि मोबाइल फोन, टेबलेट, वीडियो गेम या अन्य इस तरह के साधन के उपयोग से बच्चे गुस्सेल होते जा रहे हैं। बच्चों द्वारा स्कूल में गोलीबारी सहित एक–दूसरे से मारामारी–हाथापाई व इस तरह की घटनाएं आम होती जा रही है। मारधाड़, हमेशा गुस्से में रहने, तनाव में रहने और जिद्दी होना आज आम होता जा रहा है। दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में हुए एक अध्ययन में भी साफ हो गया है कि शहरी बच्चें, गेमिंग, सोशियल मीडिया और ओटीटी प्लेटफार्म के आदी होते जा रहे हैं। इसका परिणाम यह होता जा रहा है कि बालक मन संवेदनहीन होता जा रहा है। हमेशा तनाव, डिप्रेशन, आक्रामकता, गुस्सेल आदि आम है। ऐसे में मनोविज्ञानियों के सामने नई चुनौती आ जाती है। खास बात यह है कि यह असर कमोबेस लड़कों और लडकियों दोनों में ही समान रुप से देखा जा रहा है। यह भी साफ है कि यह कोई हमारे देश की समस्या हो, ऐसा भी नहीं हैं अपितु दुनिया के लगभग सभी देशों में यही हो रहा है। अमेरिका में किये गये एक अध्ययन में भी यही उभर कर आया है।

दरअसल आज के दौर हमें चाहे बच्चे हो या बड़े सभी को एकाकी बनाता जा रहा है। सोशियल मीडिया पर आये दिन इस तरह की तस्वीर देखने को मिल जाएगी जिसमें ड्राइंग रुम में तो परिवार के लगभग सभी सदस्य बैठे हैं पर उनके बीच किसी तरह के संवाद की बात करना ही बेमानी होगा। सभी अपने–अपने स्थान पर अपने मोबाईल फोन से बतियाते मिलेंगे। बतियाते का मतलब साफ है कि कोई गेमिंग कर रहा होगा तो कोई इंस्टाग्राम, फेसबुक, वाट्सएप या इसी तरह के किसी दूसरे एप पर व्यस्त होगा। सवाल साफ है कि जो हम देखेंगे उसमें हमें पसंद भी वो ही आएगी जो अधिक ग्लेमरस होगी और यही कारण है कि गेमिंग, चेटिंग या फिर रील्स बनाने देखने में व्यस्त होंगे। यह हम अच्छी तरह से जानते हैं कि सोशियल मीडिया की सामग्री की विश्वसनीयता हमेशा संदेह के घेरे में रही है। इसके साथ ही गेमिंग जहां बच्चों बड़ों को लालच दिखाकर एक तरह से जुआरी बना रही हैं वहीं कुछ गेम तो इस कदर हानिकारक रहे हैं कि उन्हें फालों करते–करते बच्चों को अपने जीवन से हाथ धोना पड़ा है। इसके साथ ही सोशियल मीडया, ओटीटी व गेमिंग के साथ ही गूगल बाबा सहित खोजी चैनलों, डिजिटल प्लेटफार्म खोजी सामग्री तो कोई समाचार देखते देखते ही कितने तरह के विज्ञापन सामने आ जाते हैं उनमें लगभग प्रोन जैसी सामग्री होने के बावजूद मजे से परोसी जाती रहती है और उसे बेन करने या सेंसर करने का कोई सिस्टम नहीं होने से उसका दुष्प्रभाव साफ देखा जाता है। भले ही सरकार द्वारा इस तरह के चैनलों, प्लेटफार्म, एप आदि पर रोक लगाने के लाख दावें किये जाते हो पर साफतौर से इस तरह की सामग्री आम है। इसके साथ ही इन प्लेटफार्मों पर परोसी जाने वाली सामग्री बच्चों तक नहीं पहुंचे या बालमन पर को प्रदूषित नही करें, इसकी कोई व्यवस्था नहीं होती है। जब इन प्लेटफार्मों पर हिंसा, यौन सामग्री, गेमिंग, संवेदनहीनता, तनाव, आत्महत्या या बदले की भावना प्रेरित करने वाली सामग्री परोसी जाएगी तो उसका प्रभाव बालमन ही क्या जो भी देखने वाला है उस पर पड़ने से नकारा नहीं जा सकता। दरअसल यह विश्वव्यापी समस्या हो गई है और इसका समाधान समय रहते नहीं खोजा गया तो इसके जो दुष्परिणाम आएंगे व आने लगे हैं वे समाज के लिए भयावह होंगे, इस खतरे को समझना होगा।

**जब इन प्लेटफार्मों पर हिंसा, यौन सामग्री, गेमिंग, संवेदनहीनता, तनाव, आत्महत्या या बदले की भावना प्रेरित करने वाली सामग्री परोसी जाएगी तो उसका प्रभाव बालमन ही क्या जो भी देखने वाला है उस पर पड़ने से नकारा नहीं जा सकता। दरअसल यह विश्वव्यापी समस्या हो गई है और इसका समाधान समय रहते नहीं खोजा गया तो इसके जो दुष्परिणाम आएंगे व आने लगे हैं वे समाज के लिए भयावह होंगे, इस खतरे को समझना होगा।**

इसमें कोई दो राय नहीं कि विकास समाज की आवश्यकता है। प्लेटफार्मों पर चाइल्ड लोक की बात भी की जाती है पर चाइल्ड लोक कितना कारगर है यह हम सब अच्छी तरह से जान और समझ सकते हैं। मजे की बात तो यह है कि मोबाइल फोन, टेब, कम्प्यूटर, सोशियल मीडिया प्लेटफार्म आदि के फीचर्स व उपयोग का तरीका बड़ों से ज्यादा बच्चों को आता है। यहां तक कि प्ले ग्रुप के बच्चें को भी यह जानकारियां होने लगी है। ऐसे में इन पर परोसी जाने वाली सामग्री को सेंसर करने या इससे बच्चों और बालपन को दूर रखने की बात बेमानी होती जा रही है। समाज विज्ञानियों, मनोविश्लेषकों, चिकित्सकों यहां तक शिक्षाविद्ों के सामने यह गंभीर चिंतनीय चुनौती सामने आ रही है। आज बच्चे के सामने दो विकल्प एक मोबाइल फोन या सोशियल मीडिया पर सफरिंग और दूसरा परिवार के साथ गप्पे लड़ाना या आउटडोर गेम्स जैसा विकल्प होगा तो बच्चे की पहली पसंद मोबाइल फोन व सोशियल मीडिया पर सफरिंग ही होती जा रही है। यह कोई अतिशयोक्ति नहीं है और दूसरा यह कि गरीब हो या अमीर सभी घर–परिवारों के हालात लगभग यही है।

दरअसल आज समय के बदलाव को इस तरह से समझा जा सकता है कि तीन से चार दशक पहले मोहल्ले में एक फोन होता था, ट्रंक काल में तो घंटों प्रतीक्षा करनी पड़ती थी, वहीं फिर एसटीडी का युग आया और एसटीडी बूथों का अंबार लग गया उसके बाद पेजर युग को अलग कर भी दिया जाये तो मोबाइल युग ने घर–घर ही नहीं अपितु परिवार के लगभग सभी सदस्यों तक पहुंच बना ली है। ऐसे में इसके लाभ के साथ ही साइड इफेक्ट जो हमारे सामने आ रहे हैं उनका समाधान खोजना भी सबका दायित्व हो जाता है। बच्चे को चुप कराने से लेकर उसे व्यस्त रखने तक के लिए मोबाइल की घुट्टी पिलाई जाने लगी है और लोरी की जगह मोबाइल ने ले ली है तो फिर हमें बालमन पर इसके पड़ रहे दुष्प्रभाव से दो–चार होने के लिए तैयार रहना होगा। देखा जाए तो पूरा सामाजिक ताना–बाना ही बदल गया है। एकल परिवार, आने वाले समय में चाचा–चाची, मौसा मौसी या इसी तरह के रिश्तों की तलाश आदि सामने आने लगी है। शादी विवाह आदि पारिवारिक फंक्शन तक अब औपचारिक होते जा रहे हैं। बारात के समय पहुंचना, खाना खाना, लिफाफा थमाना तक रिश्ते सीमित हो गए हैं। ऐसे में समाज के सामने गंभीर समस्याएं आती जा रही है। ऐसे में मोबाइल या सोशियल मीडिया प्लेटफार्म आने वाली पीढ़ी को कहां ले जाएंगे यह भयावह तस्वीर कल्पना में नहीं अपितु हमारे सामने आती जा रही है। समय रहते विकास और विनास के बीच कोई रास्ता तलाशना ही होगा।

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ.राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**
**( वरिष्ठ लेखक )**

# तिलक.... एक अलौकिक अनुभूति



**अविनाश जोशी**

हिंदू मान्यताओं के अनुसार मस्तक पर तिलक लगाने से माना जाता है कि सभी देवी देवताओं की कृपा प्राप्त होती है. तिलक लगाने के बारे में यह भी कहा गया है कि इससे व्यक्ति का मन और मस्तिष्क शांत रहता है, जो भी व्यक्ति मस्तिष्क पर तिलक लगाता है, उसके ऊपर नकारात्मक शक्तियां कभी हावी नहीं होती हैं। तिलक लगाने की परंपरा कब से और कैसे शुरू हुई यह बताना थोड़ा कठिन है, लेकिन यह परंपरा भारत में प्राचीनकाल से ही चली आ रही है। किसी आयोजन में आने वाले व्यक्ति का स्वागत–सत्कार तिलक लगाकर ही करते हैं। विवाहित स्त्री अपने मस्तक पर कुंकुम का तिलक धारण करती है। शादी–विवाह या किसी मांगलिक कार्य में बहन–बेटी या महिलाएं एक दूसरे का स्वागत हल्दी कुंकुम लगाकर करती है। पूजा और भक्ति का एक प्रमुख अंग तिलक है। भारतीय संस्कृति में पूजा–अर्चना, संस्कार विधि, मंगल कार्य, यात्रा गमन, शुभ कार्यों के प्रारंभ में माथे पर तिलक लगाकर उसे अक्षत से विभूषित किया जाता है। तिलक केवल एक सांस्कृतिक प्रथा नहीं है; यह एक आध्यात्मिक संकेत के रूप में कार्य करता है, जो तीसरी आंख या आज्ञा चक्र का प्रतिनिधित्व करता है। ऐसा माना जाता है कि यह पवित्र चिह्न हमारी आध्यात्मिक चेतना को जागृत करता है और अनुष्ठानों, प्रार्थनाओं और ध्यान के दौरान दिव्य ऊर्जाओं के साथ संबंध को बढ़ावा देता है।

वैज्ञानिक दृष्टिकोण से चंदन का तिलक लगाने से दिमाग में शांति, तरावट एवं शीतलता बनी रहती है। मस्तिष्क में सेराटोनिन व बीटाएंडोरफिन नामक रसायनों का संतुलन होता है। मेघाशक्ति बढ़ती है तथा मानसिक थकावट विकार नहीं होता। मस्तिष्क के भ्रु–मध्य ललाट में जिस स्थान पर टीका या तिलक लगाया जाता है यह भाग आज्ञाचक्र है ।

तिलक लगाने के 12 स्थान हैं। सिर, ललाट, कंठ, हृदय, दोनों बाहुं, बाहुमूल, नाभि, पीठ, दोनों बगल में, इस प्रकार बारह स्थानों पर तिलक करने का विधान है। मस्तक पर तिलक जहां लगाया जाता है वहां आत्मा अर्थात हम स्वयं स्थित होते हैं। तिलक मस्तक पर दोनों भौंहों के बीच नासिका के ऊपर प्रारंभिक स्थल पर लगाए जाते हैं जो हमारे चिंतन–मनन का भी स्थान है।

यह स्थान चेतन–अवचेतन अवस्था में भी जागृत एवं सक्रिय रहता है, इसे आज्ञा–चक्र भी कहते हैं। इन दोनों के संगम बिंदु पर स्थित चक्र को निर्मल, विवेकशील, ऊर्जावान, जागृत रखने के साथ ही तनावमुक्त रहने हेतु ही तिलक लगाया जाता है। इस बिंदु पर यदि सौभाग्यसूचक द्रव्य जैसे चंदन, केशर, कुमकुम आदि का तिलक लगाने से सात्विक एवं तेजपूर्ण होकर आत्मविश्वास में अभूतपूर्ण वृद्धि होती है, मन में निर्मलता, शांति एवं संयम में वृद्धि होती है।

ललाट पर तिलक धारण करने से मस्तिष्क को शांति और शीतलता मिलती है तथा बीटाएंडोरफिन और सेराटोनिन नामक रसायनों का स्त्राव संतुलित मात्रा में होने लगता है। इन रसायनों की कमी से उदासीनता और निराशा के भाव पनपने लगते हैं अत: तिलक उदासीनता और निराशा से मुक्ति प्रदान करने में सहायक है। विभिन्न द्रव्यों से बने तिलक की उपयोगिता और महत्व अलग–अलग हैं। अनामिका अंगुली से तिलक करने से मन और मस्तिष्क को शांति मिलती है, मध्यमा से आयु बढ़ाती है, अंगूठे से तिलक करना पुष्टिदायक कहा गया है और तर्जनी से तिलक करने पर मोक्ष मिलता है।

विष्णु संहिता के अनुसार देव कार्य में अनामिका, पितृ कार्य में मध्यमा, ऋषि कार्य में कनिष्ठिका तथा तांत्रिक कार्यों में प्रथमा अंगुली का प्रयोग होता है। मान्यता है कि विष्णु आदि देवताओं की पूजा में पीत चंदन, गणेश पूजा में हरिद्रा चंदन, पितृ कार्यों में रक्त चंदन, शिव पूजा में भस्म, ऋषि पूजा में श्वेत चंदन, मानव पूजा में केसर और चंदन, लक्ष्मी पूजा में केसर एवं तांत्रिक कार्यों में सिंदूर का प्रयोग तिलक के लिए करना चाहिए।

**तिलक कई प्रकार के होते हैं:–** मृतिका, भस्म, चंदन, रोली, केसर, सिंदूर, कुंकुम, गोपी आदि। सनातन धर्म में शैव, शाक्त, वैष्णव और अन्य मतों के अलग–अलग तिलक होते हैं। तिलक केवल एक तरह से नहीं लगाया जाता। हिंदू धर्म में जितने संतों के मत हैं, जितने पंथ है, संप्रदाय हैं उन सबके अपने अलग–अलग तिलक होते हैं।

शैव परंपरा में ललाट पर चंदन की आड़ी रेखा या त्रिपुंड लगाया जाता है। शाक्त सिंदूर का तिलक लगाते हैं। सिंदूर उठाता का प्रतीक है। यह साधक की शक्ति या तेज बढ़ाने में सहायक माना जाता है। वैष्णव परंपरा में चौंसठ प्रकार के तिलक बताए गए हैं। इनमें प्रमुख हैं–लालश्री तिलक–इसमें आसपास चंदन की व बीच में कुंकुम या हल्दी की खड़ी रेखा बनी होती है। विष्णुस्वामी तिलक यह तिलक माथे पर दो चौड़ी खड़ी रेखाओं से बनता है। यह तिलक संकरा होते हुए भौंहों के बीच तक आता है। रामानंद तिलक विष्णुस्वामी तिलक के बीच में कुंकुम से खड़ी रेखा देने से रामानंदी तिलक बनता है। श्यामश्री तिलक इसे कृष्ण उपासक वैष्णव लगाते हैं। इसमें आसपास गोपीचंदन की तथा बीच में काले रंग की मोटी खड़ी रेखा होती है। अन्य तिलक गाणपत्य, तांत्रिक, कापालिक आदि के भिन्न तिलक होते हैं। कई साधु व संन्यासी भस्म का तिलक लगाते हैं।

चंदन का तिलक लगाने से पापों का नाश होता है। कुमकुम का तिलक तेजस्विता प्रदान करता है।विशुद्ध मिट्टी के तिलक से बुद्धि–वृद्धि और पुण्य फल की प्राप्ति होती है। केसर का तिलक लगाने से सात्विक गुणों और सदाचार की भावना बढ़ती है। इससे बृहस्पति ग्रह का बल भी बढ़ जाता है और भाग्यवृद्धि होती है। दही का तिलक लगाने से चंद्र बल बढ़ता है और मन–मस्तिष्क में शीतलता प्रदान होती है। इत्र कई प्रकार के होते हैं। अलग–अलग इत्र के अलग–अलग फायदे होते हैं। इत्र का तिलक लगाने से शुक्र बल बढ़ता हैं और व्यक्ति के मन–मस्तिष्क में शांति और प्रसन्नता रहती है।

**अष्टगन्ध में आठ पदार्थ होते हैं–** कुंकुम, अगर, कस्तुरी, चन्द्रभाग, त्रिपुरा, गोरोचन, तमाल, जल आदि। पंचगंध में गोरोचन, चंदन, केसर, कस्तूरी और देशी कपूर मिलाया जाता है। गंधत्रय में सिंदूर, हल्दी और कुमकुम मिलाया जाता है। यक्षकर्दम में अगर, केसर, कपूर, कस्तूरी, चंदन, गोरोचन, हिंगुल, रतांजनी, अम्बर, स्वर्णपत्र, मिर्च और कंकोल सम्मिलित होते हैं।

वल्लभ परंपरा, या रुद्र संप्रदाय में लगाए जाने वाला तिलक एक दोहरी खड़ी लाल रेखा होती है जो आधार पर गोल होती है । यह 'यू' आकार कृष्ण के कमल पैरों का प्रतिनिधित्व करता है। उनके तिलक बनाने के लिए उपयोग की जाने वाली सामग्री केसर के पौधों से प्राप्त होती है।

ज्यादातर लोग केवल माथे पर ही तिलक लगाते हैं लेकिन हिन्दू परंपरा में सिर, मस्तक, गले, हृदय, दोनों बाजू, नाभि, पीठ, दोनों बगल आदि मिलाकर शरीर के कुल 12 स्थानों पर तिलक लगाने का विधान बताया गया है।

**–अविनाश जोशी,**
**स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक**

# बच्चों के मस्तिष्क को कमजोर बना रहा है वायु प्रदूषण

क्या आप जानते है कि वायु प्रदूषण का संपर्क आपके बच्चों को दिमागी तौर पर कमजोर बना रहा है। इससे उनकी बौद्धिक और ध्यान लगाने की क्षमता प्रभावित हो रही है। इस बारे में की गई एक नई रिसर्च से पता चला है कि जीवन के शुरूआती दो वर्षों में नाइट्रोजन डाइऑक्साइड का संपर्क बच्चों में ध्यान लगाने की क्षमता को प्रभावित कर सकता है। यह अध्ययन बार्सिलोना इंस्टीट्यूट फॉर ग्लोबल हेल्थ से जुड़े शोधकर्ताओं द्वारा किया गया है, जिसके नतीजे जर्नल एनवायरनमेंट इंटरनेशनल में प्रकाशित हुए हैं। इस रिसर्च के मुताबिक खासकर गर्भावस्था और बचपन के शुरूआती वर्षों के दौरान दूषित हवा में सांस लेने से मस्तिष्क के विकास पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। अध्ययन के मुताबिक जो बच्चे जीवन के शुरूआती दो वर्षों के दौरान नाइट्रोजन डाइऑक्साइड (एनओ2) के संपर्क में आते हैं, उनके लिए आगे चलकर चार से आठ वर्ष की आयु में ध्यान देना कठिन हो सकता है। यह प्रभाव विशेष रूप से लड़कों में कहीं ज्यादा स्पष्ट थे।

नाइट्रोजन डाइऑक्साइड प्रदूषण का एक महत्वपूर्ण घटक है जो परिवहन यानी कारों और ट्रकों से होने वाले प्रदूषण से आता है। रिसर्च में यह भी सामने आया है कि चार से छह वर्ष की आयु के जो बच्चे कहीं ज्यादा नाइट्रोजन डाइऑक्साइड प्रदूषण की संपर्क में थे, उन्हें ध्यान देने में परेशानी हुई थी। इसी तरह यह प्रभाव तब तक देखा गया जबतक कि उनकी आयु छह से आठ वर्ष नहीं हो गई थी। हालांकि जीवन के शुरूआती दो वर्षों में इसका प्रभाव कहीं ज्यादा था।

यह अध्ययन स्पेन के चार क्षेत्रों में 1703 महिलाओं और उनके बच्चों के बारे में प्राप्त जानकारी पर आधारित है। इनके बारे में आंकड़े वहां चल रहे एक प्रोजेक्ट के जरिए जुटाए गए थे। गर्भावस्था और जीवन के शुरूआती छह वर्षों के दौरान यह बच्चे कितने नाइट्रोजन डाइऑक्साइड के संपर्क में थे, अध्ययन के दौरान शोधकर्ताओं ने इस बारे में जानकारी एकत्र की थी।

इसके साथ ही शोधकर्ताओं ने कंप्यूटरीकृत परीक्षणों की मदद से चार से छह और छह से आठ आयु वर्ग के बच्चों में ध्यान देने की क्षमता की भी जांच की है। इस जांच में यह देखा गया कि किस पर ध्यान देना है और किस पर नहीं, बच्चों में यह चुनने की क्षमता कितनी परिपक्व थी। इसी तरह जब बच्चे छह से आठ वर्ष के थे तो शोधकर्ताओं ने उनके ध्यान रखने की क्षमता का परीक्षण किया था, ताकि यह पता चल सके कि वो अस्थाई रूप से जानकारी कितनी देर तक याद रख सकते हैं। शोधकर्ताओं ने अपने पिछले अध्ययन में जानकारी दी थी कि गर्भावस्था और जीवन के शुरूआती वर्षों के दौरान नाइट्रोजन डाइऑक्साइड के संपर्क में आने से चार से पांच वर्ष की आयु में बच्चों का ध्यान प्रभावित हो सकता है। नए अध्ययन से पता चला है कि 1.3 से डेढ़ वर्ष की आयु के बीच कहीं ज्यादा नाइट्रोजन डाइऑक्साइड (एनओ2) के संपर्क में आने वाले बच्चों ने चार से छह वर्ष की आयु में ध्यान लगाने को लेकर किए परीक्षणों के दौरान प्रतिक्रिया करने में अधिक समय लिया था।

वहीं 1.5 से 2.2 वर्ष की आयु के बीच कहीं ज्यादा एनओ2 के संपर्क में आने से इन परीक्षणों में अधिक गलतियां या चूक हुई थी। इसी तरह 0.3 से 2.2 वर्ष की आयु के बीच जो लड़के एनओ2 के संपर्क में आए थे वो छह से आठ वर्ष की आयु में लगातार प्रतिक्रिया करने में धीमे थे। हालांकि छह से आठ वर्ष के की आयु के वो बच्चों जो नाइट्रोजन डाइऑक्साइड के गंभीर स्तर में संपर्क आए थे, उनकी कार्यशील स्मृति के बीच कोई संबंध नहीं पाया गया ।

अध्ययन से जुड़ी शोधकर्ता ऐनी–क्लेयर बिंटर की ओर से प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार यातायात–संबंधी बढ़ता प्रदूषण बच्चों की ध्यान लगाने की क्षमता में होते विकास को धीमा कर सकता है। बिंटर के अनुसार प्रीफ्रंटल कॉर्टेक्स इन्हीं कार्यकारी कार्यों को अंजाम देने वाला मस्तिष्क का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होता है। जो बहुत धीरे–धीरे विकसित होता है और गर्भावस्था से जीवन के शुरूआती वर्षों के दौरान भी परिपक्व हो रहा होता है। जो इसे वायु प्रदूषण के संपर्क में आने के प्रति संवेदनशील बनाता है। इससे सूजन और ऊर्जा उपयोग करने में परेशानी जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

इस अध्ययन के मुताबिक कम उम्र में प्रदूषण का संपर्क बच्चों में आगे चलकर 12 साल का होने के बाद असर डालता है। इस रिसर्च के मुताबिक जो बच्चे जन्म के समय अधिक प्रदूषित इलाकों में रहते हैं, उनके दिमाग में ठो मैटर और कॉर्टिकल की मोटाई सामान्य बच्चों से कम होती है।

**प्रदूषण की गिरफ्त में है भारत की सौ फीसदी आबादी**

वैश्विक स्तर पर देखें तो वायु प्रदूषण आज एक बड़ी समस्या बन चुका है। इसकी पुष्टि विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) द्वारा जारी आंकड़ें भी करते हैं। आज दुनिया की 99 फीसदी आबादी ऐसी हवा में सांस लेने को मजबूर है, जहां वायु प्रदूषण का स्तर डब्लूएचओ द्वारा तय मानकों से कहीं ज्यादा है। भारत जैसे देशों में तो यह समस्या कहीं ज्यादा गंभीर रूप ले चुकी है। देश का आज हर इंसान ऐसी हवा में सांस ले रहा है जो उसके स्वास्थ्य के लिहाज से सुरक्षित नहीं कही जा सकती। इसका असर न केवल लोगों के शारीरिक बल्कि मानसिक स्वास्थ्य पर भी पड़ रहा है। इतना ही नहीं यह प्रदूषण जीवन की गुणवत्ता पर भी असर डाल रह है।

आंकड़ों के मुताबिक आज देश की 67 फीसदी से अधिक आबादी ऐसी हवा में सांस लेने को मजबूर है, जहां प्रदूषण का स्तर भारत के स्वयं के राष्ट्रीय वायु गुणवत्ता मानक (40 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर) से ज्यादा है। ऐसे में भले ही यह अध्ययन स्पेन में बच्चों पर किया गया है, लेकिन इसके नतीजे दर्शाते हैं कि वायु प्रदूषण भारत जैसे देशों में भी बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर गहरा असर डाल रहा है, जो कहीं न कहीं उन्हें मानसिक रूप से कमजोर बना रहा है। ऐसे में देश में बढ़ते प्रदूषण की समस्या को जल्द से जल्द हल करना न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के नजरिए से भी बेहद महत्वपूर्ण है।

**–राम शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार**

# बीकानेर केन्द्रीय कारागार में चलाया जा रहा है शिक्षा कार्यक्रम

**बीकानेर,** (निसं)। यहां केन्द्रीय कारागार में बंद सजायाफ्ता बंदी अपने जीवन के अंधेरे को शिक्षा की रोशनी से दूर करने की कोशिश कर रहे हैं। अपराधियों के भविष्य को संवारने के लिए इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के तहत शिक्षा कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य यह है कि अपराधी जेल में बिताए समय का सदुपयोग कर सकें। वर्तमान में 60 बंदी अध्ययनरत हैं। इनमें एक बंदी ऐसा भी है, जो साइबर लॉ में डिप्लोमा हासिल कर चुका है। अब वह दूसरे बंदियों को पढ़ा रहा है। प्रदेश में बंदियों को शिक्षित करने के मामले में जोधपुर जोन में बीकानेर की स्थिति बेहतर बताई जा रही है। जेल में इग्नू के सेंटर में बंदियों के लिए 14 पाठयक्रम संचालित हैं।

वर्तमान में जेल में 60 बंदी अध्ययरनत हैं। उच्च शिक्षा में इग्नू सेंटर से 147 बंदियों के परीक्षा फॉर्म भरवाए गए हैं, जिनकी परीक्षा जून माह में होगी। इसके अलावा 117 बंदियों को इग्नू के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए प्रेरित किया गया है। छह बंदियों ने स्नातक एवं पांच बंदियों ने स्नातकोत्तर में प्रवेश लिया है। बंदियों को कारापाल सूरज नारायण सोनी, रामनिवास, उप कारापाल जयसिंह, सुभाषचन्द्र, मुख्य प्रहरी गिर्राज प्रसाद एवं कारागार में निरुद्ध सजायाफ्ता बंदी उमेश शर्मा व जितेन्द्र कुमार अध्ययन करवा रहे हैं।

**■ केन्द्रीय कारागार में वर्तमान में 60 बंदी अध्ययनरत हैं, दो बंदी जेल में रहकर अन्य बंदियों को अध्ययन करा रहे हैं**

जेल प्रबंधन के मुताबिक, वर्ष 2015 में इग्नू के माध्यम से बंदियों को शिक्षित करने की कवायद शुरू की गई थी। वर्ष 2019 तक 435 बंदियों ने डिप्लोमा व डिग्री प्राप्त कर ली थी। इसके बाद वर्ष 2020 में कोरोना के बाद से जेल में साक्षरता कार्यक्रम संचालित नहीं हुए। कुल मिलाकर नौ साल में जेल में बंद करीब 495 बंदियों ने डिप्लोमा व डिग्री प्राप्त की है। इनमें बंदी सुमन सागर साइबर लॉ, पर्यटन में पीजी, समाजसेवा में पीजी, प्रबंधन में सर्टिफिकेट कोर्स, कॉपरेटिव लॉ में पीजी डिप्लोमा, पत्रकारिता एवं जनसंचार में डिप्लोमा हासिल कर चुका है। बंदी नवनीत शर्मा ने एमबीए कर लिया है। सुमन मालीवाल, जेल अधीक्षक बीकानेर का कहना है कि जेल में बंदियों को शिक्षित करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। विभिन्न पाठ्यक्रमों में सैकड़ों बंदियों ने प्रवेश लिया है, जो अब शिक्षित होकर अपने जीवन को सुधारने में लगे हैं। दो बंदी जेल में रहकर अन्य बंदियों को अध्ययन करवा रहे हैं। बंदियों को शिक्षित होने के लिए लगातार प्रोत्साहित किया जा रहा है, ताकि वे सजा भुगतने के बाद यहां से जाकर अपने भविष्य को संवार सकें।


# किशनगढ़ बास में दुकानों पर बिक रहा पेट्रोल-डीजल

**किशनगढ़ बास,** (निसं)। शहर में इकलौता पेट्रोल पंप करीब दो साल से बंद पड़ा है। इसके चलते शहर में अवैध रूप से पेट्रोल डीजल का भंडारण कर गली मोहल्लों से लेकर शहर में दुकान–दुकान पेट्रोल डीजल बोतल में भरकर बेचे जाने लगा है। पेट्रोलियम अधिकारियों से लेकर रसद और पुलिस प्रशासन ने आंखें मूंद रखी हैं। हालांकि पिछले दिनों पुलिस ने बड़ी कार्रवाई किशनगढ़ बास के नजदीक के गांव कांकरा की एक ढाणी में अवैध रूप से केमिकल युक्त पेट्रोल डीजल के कारोबार का भंडाफोड़ कर भारी मात्रा में केमिकल पकड़ने की कार्रवाई को अंजाम दिया था।

शहर में गली मोहल्ले से लेकर दुकान दुकान पर बिकने वाले पेट्रोल डीजल की अवैध बिक्री कभी भी कोई बडी दुर्घटना को निमंत्रण दे सकती है यह बात अधिकारियों से लेकर हर कोई जानता है लेकिन फिर भी इस और किसी का ध्यान नहीं गया है। हालांकि डीएसटी टीम के खुलासा करने पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम देकर करीब 42 हजार लीटर डीजल पेट्रोल बनाने वाला केमिकल का जखीरा पकड़ा गया था। डीएसटी और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई से अवैध रूप से हरियाणा से लाकर पेट्रोल डीजल बेचने वालों में खलबली मची। परंतु विडंबना की बात है कि करीब 2 साल से किशनगढ़ बास में दुकान दुकान पर धडल्ले बेचे जा रहे पेट्रोल डीजल पर किसी अधिकारी की नजर नहीं गई है।

किशनगढ़ बास में करीब 200 से अधिक दुकानों पर डीजल पेट्रोल बोतल में भरकर बेचने का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है और कोई इनसे पूछने वाला तक नहीं है। शहर में एक इकलौता पेट्रोल पंप है जो आपसी विवाद के कारण बंद पड़ा है। शहर से करीब 2 किलोमीटर खैरथल रोड पर बास कृपाल नगर व अलवर रोड पर बंबोरा के पास पेट्रोल पंप के होने के कारण शहर की हर दसवीं दुकान पर पेट्रोल बिकने लगा है।

## राशिफल



**पंडित अनिल शर्मा**

### शनिवार 27 अप्रेल, 2024

वैशाख मास, कृष्ण पक्ष, तृतीया तिथि, शनिवार, विक्रम संवत 2081, ज्येष्ठा नक्षत्र रात्रि 4:28 तक, परिध्य योग रात्रि 3:23 तक, विष्टि करण प्रात: 8:19 तक, चन्द्रमा आज रात्रि 4:28 से धनु राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य–मेष, चन्द्रमा–वृश्चिक, मंगल–मीन, बुध–मीन, गुरू–मेष, शुक्र–मेष, शनि–कुम्भ, राहु–मीन, केतु–कन्या राशि में।

आज भद्रा प्रात: 8:14 तक रहेगी। शुक्र वृद्धत्व रात्रि 3:30 से आरम्भ होगा। आज संकष्ट चतुरथी व्रत है। चन्द्रोदय जयपुर में रात्रि 10:24 पर है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ 7:33 से 9:10 तक, चर 12:24 से 2:02 तक, लाभ–अमृत 2:02 से 5:16 तक।

**राहूकाल:** 9:00 से 10:30 तक। सूर्योदय 5:56, सूर्यास्त 6:53

**मेष**
अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। पारिवारिक कार्यों के लिए भागदौड़ रहेगी। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है।

**वृष**
परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। परिवार में सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**मिथुन**
आर्थिक मामलों से संबंधित परेशानियां दूर होने लगेगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। अस्त–व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा।

**कर्क**
परिजनों के व्यवहार के कारण परेशानी हो सकती है। आवश्यक कार्यों के संबंध में दुविधा बनी रहेगी। आपसी ईर्ष्या–वैमनस्यता के कारण परेशानी रहेगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**सिंह**
घर–गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि होगी। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। परिवार में आपसी मतभेद बढ़ सकते हैं। खान–पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

**कन्या**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे।

**तुला**
परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**वृश्चिक**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में शुभ संदेश प्राप्त होंगे। नौकरीपेशा व्यक्तियों को भागदौड़ से राहत मिलेगी।

**धनु**
घर–परिवार में अतिथियों के आगमन से दिनचर्या अस्त–व्यस्त हो सकती है। परिवार में स्वास्थ्य संबंधित परेशानी हो सकती है। घर–परिवार के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि होगी। मन में असंतोष बना रहेगा।

**मकर**
आर्थिक/वित्तिय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। व्यावसायिक सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**कुंभ**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। अटके हुए कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मीन**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। शुभ कार्यों में भाग ले सकते हैं। धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है।

# 25 लोकसभा सीटों पर 3.28 लाख मतदानकर्मी व 1.59 लाख सुरक्षाकर्मियों ने संपन्न कराया चुनाव

## निर्वाचन विभाग ने 27140 मतदान केन्द्रों की लाइव वेबकास्टिंग से रखी प्रदेश के 25 लोकसभा सीटों के चुनाव पर निगरानी

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** राजस्थान की सभी 25 लोकसभा सीटों पर दो चरणों में मतदान संपन्न हो चुका है। कुल 266 प्रत्याशियों का राजनैतिक भविष्य अब मतपेटियों में बंद है। चुनाव के नतीजे 4 जून को मतगणना पर सामने आएंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि 25 सीटों पर 3.28 लाख मतदानकर्मी व 1.59 लाख सुरक्षाकर्मियों ने शांतिपूर्ण व निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराया है।

गुप्ता ने बताया कि प्रदेशभर में 53128 मतदान केन्द्रों पर वोट डाले गए। इसमें से 27 हजार 140 बूथों पर मतदान प्रक्रिया की लाइव वेबकास्टिंग करवाई गई। दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान वाले 13 लोकसभा क्षेत्रों में 14 हजार 460 बूथों की मतदान प्रक्रिया की लाइव वेबकास्टिंग की गई। रिटर्निंग अधिकारी, जिला एवं राज्य स्तर पर और भारत निर्वाचन आयोग के स्तर पर वेबकास्टिंग की मॉनिटरिंग की गई। संवेदनशील मतदान केन्द्रों पर पर्याप्त संख्या में केन्द्रीय पुलिस बल और माइक्रो ऑब्जर्वर लगाए गए।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सभी मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं के सुविधा को ध्यान में रखते हुए रैम्प, पीने के पानी, छाया, व्हीलचेयर और बुजुर्ग मतदाताओं के लिए वाहन सहित अन्य व्यवस्थाएं की गईं। साथ ही, मतदाताओं की सहायता के लिए मतदान केंद्रों पर वॉलन्टियर्स भी तैनात किए गए। प्रदेशभर में बुजुर्गों और दिव्यांगों के लिए 30 हजार 591 पोलिंग बूथ लोकेशन पर 31 हजार 242 व्हीलचेयर उपलब्ध रही और एनएसएस, एनसीसी, स्काउट गाइड के एक लाख से अधिक वॉलन्टियर तैनात रहे।



अजमेर लोकसभा क्षेत्र के दूदू स्थित ग्रामीण मतदान केन्द्रों पर वोट डालने पहुंचे लोगों की जल समस्या भी सामने आयी। यहां सरकारी स्कूल में वोट डालने पहुंचे ग्रामीण पानी के मटके लेकर पहुंचे। इनके चेहरे पर जितना उत्साह वोट डालने को लेकर था, उससे ज्यादा पेयजल समस्या को लेकर चिंता भी थी।
फोटो-राष्ट्रदूत

- प्रदेश के 266 लोकसभा प्रत्याशियों का भविष्य मतपेटियों में बंद, सभी 25 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतगणना 4 जून को होगी
- होम वोटिंग के तहत राजस्थान में रिकॉर्ड 98.39 प्रतिशत मतदान हुआ, 2.24 लाख कार्मिकों ने पोस्टल बैलेट से वोट डाले
- सभी आयु वर्ग के मतदाताओं में दिखा सेल्फी का क्रेज, निर्वाचन विभाग ने 32 हजार 604 सर्टिफिकेट जारी किए
- एक मार्च से अब तक राजस्थान में रिकॉर्ड 919 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की नकदी, शराब, ड्रग्स व अन्य अवैध सामग्रियां जब्त की

गुप्ता ने बताया कि 85 वर्ष एवं अधिक आयु के वृद्धजन और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं के लिए आयोग की ओर से होम वोटिंग की सुविधा प्रदान की गई थी। प्रदेश में रिकॉर्ड 98.39 प्रतिशत मतदान हुआ है। सभी 25 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 73 हजार 799 वोटर्स द्वारा मतदान किया जा चुका है। इनमें 56 हजार 691 बुजुर्ग तथा 17 हजार 108 दिव्यांग मतदाता शामिल हैं। प्रदेश में 1062 मतदाताओं की मृत्यु होने तथा 1207 मतदाताओं के अनुपस्थित होने की वजह से मतदान नहीं कर सके। होम वोटिंग के तहत प्रथम चरण 98.30 प्रतिशत और द्वितीय चरण में 97.42 प्रतिशत मतदान हुआ है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि चुनाव ड्यूटी में लगे कार्मिकों, पुलिस अधिकारियों आदि द्वारा सभी जिलों में बने फेसिलिटेशन सेंटर्स पर अब तक 2 लाख 24 हजार 789 मत डाले गए। पोस्टल बैलेट और ईडीसी की सुविधा का चयन करने वाले कुल कार्मिकों में से 94 प्रतिशत ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर लिया है।

भारत निर्वाचन आयोग की पहल पर लोकतंत्र के उत्सव में युवाओं, महिलाओं और दिव्यांगों की भागीदारी के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से दोनों चरणों के मतदान के दौरान कुल 3400 विशेष मतदान केंद्र बनाए गए। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 4-4 बूथ महिलाओं और युवाओं तथा एक बूथ दिव्यांग कार्मिकों द्वारा संचालित किया गया। इस प्रकार 1600-1600 बूथ महिलाओं और युवाओं द्वारा तथा 200 मतदान केंद्र दिव्यांग कार्मिकों द्वारा संचालित किए गए।

गुप्ता ने बताया कि मतदान केंद्रों पर सेल्फी बूथ बनाए गए। युवाओं और महिलाओं सहित सभी आयुवर्ग के मतदाताओं में सेल्फी का क्रेज रहा। दोनों चरणों में 32,604 मतदाताओं ने मतदान करने के बाद सेल्फी ली और सीईओ राजस्थान की वेबसाइट पर अपलोड कर डिजिटल सर्टिफिकेट प्राप्त किया। इसके साथ ही युवा मतदाताओं ने सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर भी अपलोड की। पहली बार मतदान करने वाले युवाओं सहित अन्य मतदाताओं को मतदान केंद्रों पर प्रमाण-पत्र भी दिए गए।

गुप्ता ने बताया कि चुनाव में धन-बल का दुरुपयोग रोकने के लिए प्रदेशभर में 1 मार्च से अब तक 919.02 करोड़ रुपये मूल्य की नकदी, शराब, ड्रग्स सहित अन्य अवैध सामग्री जब्ती की गई है। लोकसभा आम चुनाव की आदर्श आचार संहिता प्रभावी होने के बाद से अब तक 820.89 करोड़ रुपये मूल्य की नकदी सहित अन्य अवैध सामग्री जब्त की गई है।

उन्होंने बताया कि सी-विजिल एप प्रदेशभर में आदर्श आचार संहिता उल्लंघन की 6,400 शिकायतें दर्ज की गईं। इनमें से सही पाई गई सभी 3,504 शिकायतों का तय समय में निस्तारण कर दिया गया।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार, निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार और डॉ. सुखबीर सिंह संधु के नेतृत्व में बेहतर कार्य योजना, तकनीकी नवाचारों और गहन मॉनिटरिंग के फलस्वरूप मतदान निर्बाध और सुचारू ढंग से सम्पन्न हुआ। उल्लेखनीय है कि निर्वाचन आयोग ने स्वतंत्र, निष्पक्ष, सुगम और समावेशी चुनाव सम्पन्न करवाने के लिए पडौसी राज्यों के मुख्य सचिवों, पुलिस महानिदेशकों सहित विभिन्न प्रवर्तन एजेंसियों के साथ व्यापक और नियमित रूप से स्थिति एवं चुनाव सम्बंधी तैयारियों की समीक्षा की थी।



भाजपा हरियाणा प्रदेश लोकसभा प्रभारी एवं भाजपा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने जयपुर के सवाईमानसिंह अस्पताल पहुंचकर राजस्थान सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा की कुशलक्षेम जानी और भगवान से उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

## सुप्रीम कोर्ट से ट्रेनी एस.आई. सहित 12 आरोपियों को नहीं मिली राहत

- अदालत ने आरोपियों की विशेष अनुमति याचिका को खारिज कर दिया जिसमें हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी थी

**जयपुर।** सुप्रीम कोर्ट ने एसआई भर्ती-2021 पेपर लीक मामले में 11 ट्रेनी एसआई और एक कांस्टेबल सहित 12 आरोपियों को राहत देने से इनकार कर दिया है। इसके साथ ही अदालत ने आरोपियों की विशेष अनुमति याचिका को खारिज कर दिया है। अदालत ने हाईकोर्ट को कहा है कि वह तय तारीख पर एक मई को मामले की सुनवाई करे। एसएलपी में आरोपियों ने हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें हाईकोर्ट ने आरोपियों को रिहा करने वाले मुख्य महानगर मजिस्ट्रेट के आदेश पर रोक लगा दी थी।

आरोपियों की ओर से एसएलपी में कहा गया कि कहा कि एसओजी ने हाईकोर्ट से तथ्य छिपाए हैं। आरोपियों के रिलीज आर्डर बन गए थे और हाईकोर्ट ने गलत तरीके से उनकी रिहाई पर रोक लगाई है। राज्य सरकार की याचिका पर सुनवाई में समय लगेगा, इसलिए हाईकोर्ट के 15 अप्रैल के आदेश पर रोक लगाकर उन्हें जमानत पर रिहा किया जाए। जवाब में राज्य सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता व एएजी शिवमंगल शर्मा ने कहा कि आरोपी हाईकोर्ट के अंतरिम आदेश के खिलाफ आए हैं, मामला हाईकोर्ट में पेंडिंग है और वहां पर सुनवाई होनी है। वहीं सीएमएम कोर्ट ने आरोपियों को सशर्त रिहा करने का निर्देश दिया है जो गलत है। सीएमएम कोर्ट ने ही पहले आरोपियों को पुलिस रिमांड पर भेजा था। यदि वे अवैध हिरासत में थे तो उसी समय उनकी रिहाई करनी चाहिए थी। यदि एक बार रिमांड दिया है तो फिर आरोपियों को जमानत अर्जी पर ही रिहा किया जा सकता है। इसलिए आरोपियों की एसएलपी खारिज की जाए। सुप्रीम कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनकर हाईकोर्ट को एसओजी की याचिका में सुनवाई पूरी कर फैसला देने के लिए कहा।



तीन दिन की तेज गर्मी के बाद शुक्रवार शाम को राजधानी जयपुर में अचानक तेज आंधी आई। इसके बाद हुई हल्की बरसात से गर्मी में कुछ राहत मिली।

## राजस्व विभाग लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता से करें निस्तारण : सुधांश पंत

- 'ईज ऑफ लिविंग में योगदान कर आम नागरिक के जीवन को बनाएं आसान'

**जयपुर, (का.सं.)।** मुख्य सचिव सुधांश पंत ने कहा कि राजस्व विभाग राज्य सरकार का एक महत्वपूर्ण विभाग होने के साथ ही आम नागरिक से सीधा जुड़ाव रखता है। उन्होंने कहा कि आमजन की राजस्व विभाग से संबंधित अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए अधिकारियों को ईज ऑफ लिविंग की दिशा में कार्य करने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि गाँवों में शहरों की अपेक्षा राजस्व सम्बन्धी मामलों की अधिकता रहती है। ऐसे में हमें इस दिशा में बेहतर कार्य कर आम नागरिक को राहत दिलाने का पुरजोर प्रयास करना चाहिए।

मुख्य सचिव ने यह बात शासन सचिवालय में राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करने के दौरान कही।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभागीय कार्यों की समय-समय पर सघन मॉनिटरिंग की जाये और इनकी प्रगति में आ रही समस्याओं का विश्लेषण कर उनका निस्तारण किया जाये।

पंत ने विभाग में रिक्त पदों पर भर्ती और विभिन्न प्रोजेक्ट्स एवं योजनाओं की प्रगति पर विभागीय अधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभागीय योजनाओं की सभी स्तर पर माइक्रो मॉनिटरिंग करें और लंबित प्रकरणों पर प्रमुखता से कार्य कर उनके निस्तारण में तेजी लाएं। उन्होंने विभाग में नवाचारों को प्रोत्साहन देने पर जोर दिया।

राजस्व विभाग के प्रमुख शासन सचिव दिनेश कुमार ने विभागीय गतिविधियों की जानकारी दी। विभाग के विशिष्ट शासन सचिव नरेन्द्र गुप्ता एवं अन्य अधिकारी भी इस दौरान उपस्थित रहे।

## गौरव सिंह, विनोद व गिरिराज प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार

### मानव अंग प्रत्यारोपण के लिए फर्जी एन.ओ.सी. का मामला

**जयपुर।** अंग प्रत्यारोपण के लिए फर्जी एनओजी जारी करने के मामले में जयपुर पुलिस कमिश्नरेट ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की ओर से गिरफ्तार सहायक प्रशासनिक अधिकारी गौरव सिंह, फोर्टिस हॉस्पिटल के कॉ-ऑडिनेटर विनोद व गिरिराज को जेल से प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया है। पुलिस अब इन आरोपियों से अंग तस्करी और प्रत्यारोपण को लेकर पूछताछ करेगी।

सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) गांधी नगर गोपाल सिंह ढाका ने बताया कि शुक्रवार को एसएमएस अस्पताल के सहायक प्रशासनिक अधिकारी गौरव सिंह, फोर्टिस हॉस्पिटल के को-ऑडिनेटर विनोद व गिरिराज को जयपुर पुलिस ने जेल से प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया गया है।

गुरुग्राम से लाए गए अंग डोनर और रिसीवर से पूछताछ में कई अहम जानकारी सामने आई है। फिलहाल इस जानकारी की तस्दीक की जा रही है। आगामी समय में प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किए आरोपियों से पूछताछ के बाद कई डॉक्टरों पर भी कार्रवाई की जा सकती है।

गौरतलब है कि जयपुर पुलि ने गुरूग्राम से प्रोडेक्शन वारंट पर चार आरोपी नुरुल इस्लाम, मेहंदी हसन, मोहम्मद अहसानुल और मोहम्मद आज़ाद हुसैन को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने उनसे मामले में लिप्त निजी अस्पतालों, डॉक्टर्स और दलालों के बारे पूछताछ की थी।

## सभी 25 सीटें जीतेगी भाजपा : भजनलाल शर्मा

**जयपुर, (का.सं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत 13 सीटों पर शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न होने पर आमजन का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आज का मतदान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अद्भुत और मजबूत नेतृत्व में युवाओं, महिलाओं एवं बुजुर्गों के दृढ़ विश्वास को दिखा रहा है। प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी सभी 25 लोकसभा सीटें पर जीत की हैट्रिक का इतिहास बनाएगी।



राज्यपाल कलराज मिश्र को शुक्रवार को राजभवन में सड़क सुरक्षा जागरूकता के आलोक में तैयार ट्रैफिक टेल्स ग्राफिक नोवल भेंट किया गया। मुस्कान फाउंडेशन फॉर रोड सेफ्टी द्वारा प्रकाशित इस अंग्रेजी नोवल में सड़क पर वाहन चलाने से संबंधित सावधानियां, दुर्घटना से बचाव और सड़क सुरक्षा से संबंधित सावधानियों को चितकथा-रूप में संयोजित किया गया है। राज्यपाल मिश्र ने इस प्रयास की सराहना की है।

## 'पॉलिसी का शीघ्र कराएं नवीनीकरण'

**जयपुर, (का.सं.)।** मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना में जिन परिवारों की पॉलिसी वैद्यता अवधि 30 अप्रैल समाप्त हो रही है, वे परिवार शीघ्र पॉलिसी का नवीनीकरण कराएं। पॉलिसी नवीनीकरण होने पर ही उन्हें 1 मई, 2024 से स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ मिल सकेगा।


**नम्बर मिलाइए 9587884433**



**सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।**



**कार्यालय उपायुक्त (विद्याधर जोन) नगर निगम ग्रेटर जयपुर**
(अम्बाबाडी सामुदायिक केन्द्र, अम्बाबाडी सर्किल, जयपुर)
क्रमांक-एफ.55() वि.जोन/न.नि.ज.(ग्रे)/2024/96 दिनांक: 24.04.2024
**सार्वजनिक सूचना:** भूखण्ड संख्या 14 बी, सत्यनगर, झोटवाडा (खुदाबादी सोनार गृह निर्माण सहकारी समिति) जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा श्रीमती कमला देवी पत्नी श्री हरिनारायण के पक्ष में क्षेत्रफल 119.62 वर्गगज भूमि का पट्टा विलेख जारी किया गया था। मूल आवंटी ने मुख्त्यारनामा के आधार पर श्रीमती मीना देवी को नियुक्त किया। श्रीमती मीना देवी से पंजीकृत विक्रय पत्र के आधार पर श्रीमती रूकमणी देवी पत्नी श्री रामकिशोर व श्री रामकिशोर पुत्र श्री छोटूराम ने भूखण्ड सं. 14 बी, सत्यनगर, झोटवाड़ा (खुदाबादी सोनार गृह निर्माण सहकारी समिति) का नाम हस्तान्तरण चाहा गया है। उक्त भूखण्ड के नाम हस्तान्तरण बाबत किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, कम्पनी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो 07 कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा निर्धारित अवधि की समाप्ति के बाद विधिवत नियमानुसार नाम हस्तान्तरण की कार्यवाही सम्पादित कर ली जावेगी। उपायुक्त विद्याधर नगर जोन नगर निगम ग्रेटर, जयपुर

**राजस्थान राज्य सहकारी आवासन संघ लि., जयपुर**
5वी व 6वीं मंजिल नेहरू सहकार भवन, 22 गोदाम सर्किल, जयपुर
Phone: 0141-2741805 Email: rsehfjaipur@yahoo.com
क्रमांक-37/24 दिनांक- 26.04.2024
**आम सूचना** संघ की आवासीय योजना केसरी चन्द चौधरी नगर, अजमेर रोड, जयपुर का फ्लैट संख्या 5/95 श्री अयाज मोहम्मद खान को आवंटित किया गया था, जिसका नियमितीकरण दिनांक 17.12.2002 को श्री इकबाल अगवानी के नाम कर उनके नाम दिनांक 21.12.2002 को रजिस्ट्री करवा दी गई थी। उक्त फ्लैट श्री इकबाल अगवानी से श्री राजेश शर्मा पुत्र सत्यप्रकाश शर्मा द्वारा दिनांक 17.06.2003 को रजिस्टर्ड विक्रय पत्र द्वारा क्रय कर आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कर अपने नाम ट्रांसफर कराने हेतु निवेदन किया गया है। जिस किसी को उक्त फ्लैट पर आपत्ति हो तो संघ कार्यालय में 15 दिवस में प्रमाण सहित प्रस्तुत करें, अन्यथा उक्त फ्लैट संख्या 5/95 श्री राजेश शर्मा पुत्र श्री सत्यप्रकाश शर्मा के नाम हस्तान्तरण कर दिया जावेगा।
(ज्योति गुप्ता) प्रबन्ध निदेशक
राजस्थान राज्य सहकारी, आवासन संघ लि., जयपुर

**राजस्थान राज्य सहकारी आवासन संघ लि., जयपुर**
5वी व 6वीं मंजिल नेहरू सहकार भवन, 22 गोदाम सर्किल, जयपुर
Phone: 0141-2741805 Email: rsehfjaipur@yahoo.com
क्रमांक-36/24 दिनांक- 26.04.2024
**आम सूचना** संघ की आवासीय योजना केसरी चन्द चौधरी नगर, अजमेर रोड, जयपुर का फ्लैट संख्या 5/113 श्री वीर सिंह को आवंटित कर संघ द्वारा दिनांक 15.11.1996 को रजिस्ट्री करवा दी गई। तत्पश्चात श्री वीर सिंह से श्रीमती बीना वर्मा द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र से उक्त फ्लैट को क्रय कर दिनांक 04.12.1996 को रजिस्ट्री करवाई गई। उक्त फ्लैट संख्या 5/113 को श्रीमती बीना वर्मा से श्री राजेश शर्मा पुत्र श्री सत्यप्रकाश शर्मा द्वारा दिनांक 08.05.2015 को रजिस्टर्ड विक्रय पत्र द्वारा क्रय कर आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कर अपने नाम ट्रांसफर कराने हेतु निवेदन किया गया है। जिस किसी को उक्त फ्लैट पर आपत्ति हो तो संघ कार्यालय में 15 दिवस में प्रमाण सहित प्रस्तुत करें अन्यथा उक्त फ्लैट संख्या 5/113 श्री राजेश शर्मा पुत्र श्री सत्यप्रकाश शर्मा के नाम हस्तान्तरण कर दिया जावेगा।
(ज्योति गुप्ता) प्रबन्ध निदेशक
राजस्थान राज्य सहकारी, आवासन संघ लि., जयपुर

**आम सूचना** मेरे अभिभाष्य अनिल वाघवा पुत्र स्व. आत्माराम वाघवा निवासी एल-17-ए/5 डी.एल.एफ. फैज-2 गुडगाँव (हरियाणा) के पुत्र निखिल वाघवा पुत्र श्री अनिल वाघवा को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करते है यदि कोई व्यक्ति या संस्था इनसे किसी भी प्रकार का संव्यवहार करती है तो उसका मेरे अभिभाष्य की चल व अल सम्पत्ति से कोई सम्बन्ध व सरोकार नहीं होगा एवं निखिल वाघवा से सम्व्यवहार करने वाला व्यक्ति तथा संस्थान स्वयं जिम्मेदार होंगे। सूचित रहे।
जयपुर (गजेन्द्र सिंह) एडवोकेट
दिनांक- 27.04.2024 मो.नं. 09413111288

**आम सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्लाट नम्बर एस-137 का पूर्वी हिस्सा, शान्ति नगर, खातीपुरा रोड, अपोजिट एन.बी.सी. जयपुर जिसका कुल क्षेत्रफल 51.09 वर्गमीटर सम्पूर्ण को श्रम विभाग द्वारा सर्वप्रथम श्री जालिम सिंह पुत्र श्री चैन सिंह को दिनांक 27.12.1985 ईस्वी को आवंटित किया गया था। तत्पश्चात श्री जालिम सिंह का स्वर्गवास दिनांक 30.11.1996 ईस्वी को जयपुर में हो गया था। एवं उनकी पत्नी का स्वर्गवास भी उनके जीवनकाल में ही हो गया था। इनके स्वर्गवास के पश्चात इनके दो पुत्र श्री नन्दकिशोर एवं श्री घनश्याम सिंह इनके अलावा स्व. श्री जालिम सिंह के अन्य कोई वारिसान व उत्तराधिकारी नहीं है। तत्पश्चात श्री नन्दकिशोर एवं श्री घनश्याम सिंह ने दिनांक 01.07.2002 ईस्वी को जरिये इकरारनामें द्वारा श्री राजेन्द्र सिंह को विक्रय कर दिया गया एवं मेरे अभिभाष्या श्री राजेन्द्र सिंह, श्रीमती सुशीला कंवर एवं श्री विजेन्द्र सिंह द्वारा अग्रिम हाउसिंग फाइनेन्स प्राईवेट लिमिटेड से गृह ऋण ले रहे है तथा उक्त ऋण बावत किसी भी व्यक्ति/संस्था/बैंक या अन्य किसी भी पक्ष को किसी प्रकार की आपत्ति या आक्षेप हो तो निम्न अधोहस्ताक्षरकर्ता को अन्दर मियाद 07 दिवस में मय दस्तावेजी साक्ष्य सहित सम्पर्क करें अन्यथा बाद गुजरने मियाद किसी भी प्रकार की आपत्ति विधि अनुसार शून्य मानी जावेगी।
सुरेश चन्द शर्मा, एडवोकेट
दिनांक-26.04.2024 मो.-9214318413

**उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)**
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम शाहपुरा जयपुर (राज.)
व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 3/2024
राजू बनाम सर्व साधारण
विषय- उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।
प्रार्थी नाम राजू दत्तक पुत्र रामेश्वर जाति यादव निवास स्थान विशनगढ तह. शाहपुरा जयपुर (राज.)
मृतक रामेश्वर पुत्र गंगू उर्फ गंगल्या की सम्पत्ति के विषय में।
पेशी दिनांक- 23.05.2024
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम रामेश्वर पुत्र गंगू उर्फ गगल्या जाति यादव निवासी विशनगढ तह. शाहपुरा जयपुर (राज.) का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावें।
अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 23 माह 05 सन् 2024 को उपस्थित न्यायालय होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
आज दिनांक 15 माह 04 सन् 2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।
मोहर अदालत
आज्ञा से-रीडर
अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश
संख्या प्रथम शाहपुरा (जयपुर जिला)

**खोया पाया**

मेरा मकान संख्या 30/34/09 मानसरोवर जयपुर का मूल मुख्तारनामा (Power of Attorney) कहीं खो गया है मिलने पर सूचित करें। शिवराज-9997877570

मेरा Flat No.- LB-711 प्रताप अपार्टमेन्ट, प्रताप नगर, सांगानेर जयपुर का मूल भौतिक कब्जा पत्र कहीं गिर गया है मिलने पर सम्पर्क करें-दामोदर प्रसाद-9314070800

मेरे प्लॉट नं. 97 (भैरव गृह निर्माण सहकारी समिति लिमिटेड जयपुर) वर्षा विहार, लालचन्दपुरा निवारू रोड जयपुर के मूल दस्तावेज आवंटन पत्र, रसीद व साइड प्लान निवारू पंचायत समिति जयपुर के आस पास कहीं गिर गये है। मिलने पर सूचित करें-देवन्ती देवी-8949703332

मेरे प्रताप नगर, सांगानेर हाउसिंग बोर्ड प्लॉट संख्या 52/38 माप 163.537 वर्ग मीटर जयपुर का मूल अदय प्रमाण पत्र संख्या 1108 दिनांकित 14.10.2003 की मूल प्रति कहीं गुम हो गई है। मिलने पर सूचित करें। कल्पना चौहान पत्नी श्री निलेश नाथावत 52/38 प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर

**नाम परिवर्तन**

मैं सुमन देवी पत्नी सुरेन्द्र कुमार गरवाल आर्मी नं. 15700976-H, रैंक हवलदार, निवासी-27/30 जादूनाथ विहार, जयपुर ने अपना नाम सुमन देवी से बदलकर सुमन कुमारी रख लिया है भविष्य में मुझे सुमन कुमारी के नाम से जाना जाए।

मैं पवन विजय पुत्र बद्री प्रसाद विजय मैं अपना नाम बदलकर पवन कुमार विजय पुत्र बद्री प्रसाद विजय रख लिया है भविष्य में मुझे पवन कुमार विजय के नाम से जाना जावें। पता-19 रामनगर कॉलोनी, आरा मशीन के पीछे, जयसिंहपुरा खोर, जयपुर-9950350124

मैंने अपना नाम नवनीत के शर्मा से बदलकर नवनीत शर्मा रख लिया है। भविष्य में मुझे मेरे नये नाम नवनीत शर्मा पुत्र श्री पुरूषोत्तम शर्मा के नाम से जाना पहाना जावें। निवासी 4098 यादव भवन, गणगौरी बाजार, लंगर के बालाजी का रास्ता, जयपुर, राज.-302001

मैं दीपिका चतुर पत्नी अखिलेश सक्सेना घोषणा करती हूँ कि मैंने कभी भी अपना उपनाम बदलकर सक्सेना नहीं रखा है और शादी के बाद भी मैं अपना पहला उपनाम दीपिका चतुर का ही उपयोग कर रही हूँ।

मेरा नाम आधार कार्ड में अशोक कुमार मिश्रा पुत्र रामअवतार मिश्रा व अन्य दस्तावेजों में अशोक शर्मा पुत्र रामअवतार मिश्रा है। उक्त दोनों नाम मुझसे ही संबंधित है। अशोक कुमार मिश्रा उर्फ अशोक शर्मा निवासी 153 वार्ड 12, राजपथ, सांभरलेक, जिला जयपुर ग्रामीण।

I have Changed my Name from Manoj Kumar to Mannoj Pahariya for all future puroses. Mannoj Pahariya S/o Bhagwan Das Pahariya R/o S-11 shreedhar city manchwa kalwar road Jaipur.

I have Changed my name from parul to Parull pahariya for all future purposes. Parull Pahariya W/o Mannoj pahariya R/o S-11 shreedhar city manchwa kalwar road Jaipur.

My name in Aadhaar card is Ashok Kumar Mishra son of Ramavatar Mishra and in other documents Ashok Sharma son of Ramavatar Mishra. Both the above names are related to me only. Ashok Kumar Mishra alias Ashok Sharma, resident of 153, Ward 12, Rajpath, Sambharlake, District Jaipur Rural.

I army no 14455120H Ex hony nb sub lakhan singh S/O Vishal Singh R/O village rampura post fatehpur teh.masalpur dist karauli Raj. Have changed my wife name From MUNI DEVI is wrong entered in service record as To MUNNI DEVI vide affidavit dated 22 apr 2024 before district notary alwar

# प्रदेश में अलग-अलग हादसों में 11 जनों की मौत, कई घायल

### अनूपगढ़, जयपुर के पास चाकसू व दौसा के पास महुआ में हुये अलग-अलग हादसे

## ओवरटेक करने के प्रयास में ट्रक में घुसी क्रूजर गाड़ी, छह लोगों की मौत

### एक महिला घायल हो गई, मरने वालों में चार महिलाएं शामिल है

**अनूपगढ़,** (निसं)। यहां शुक्रवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। ट्रक को ओवरटेक करने के प्रयास में क्रूजर गाड़ी ट्रक के पीछे से टकरा गई। हादसे में छह लोगों की मौत हो गई वहीं एक महिला गंभीर रूप घायल हो गई। मरने वालों में 4 महिलाएं शामिल है। हादसा शुक्रवार दोपहर लगभग तीन बजे हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस की मदद से शवों को अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया है।

- **गांव कीकरवाली से 86 जीबी में अपनी रिश्तेदारी में शोक व्यक्त कर लौट रहे थे क्रूजर गाड़ी सवार**
- **हादसा इतना भीषण था कि क्रूजर गाड़ी का आगे का हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया**
- **हादसा होते ही ट्रोला चालक मौके पर ही ट्रोला छोड़कर फरार हो गया**

जानकारी के अनुसार गांव कीकरवाली से 86 जीबी में अपनी रिश्तेदारी में शोक व्यक्त कर लौट रहे थे। इस दौरान सवारियों से भरी क्रूजर गाड़ी सलेमपुर से एक किलोमीटर आगे हादसे का शिकार हो गई। जिसमें चार महिलाओं व एक पुरुष मौके पर ही मौत गई और एक महिला व ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया। गंभीर घायलों को अनूपगढ़ के राजकीय चिकित्सालय में भर्ती करवाया गया, जहां चिकित्सकों ने ड्राइवर को मृत घोषित कर दिया। घायल महिला की हालत गंभीर होने के कारण श्रीगंगानगर हायर सेंटर रेफर किया गया है। हादसा इतना भीषण था कि गाड़ी का आगे का हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। मौके पर अफरा-तफरी का माहौल हो गया। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस और एसडीएम अजीत कुमार गोदारा सहित अन्य अधिकारी मौके पहुंचे।

जानकारी के अनुसार गांव कीकरावाली के पूर्व सरपंच हनुमान प्रसाद गेदर के पुत्र हेतराम (45) अपनी पत्नी सुनीता (42) अपनी 4 भाभीयों लिछमा देवी (55) पत्नी कृष्ण लाल,विद्या देवी (40) पत्नी देवीलाल, कलावती देवी (48) पत्नी हंसराज और कांता (35) मदन लाल के साथ गांव 86 में जाने के लिए रमेश कुमार की क्रूजर अपनी रिश्तेदारी में शोक व्यक्त करने के लिए किराए पर करके आए थे। दोपहर लगभग ढाई बजे शोक व्यक्त कर 86 जीबी से किकरावाली के लिए रवाना हुए। गांव सलेमपुरा से एक किलोमीटर पहले 17 एसजेएम के पास क्रूजर चालक ने आगे रायसिंहनगर की ओर जा रहे ट्रोले को ओवरटेक करने का प्रयास में पीछे से टक्कर मार दी। हादसा होते ही ट्रोला चालक मौके पर ही ट्रोला छोड़कर फरार हो गया।

## अनियंत्रित होकर खाई में गिरी कार, दो की मौत, एक बालिका घायल

### जयपुर निवासी लोग कार से टोंक की ओर जा रहे थे

**चाकसू,** (निसं)। चाकसू थाना इलाके में शुक्रवार तड़के कार हादसा हो गया। इस हादसे में एक व्यक्ति और एक महिला की मौत हो गई, जबकि कार में सवार एक बालिका घायल हो गई। जानकारी के अनुसार चाकसू थाना इलाके के टोंक रोड बाईपास स्थित गिरधारीलालपुरा टीगरिया कट के पास एक कार अनियंत्रित होकर हाईवे किनारे बनी खाई में जा गिरी। हादसे में कार सवार एक महिला व एक पुरुष की मौत हो गई, जबकि चार वर्षीय बालिका अंजली घायल हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया।



अस्पताल में मृतक महिला व पुरुष।

- **हादसे में कार सवार एक महिला व एक पुरुष की मौत, घायल बालिका अस्पताल में भर्ती**

चाकसू थाना अधिकारी कैलाशदान ने बताया कि जयपुर निवासी मुरारी भगेल कार में सवार होकर महिला व बालिका के साथ जयपुर से टोंक की ओर जा रहे थे। चाकसू इलाके में पहुंचने पर कार अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे बनी खाई में जा गिरी। हादसे में कार सवार तीनों घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने मुरारी भगेल व महिला को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दोनों के शव मोर्चरी में रखवा दिए और परिजनों को सूचना दी है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। दुर्घटना के बाद चार साल की बालिका अंजली इतनी भयभीत है कि वह घटना के बारे में कुछ भी नहीं बता रही है। वहीं मृतक महिला की भी शिनाख्त नहीं हो सकी है।

## बेकाबू कार ने झोपड़ी में सो रहे 11 लोगों को कुचला, तीन की मौत


**महुवा,** (निसं)। महुवा में गुरुवार देर रात को राजकीय टीकाराम पालीवाल उच्च माध्यमिक विद्यालय के समीप 50 वर्ष से झुग्गी में रहने वाले वाले लोग जो रात्रि में सो रहे थे उन्हें बेकाबू कार सवार ने कुचल दिया। इस हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, आठ लोग गंभीर रूप से से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची महुवा थाना पुलिस ने सभी घायलों को महुवा स्थित जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से छह गंभीर घायलों को जयपुर रेफर कर दिया गया है। वहीं हादसे के बाद कार को जप्त कर लिया गया है। इस मामले में शुक्रवार सुबह परिजनों ने मृतकों के शव लेने से इनकार कर दिया। परिजनों ने कार सवार के खिलाफ कार्रवाई, उचित मुआवजा और स्थाई मकानों की मांग करते हुए जयपुर भरतपुर रोड को जाम कर दिया।

महुवा थाना प्रभारी जितेंद्र सोलंकी ने बताया कि बीती रात करीब 11:20 के आसपास साटीया घुमंतू परिवार के लोग भरतपुर रोड राजकीय टीकाराम पालीवाल स्कूल पास बनी अपनी झुग्गियों झोपड़ियों में सो रहे थे। इस दौरान एक अनियंत्रित कार झुग्गी में घुस गई, जिससे झुग्गी में सो रहे लोग कार की चपेट में आ गए। इस दौरान झुग्गी में सो रहे लोगों में चीख-पुकार मच गई। वहीं, झुग्गी में मौजूद तीन की मौके पर मौत हो गई। वहीं आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर महुवा थाना प्रभारी जितेंद्र सोलंकी पुलिस जाब्ते के साथ घटनास्थल पहुंचे, जहां उन्होंने एंबुलेंस की सहायता से सभी घायलों को महुवा जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

- **हादसे में आठ जने गंभीर रूप से घायल, अस्पताल में भर्ती कराया, छह जयपुर रेफर**

महुवा थाना प्रभारी जितेंद्र सोलंकी ने बताया कि डॉक्टरों ने राजू (50) पुत्र पपैया सांटिया, परी (6) पुत्री दिलीप कुमार, हटकली उर्फ अठोड़ी (60) पत्नी पपैया को मृत घोषित कर दिया। वहीं टीकाराम पालीवाल स्कूल के पास झुग्गी में रहने वाले जग्गा (40) पुत्र पपैया, शनि (13) पुत्र दीपक, शेरू उर्फ मोनू (11) पुत्र प्रह्लाद, काजल (30) पत्नी दीपक और लक्ष्मणगढ़ निवासी दिलीप (28) पुत्र डब्बा, सीमा (25) पत्नी दिलीप को प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने गंभीर स्थिति होने के कारण जयपुर एसएमएस हॉस्पिटल रेफर कर दिया। साथ ही उगन्ती उर्फ उगंता (40) पत्नी पन्ना और प्रिया (7) पुत्री सतीश का इलाज महुवा जिला अस्पताल में किया जा रहा है। मामले की सूचना के बाद महुवा विधायक राजेंद्र प्रधान ने मौके पर रात्रि में महुवा के जिला अस्पताल में पहुंचकर घायलों से कुशलक्षेम जान कर परिजनों को दिलासा देते हुए आर्थिक मदद करते हुए घायलों को जयपुर एंबुलेंस से रवाना कराया।

शुक्रवार को प्रातः राजकीय जिला अस्पताल में मृतकों के परिजन और रिश्तेदार एकत्रित हुए, जिन्होंने शव लेने से इनकार करते हुए मुआवजे की मांग को लेकर उनके जयपुर भरतपुर रोड स्थित घरों के बाहर रोड जामकर रोड पर धरना शुरू कर दिया। उन्होंने कार चालक के खिलाफ कार्रवाई सहित मुआवजे और स्थाई मकान बनवाने की मांग की परिजनों का कहना है कि पिछले 50 वर्षों से रोड किनारे रहकर हम और हमारे पूर्वज जीवन गुजार रहे हैं। रोड के किनारे झुग्गी झोपड़ियों में रहने के कारण ऐसे में हमेशा ही किसी हादसे का डर बना रहता है। पूर्व में भी ऐसा एक दो बार हादसा हो चुका है, लेकिन बीती रात हुए हादसे ने हम सबको हिला कर रख दिया इनके डर को यकीन में बदल दिया। दुर्घटना की सूचना पर पहुंचे विधायक राजेंद्र प्रधान उपखंड अधिकारी लाखन सिंह गुर्जर तहसीलदार हरकेश मीणा नगर पालिका अधिशासी अधिकारी सुरेंद्र मीणा थाना अधिकारी जितेंद्र सिंह सोलंकी समाजसेवी गौ पुत्र अवधेश अवस्थी गिरदावल डोली राम मीणा सहित प्रशासन की ओर से परिजनों को उचित मुआवजा दिलाने सहित आवास गृह मामले में उचित कार्रवाई करने का आश्वासन देते हुए समझाइश कर जयपुर भरतपुर राजमार्ग रास्ता खुलवाया। वहीं मृतकों के शवों को मोर्चरी में पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सुपुर्द कर उनका दाह संस्कार करवाया।



अजीत भवन पैलेस निवासी जोधपुर राजपरिवार के करण विजय सिंह राठौड़, पत्नी, पुत्र जन्मजेय सिंह राठौड़ एवं कार्तिकेय सिंह राठौड़ ने शुक्रवार को लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में जोधपुर सीट के लिए रिजर्व पुलिस लाइन स्थित महात्मा गांधी विद्यालय में बनाए गए केंद्र पर मतदान किया।

## पोलिंग एजेंट के साथ मारपीट

**जालोर,** (कासं)। जोधपुर लोकसभा सीट के फलोदी विधानसभा क्षेत्र के बेंगटी गांव में पोलिंग एजेंट के साथ मारपीट करने का मामला सामना आया है। फलोदी विधानसभा के बेंगटी में मतदान के दौरान फर्जी मतदान करने से रोकने से नाराज लोगों ने पोलिंग एजेंट भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष देवीसिंह के साथ मारपीट कर दी। बेंगटी के बूथ पर भाजपा के पोलिंग एजेण्ट देवीसिंह ने फर्जी मतदान करने मतदाता को रोका तो अन्य लोग नाराज हो गये तथा उनके साथ गाली गलौच कर मारपीट की। वहीं पत्थरबाजी के साथ फायरिंग भी की। घटना में देवीसिंह घालय हो गये। जिन्हें फलोदी के राजकीय चिकित्सालय में भर्ती करवाया गया। घायल की ओर से फलोदी पुलिस थाना में मारपीट करने वालों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया गया है।

## मारवाड़ की चारों लोकसभा सीटों पर मत प्रतिशत घटा

**जालोर,** (कासं)। लोकसभा चुनाव 2024 के तहत प्रदेश की मारवाड़ की जालोर-सिरोही, बाड़मेर -जैसलमेर, पाली व जोधपुर सीट पर मतदान शुक्रवार को हुआ, लेकिन चारों सीटों पर गत लोकसभा चुनाव से मत प्रतिशत कम रहा। मारवाड़ क्षेत्र की चार लोकसभा सीट पर इस बार गत लोकसभा चुनाव की तुलना में मत प्रतिशत घटा है। ऐसे में जालोर सिरोही सीट पर मतदान 62.28 प्रतिश रहा। वहीं गत चुनाव में मत प्रतिशत 65.74 प्रतिशत रहा था। वहीं बाड़मेर जैसलमेर सीट पर 70.98 प्रतिशत रहा। जबकि गत चुनाव में 73.30 प्रतिशत रहा। जोधपुर लोकसभा क्षेत्र में 63.75 प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं गत चुनाव में 68.89 प्रतिशत मतदान रहा था। वहीं पाली लोकसभा क्षेत्र में 56.80 प्रतिशत मतदान हुआ। जबकि गत चुनाव में 62.98 प्रतिशत मतदान हुआ था। चारों सीटों पर गत चुनाव में मत प्रतिशत कम रहा है।

इस बार बाडमेर लोकसभा सीट पर त्रिकोणीय मुकाबला बड़ा रोचक होता नजर आ रहा है। भाजपा से पूर्व केन्द्रीय मंत्री कैलाश चौधरी चुनाव मैदान में है तो कांग्रेस से आरएलपी से कांग्रेस में आये उम्मेदाराम बेनीवाल चुनाव में खड़े है। वहीं दोनों ही जाट चौधरी नेता के लिए शिव विधानसभा के विधायक निर्दलीय रविन्द्रसिंह भाटी परेशानी का कारण बने हुए हैं। भाटी भाजपा व कांग्रेस प्रत्याशी को टक्कर देते नजर आ रहे हैं। वहीं जालोर सिरोही के बाद बाड़मेर जैसलमेर सीट पर प्रदेश भर की नजरें गढी हुई है।

वहीं पाली सीट पर कांग्रेस ने राज्य बाल संरक्षण अधिकार आयोग की अध्यक्षा रही संगीता बेनीवाल को टिकट दिया। वहीं भाजपा ने पूर्व केन्द्रीय मंत्री पीपी चौधरी पर एक बार फिर दांव खेला है। संगीता बेनीवाल जोधपुर निवासी होने से पाली के लिए बाहरी प्रत्याशी का ठप्पा लगा होने से बेनीवाल को इस सीट के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। वहीं जालोर सिरोही सीट भी प्रदेश की सबसे हॉट सीट बनी हुई है। इस सीट पर पूर्व सीएम अशोक गहलोत के पुत्र वैभव गहलोत कांग्रेस प्रत्याशी है। वहीं भाजपा ने एक साधारण जमीन से जुड़े कार्यकर्ता किसान लुम्बाराम चौधरी को टिकट दिया है। जालोर में राज व रंक वाली लडाई नजर आ रही है। वहीं जालोर सिरोही में पूर्व सीएम कई दिनों से जी तोड़ मेहनत अपने पुत्र वैभव के लिए करते नजर आये। जालोर सिरोही सीट पर हर किसी की नजरे टिकी हुई है। वहीं जोधपुर लोकसभा सीट पर दोनो ही उम्मीदवार राजपूत जाति से होने से मुकाबला रोचक नजर आ रहा है। कांग्रेस ने इस बार सचिन गुट के करणसिंह उचियारडा को टिकट दिया है तो भाजपा ने पूर्व केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्रसिंह शेखावत पर भरोसा जताते हुए टिकट दिया है। ऐसे में जोधपुर में दोनों राजपूत उम्मीदवार के बीच टक्कर बताई जा रही है।

# प्रदेश के कई जिलों में अंधड़ व तेज बरसात ने तबाही मचाई

### बून्दी, हिंडौन, अजमेर के सरवाड़, करौली सहित कई जिलों में बरसात व अंधड़ से हुआ नुकसान

## बून्दी में आकाशीय बिजली गिरने से तीन की मौत, चार गंभीर घायल



बून्दी जिले के पटपड़िया के नजदीक भुजर घाटे पर आकाशीय बिजली गिरने से तीन व्यक्तियों की मौत हो गई।

**बून्दी,** (निसं)। बून्दी जिले के डाबी थाना क्षेत्र के पटपड़िया के नजदीक भुजर घाटे पर आकाशीय बिजली गिरने से तीन व्यक्तियों की मौत हो गई। वहीं चार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची डाबी थाना पुलिस ने तीनों मृतकों को डाबी सीएसची पहुंचाया। जहां मृतकों के शवों का पोस्टमार्टम किया गया।

- **मतदान करने के बाद कुछ लोग डाबी क्षेत्र में गुजरघाटा पटपड़िया की तरफ आए थे**
- **अचानक तेज बरसात और आंधी से बचने के लिए तीनों लोग एक पेड़ के नीचे खड़े थे**


जानकारी के अनुसार शुक्रवार दोपहर को अचानक मौसम बिगड़ने के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से पेड़ के नीचे खड़े तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि हाई टेंशन लाइन की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। डाबी एसएचओ अनिल जोशी ने बताया कि शुक्रवार को लोकसभा चुनावों के दौरान मतदान करने के बाद कुछ लोग डाबी क्षेत्र मे गुजरघाटा पटपड़िया की तरफ आए थे। इसी दौरान अचानक मौसम बदल गया जिससे तेज बरसात और आंधी से बचने के लिए तीनों लोग एक पेड़ के नीचे खड़े हो गए। इसी दौरान आकाशीय बिजली उनके ऊपर गिर गई। मौके पर तीनों की मौत हो गई। वहीं, चार लोग घायल हो गए। चारों मृतक चतरा पुत्र अमरा भील, देवा पुत्र पेमा भील, सोहन पुत्र कान्हा भील सभी गुजरकला थाना भैंसरोडगढ़ के निवासी हैं।

**हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से महिला की मौत :-** दूसरी ओर, भगवानपुरा में सुगना बाई पति गोरू लाल कराड की हाईटेंशन लाइन गिरने से मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि तेज आंधी के चलते बिजली का तार टूटकर महिला पर गिर गया। हादसे के बाद बिजली विभाग को सूचना भी दी थी, लेकिन काफी देर तक मौके पर कोई नहीं पहुंचा तब तक महिला की मौत हो चुकी थी। पुलिस मृतक के शव के पोस्टमार्टम की कार्रवाई में जुट गई। डाबी पुलिस थाना प्रभारी अनिल जोशी ने बताया कि रावतभाटा एडिशनल एसपी भगवत सिंह हिंगड़ ने दूरभाष पर हुई चर्चा में मुख्यमंत्री कोष से तीनों मृतकों को चार-चार लाख सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

## चाकसू में अंधड़-बारिश ने कोहराम मचाया

**चाकसू,** (निसं)। चाकसू विधानसभा क्षेत्र में मौसम के बिगड़े मिजाज ने कोहराम मचा दिया। शुक्रवार शाम को अचानक विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में तेज अंधड़ और बारिश ने लोगों की सांसें फूला दी। इसके चलते क्षेत्र के लोगों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ा। दिन में लगभग 3.30 बजे तेज हवाएं चलीं और बारिश हुई जिससे मौसम खुशनुमा हो गया। थोड़ी देर बाद धूप निकलकर मौसम साफ हो गया था लेकिन अचानक शाम को मौसम में फिर पलटाव आ गया और तेज अंधड़ के साथ बारिश शुरू हो गई, जिसके चलते और देखते देखते ही तेज अंधड़ से तबाई मच गई। कई जगहों पर मकानों, जानवरों के बाडों, दुकानों और गोदामों से टीन शेड व छप्पर उड़ गए। कहीं स्थान पर बिजली के पोल एवं पेड़ उखड़ गए। गार्डनों में टेंट उड़ गए जिससे विवाह कार्यक्रमों का उत्साह ठंडा पड़ गया।

बिजली के पोल व तार टूट गए जिससे पूरे कस्बे में बिजली बंद हो गयी अंधड़ की रफ्तार इतनी तेज थी किसी को सम्भलने का ही मौका नही मिल सका। अंधड़ के बाद बादलों की तेज गर्जना के साथ जोरदार बारिश हुई सड़कों पर पानी ही पानी हो गया। छोटे-मोटे गड्ढे पानी से लबालब हो गये। हालांकि इस दौरान हुई वर्षा से लोगों को गर्मी से राहत मिल गई और मौसम सुहावना हो गया।



चाकसू में तेज अंधड़ और बारिश से कई जगह पर टीनशेड़ उड़ गये।

तेज तूफान के कारण कोटखावदा रोड स्थित विज्ञा स्टील के श्री वृंदावन विहार कॉलोनी के गोदाम की टीनशेड की पूरी छत उड़ गई जिससे उन्हें लाखों का नुकसान का सामना करना पड़ा। श्री वृंदावन विहार कॉलोनी निवासी मोहनलाल अग्रवाल के मकान की छत पर चद्दर दीवार में चली गई जिससे दीवार और पिलर पाइपलाइन का नुकसान हो गया। नीरज शर्मा के मकान गुमटी और पानी की टंकी को नुकसान हुआ है। रवि शर्मा के मकान की दीवार व दीवार पिलर और छत पर लगे हुए पानी की टंकियों को नुकसान हुआ है। वहीं विद्युत विभाग का बिजली का पोल गिर गया। गांधी स्मारक रोड पर एक दुकान की दीवार करीब 10 फीट की ऊंचाई से दूसरी दूकान की छत पर गिर गई, गनीमत रही कि छत की पट्टीयों को नुकसान नहीं हुआ। वरना बड़ा नुकसान हो सकता था। स्टेट बैंक के पास रामबाबू बाहेती के मकान के पास लगा नीम का पेड़ टूट कर दीवार पर आ गिरा और बिजली के तार टूट गए। चाकसू में नेशनल हाइवे शीतला के पास रोड़ पर पेड़ टूट कर गिर गए और पेड़ से हाईवे पर जाम लग गया।

**हिंडौन में बूंदाबांदी और हवाओं से बदला मिजाज :-** क्षेत्र में शुक्रवार को मौसम ने मिजाज बदला। पश्चिमी विक्षोभ के असर से शाम को हल्की बूंदाबांदी व तेज हवाएं चली। शाम करीब 5 बजे बाद बूंदाबांदी और हवाओं से लोगों को गर्मी में राहत मिली। यहां अधिकतम 38-40 डिग्री सेल्सियस के तापमान में त्रस्त हो रहे लोगों को बूंदाबांदी होने से खुशनुमा मौसम से आनंद मिला। शाम 6 बजे बादलों की गर्जना के साथ हल्की बूंदाबांदी हुई, जिससे मौसम सुहाना बना रहा है।

**करौली में धूल भरी आंधी के साथ बूंदाबांदी हुई :-** करौली जिला मुख्यालय पर कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी के बाद शुक्रवार को दोपहर बाद मौसम ने अचानक पलटा खाया और अंधड़ के साथ बूंदाबांदी होने से मौसम खुशनुमा हो गया। अचानक शुक्रवार को दोपहर बाद मौसम ने पलटा खाया और तेज अंधड के साथ हवाएं चलने लग गई। इस दौरान शहर की विद्युत आपूर्ति ठप्प हो गई। सांय 5:30 बजे के करीब रिमझिम रिमझिम बूंदाबांदी होने से हवा ठंडी हो गई और लोगों को गर्मी से राहत मिली शुक्रवार को क्षेत्र में शादी समारोह होने के कारण अंधड़ और बारिश से खलल पड़ गया।

**सरवाड़ में झमाझम बारिश के साथ बेर के आकर के गिरे ओले :-** सरवाड़ शहर में दोपहर बाद अचानक मौसम पलटने से तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश शुरू हुई। बारिश में बेर के आकर के गिरे ओले। वहीं तेज हवाओं के कारण चद्दर, टीनशेट गिर गए तथा कई जगह पर पेड़ हवाओं के कारण नीचे गिर गए। साथ ही पोल तिरछे हो गए। तेज होने के कारण काफी नुकसान का अनुमान है।

# ग्रेटर निगम क्षेत्राधिकार के 732 नालों में से 240 में अभी तक सफाई शुरू भी नहीं हुई

## महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर की बैठक में इंजीनियर्स ने दावा किया है कि शहर में 248 नाले साफ किए जा चुके हैं, जबकि शेष 244 नालों में सफाई का कार्य प्रगतिरत है

**जयपुर** (कासं)। मानसून सिर पर हैं, लेकिन ग्रेटर और हैरिटेज नगर निगम प्रशासन अभी तक नाला सफाई के काम में फिसड्डी हैं। नतीजन हर बार की तरह इस बार भी हालात भयावह ही दिख रहे हैं। शुक्रवार को ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने नाला सफाई की हकीकत जानने के लिए अधीक्षण व सभी अधिशाषी अभियंताओं के साथ उपायुक्त गैराज की बैठक ली तो उसमें चौंकाने वाले आंकड़े सामने आये।

सूत्रों के मुताबिक ग्रेटर नगर निगम क्षेत्राधिकार में 732 छोटे-बड़े नाले हैं, इनमें से अबभी तक 240 नालों में सफाई का काम भी शुरू नहीं हुआ है। हालांकि अधिशाषी अभियंताओं का दावा है कि उन्होंने शहर के 248 नालों की सफाई कर दी है, जबकि शेष 244 नालों में सफाई करवाने का काम चल रहा है। हालांकि नाला सफाई की जमीनी स्थिति क्या है, इसकी हकीकत तो या तो मानसून की बारिश में मालूम पड़ेगी या फिर जमीनी स्तर पर औचक निरीक्षण हो तब।



ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने शुक्रवार को इंजीनियर्स की बैठक लेकर शहर में नाला सफाई की जोन वाइज प्रगति रिपोर्ट ली।

ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने अधिशाषी अभियंताओं से क्रमशः मुरलीपुरा, विद्याधर नगर, झोटवाड़ा, मानसरोवर, सांगानेर, जगतपुरा और मालवीय नगर के तमाम नालों की सफाई के बारे में स्थिति जानी। महापौर ने कहा कि मानसून से पहले सभी नालों की सफाई होनी चाहिए। जिन नालों की सफाई हो चुकी है, वहां से मलबा तुरंत हटवाएं। ताकि बारिश के पानी के साथ मलबा पुनः उन्हीं नालों में नहीं जाए।

- **बारिश से पहले सभी नाले साफ होने चाहिए, टूटे मैन हॉल व फेरो कवर भी बदले जाएं : डॉ. सौम्या गुर्जर**

इसके साथ ही सफाई के बाद नालों के ढक्कन और फेरो कवर वापस लगवाएं, ताकि बारिश के दिनों में किसी भी प्रकार की कोई भी अप्रिय घटना नहीं हो। आमजन की सीवर संबंधी शिकायतों का भी तत्काल निराकरण करवाएं। महापौर ने क्षतिग्रस्त सीवर लाईनों के नवीनीकरण करने साथ ही मैन हॉल के ढक्कन की मरम्मत करवाने तथा मैन हॉल से मलबा निकलवाने के भी निर्देश दिये। महापौर ने अधिशाषी अभियन्ता विद्युत को वार्डो में पुरानी लाइटों को ठीक करवाने एवं नई लाइटों को लगाने के निर्देश दिये।

# जयपुर एयरपोर्ट को बम से उडाने की धमकी भरे ई-मेल से हड़कंप

**जयपुर**। जयपुर एयरपोर्ट को एक बार फिर बम से उडाने की धमकी भरा ई-मेल मिला है। ई-मेल मिलने के बाद प्रशासन में हडकम्प मच गया। आनन-फानन में पूरे एयरपोर्ट परिसर की तलाशी ली गई, लेकिन कुछ नहीं मिला। इस पर एयरपोर्ट प्रशासन ने राहत की सांस ली। इस पूरे मामले को लेकर जयपुर एयरपोर्ट प्रशासन एयरपोर्ट थाने में मामला दर्ज करवाया है। इस मामले की जांच साइबर टीम भी कर रही है।

जानकारी के अनुसार जयपुर एयरपोर्ट की ऑफिशियल मेल आईडी पर शुक्रवार दोपहर ई-मेल के जरिए अज्ञात व्यक्ति ने एयरपोर्ट को बम से उडाने की धमकी दी। साथ ही लिखा कि "मैं बेंगलुरु में बैठा हूं, पकड़ सको तो पकड़ लो।" इसके बाद एयरपोर्ट सुरक्षा जवानों के साथ ही बम निरोधक दस्ते की टीम ने एयरपोर्ट पर सर्च अभियान चलाया है। दोपहर में यात्रियों को फीडबैक के लिए दी गई आईडी पर मेल आया था। इसमें खुद को बेंगलुरु का होने की बात लिखी है। मेल में आरोपी ने एयरपोर्ट के एंट्रेंस गेट को बम रखे होने की धमकी दी।

- **बीते 5 माह में तीसरी बार मिली है धमकी, आरोपी पकड़ से दूर**
- **ई-मेल मिलने के बाद एयरपोर्ट पर तलाशी ली गई, हालांकि कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिलने पर पुलिस-प्रशासन ने राहत की सांस ली**

इसके बाद डॉग स्क्वायड, बम निरोधक दस्ते और एयरपोर्ट की सभी सुरक्षा एजेंसियों ने संयुक्त अभियान चलाकर जांच शुरू की। लगभग डेढ़ घंटे की जांच में एयरपोर्ट एरिया में किसी तरह की कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। अब एयरपोर्ट थाना पुलिस को इस पूरे मामले की शिकायत की जाएगी। ताकि धमकी भरा ईमेल करने वाले व्यक्ति को पकड़ा जा सके। मामले में एयरपोर्ट थाने में केस दर्ज करवा दिया गया है। पुलिस ने बताया कि दोपहर करीब 1:30 बजे पुलिस को एयरपोर्ट के टर्मिनल-2 के गेट पर बैग में बम रखे होने की सूचना दी गई। जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट की ऑफिशियल ई-मेल पर राजेश नाम के व्यक्ति ने धमकी भरा मेल भेजा था।

मेल में लिखा था कि जयपुर एयरपोर्ट के टर्मिनल-2 गेट पर काले रंग के बैग में बम रखा हुआ है। जयपुर एयरपोर्ट को पिछले 5 महीने में आज तीसरी बार बम से उडाने की धमकी मिल चुकी है। इससे पहले इसी साल 16 फरवरी और पिछले साल 27 दिसंबर के दिन एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की मिली चुकी है। हर बार आरोपी द्वारा ऑफिशियल कस्टमर केयर आईडी पर ईमेल के जरिये ही धमकी दी जाती हा। लेकिन जांच में सुरक्षा एजेंसी और पुलिस को कोई संदिग्ध सामान नहीं मिलता है।

# लूटपाट और अपहरण करने वाले छह इंजीनियरिंग छात्र गिरफ्तार

## आरोपी शौक-मौज के लिए फिल्मी स्टाइल में वारदात को अंजाम देकर फरार हो जाते थे

**जयपुर**। राजधानी की रामनगरिया थाना पुलिस ने लूटपाट और अपहरण की वारदात को अंजाम देने वाले छह इंजीनियरिंग छात्रों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी शौक-मौज के लिए फिल्मी स्टाइल में वारदात को अंजाम देकर फरार हो जाते थे। पुलिस फिलहाल आरोपियों के अन्य साथियों की तलाश कर रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (पूर्व) कावेन्द्र सिंह सागर ने बताया कि लूटपाट और अपहरण की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी चन्दन सैनी (20) निवासी सुमेर नगर मुहाना, दिपांशु यादव (21) निवासी तिजारा जिला अलवर, ओमवीर पोसवाल (21) निवासी बहरोड कोटपूतली, नितेश राव (23) निवासी बहरोड कोटपूतली, अजत मलिक (21) निवासी मेरठ उत्तर प्रदेश और अमित कुमार (21) निवासी रेवाडी हरियाणा को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी विभिन्न कॉलेजों से इंजीनियरिंग के छात्र है। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी फिल्मी स्टाइल से लूट की वारदात को अंजाम दिया करते थे। दो गाड़ियों में ग्रुप के साथ पहले सुनसान इलाकों में घूमते थे और शिकार मिलने पर उसकी गाड़ी के आगे कार लगाकर रोक लेते थे। उसकी वजह से खुद की गाड़ी का एक्सीडेंट होने का बहाना बनाकर झगड़ा करते। इसके बाद अपहरण कर कार में डालकर मारपीट कर उसके पास मिले रुपयों को छिन लेते। ऑनलाइन बैंक अकाउंट से भी रुपए ट्रांसफर कर लूट की वारदात कर रास्ते में उतारकर फरार हो जाते। लूट के रुपयों को मौज-मस्ती और अपने शौक पूरा करने में यूज करते थे। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका संभावना है।

- **दो गाड़ियों में ग्रुप के साथ पहले सुनसान इलाकों में घूमते और बाद में किसी व्यक्ति को आता देख उसकी गाड़ी के आगे कार लगाकर रोक लेते थे।**

# 71 लाख रु. लूटने वाले बदमाशों को जेल भेजा

**जयपुर**। मुहाना इलाके में मंगलवार को दिनदहाड़े ग्राम विकास अधिकारी से 71 लाख रुपए लूट के मामले में पुलिस ने गुरुवार को मुख्य आरोपी सहित तीन बदमाशों को पकड़ा था, पुलिस ने आरोपियों को पकड़ते ही ऑपरेशन लगड़ा के तहत तीनों की टांगे तोड़ दी। इससे बदमाश अब ठीक तरीके से चल नहीं पा रहे है। तीनों आरोपियों को शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। 29 अप्रेल को पुलिस आरोपियों की शिनाख्त परेड करवाएगी। इसके बाद पुलिस आरोपियों को कोर्ट में पेश कर पूछताछ के लिए रिमांड में लेगी।

पुलिस ने बताया कि गुरुवार को जब आरोपियों को पकड़ने का प्रयास किया गया तो भागने के दौरान पत्थरों पर गिरने से बदमाश चोटिल हो गए। जबकि जहां पर बदमाशों का पकड़ा गया है वहां पर इस तरह का घटनाक्रम होना सामने नहीं आया है। ना हीं रिंग रोड पर लाखना पुलिया के पास ऐसी जगह है जहां पर इस प्रकार की घटना हो जाएगा।

- **ग्राम विकास अधिकारी को लूटने वाले इन बदमाशों की पुलिस 29 अप्रेल को शिनाख्त परेड़ करवाएगी**

बताया जा रहा है कि ऑपरेशन लगड़ा के तहत बदमाशों को पकड़ते ही पुलिस ने उसकी टांगों को तोड़ दिया। ताकि बदमाश आगे इस प्रकार की वारदात करने से कतराए। इससे पहले भी शहर में इस प्रकार से बदमाशों को पकड़ने के दौरान उनके टांगों में चोट आने के मामले सामने आ चुके है। इसमें बैंक डकैती वाली घटना भी शामिल है। इस मामले में मुख्य आरोपी धाबास निवासी रवि पंडित के साथ जयपुर निवासी मुकेश सामोता और दूदू निवासी सुरेंद्र देवलिया को शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। अब उनकी 29 अप्रेल को शिनाख्त परेड होगी।

# 15 लाख रु.लूट मामले में 20 लोगों से पूछताछ

**जयपुर**। अशोक नगर थाना इलाके में बुधवार को ट्रेडिंग कार्यालय में घुसकर दो बदमाशों द्वारा हथियारों के दम पर 15 लाख रुपए लूट के मामले में पुलिस पिछले दो दिन में 20 से अधिक लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर चुकी है, लेकिन अभी तक पुलिस को लुटेरों का कोई क्लू नहीं मिला। पुलिस ने बताया कि लूट के मामले में बड़ी संख्या में लोगों को पकड़कर पूछताछ की जा चुकी है, लेकिन अभी तक लुटेरों का कोई सुराग नहीं मिला है। इस मामले में संदिग्ध कई लोगों से लगातार पूछताछ जारी है। मामले में शहरभर के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे है। गौरतलब है कि युधिष्ठिर मार्ग पर डीयर पार्क के सामने स्थित केसरी भवन बिल्डिंग में घुसकर बदमाशों ने दो महिलाओं को पिस्टल दिखाकर 15 लाख रुपए लूट लिए। यह कार्यालय इसी बिल्डिंग के मालिक डॉक्टर केसी चौधरी का है। जो कलेक्शन के लिए बनाया गया है। दरअसल, इस बिल्डिंग में 10 से ज्यादा ऑफिस चलते हैं। दोनों बदमाशों ने केसी चौधरी के ऑफिस में मौजूद दो महिलाओं को पिस्टल दिखाई। डरा धमका कर बदमाशों ने दराज में रखी हुई लॉकर की चाबी निकाली। लॉकर में रखे हुए 15 लाख रुपए लूट कर भाग गए।

## सार-समाचार

### मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम संपन्न



**जयपुर**। व्यास सेवा संस्थान की ओर से ग्रीन पार्क दादी का फाटक मुरलीपुरा स्थित श्री इंद्रेश्वर महादेव हनुमान मंदिर में शुक्रवार को राम दरबार, राधा-कृष्ण भगवान की हवन के साथ प्राण प्रतिष्ठा की गई। संस्थान के अध्यक्ष नरेन्द्र व्यास ने बताया कि प्रारंभ में कलश यात्रा निकाली गई। गायत्री शक्तिपीठ कालवाड़ के प्रहलाद शर्मा के आचार्यत्व में सभी प्रतिमाओं को जलाधिवास और अन्नाधिवास करा कर प्रतिमाओं का पूजन किया गया। प्रहलाद शर्मा ने कहा कि श्रद्धालुओं की श्रद्धा और विश्वास से ही पाषाण की प्रतिमा में प्राण आते हैं। इस मौके पर यजमानों ने सपत्नीक पूजा-अर्चना कर गायत्री महायज्ञ में आहुतियां अर्पित कीं। राजेन्द्र सैनी ने प्रज्ञागीतों की सरस प्रस्तुतियां दीं। वेद मंत्रों के साथ प्रतिमाओं में प्राण का आव्हान किया गया। मंदिर में बनाए निर्धारित स्थान पर प्रतिमाओं की स्थापना कर फूलों से मनमोहक श्रृंगार किया गया। इसके बाद संगीतमय महाआरती की गई। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। प्रधान कुंड पर सौरभ व्यास, वर्षा व्यास, सुभाष चंद्र झा, रेनू झा, सुरेंद्र पारीक और सुधीर तिवारी व संस्थान के सदस्यों ने आहुतियां दी। इस अवसर पर राजेंद्र शर्मा, महेंद्र कुमार भौमिया, संस्थान के अध्यक्ष कैलाश शर्मा राष्ट्रदूत, संस्थान के संस्थापक सचिव नरेंद्र व्यास, कमल किशोर शर्मा, रामावतार, महेश शर्मा, सुरेंद्र पारीक, पवन शर्मा, पुजारी सेवक महासंघ के अध्यक्ष कमल किशोर शर्मा, लोकगीत संस्थान के राजीव वशिष्ठ, राजस्थान ब्राह्मण महासभा की वरिष्ठ पदाधिकारी ओमप्रकाश चोटिया आदि उपस्थित रहे।

### टेनिस लीग में डॉक्टर्स ने दिखाया दम



**जयपुर**, (का.सं.)। मेडिकोज सोशल वेलफेयर सोसायटी के तत्वाधान में अक्षत चतुर्थ संस्करण डॉक्टर प्रीमियर टेनिस लीग (डीपीटील) में जय क्लब में रोमांचक मुकाबले हुए। लीग चेयरमैन डॉ. जयंत सेन ने बताया कि फोर्टिस हॉस्पिटल ने एसएमएस टॉरपेडोज को 4-0 से, मलोत हॉस्पिटल ने निशांत टीम को 2-1 से नी राइडर्स ने सैंडी स्ट्राइकर्स को 2-1 से व रेटिना रेकुटीयर्स ने रवींद्र हॉस्पिटल को 4-0 से हराया। लीग आयोजन सचिव डॉ अनिल यादव बताया कि एक अन्य मैच में के सी मेमोरियल ने रेटिना रेकुटीयर्स को 4-0 से हराया। लीग कोऑर्डिनेटर डॉ.ओम मील ने बताया की टीम सवाई चैंप्स ने थापर टाइटन्स को 4-0 से, फोर्टिस हॉस्पिटल ने महात्मा गाँधी हॉस्पिटल को 4-0 से हराया। लीग को चेयरमैन डॉ हरीश भारद्वाज ने बताया कि दूसरे अन्य मैंचों में आदित्य ने अर्चन को 6-1 से, दीपक-अक्षय ने आधार-विपुल को 6-0 से, पुनीत-संदीप ने रजत सुधांशु की जोड़ी को 6-4 से हराया।

### हथियारों के साथ बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर**। पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन के तहत मालपुरा गेट पुलिस ने कार्रवाई करे हुए एक बदमाश को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। जिसके पास से एक पिस्टल,दो मैगजीन,दस जिंदा कारतूस सहित एक खाली केश बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपित के खिलाफ पूर्व में भी एक दर्जन से अधिक प्रकरण दर्ज है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व कावेन्द्र सिंह सागर ने बताया कि ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन (आग) के तहत मालपुरा गेट थाना पुलिस ने कार्रवाई करे हुए सचिन कुमार जाट निवासी खेतड़ी जिला झुंझुनू को थाना इलाके में स्थित रीको कांटा पुलिया के पास से गिरफ्तार किया है। जिसके पास से पुलिस ने एक पिस्टल,दो मैगजीन, दस जिंदा कारतूस सहित एक खाली केश जब्त किया है। पुलिस आरोपी से अवैध हथियार की खरीद-फरोख्त के बारे में पूछताछ कर रही है।

### 'तीन तलाक' का मामला दर्ज

**जयपुर**। ट्रांसपोर्ट नगर थाना इलाके में एक पति द्वारा पत्नी को तीन तलाक देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि ट्रांसपोर्ट नगर निवासी 25 साल की महिला ने मामला दर्ज करवाया कि साल 2019 में उसकी शादी हुई थी। शादी के बाद से ही पति उससे मारपीट करता था। कुछ समय पहले आरोपी पति ने मारपीट कर उसे घर से भी निकाल दिया था। इसके बाद वह अपने माता-पिता के साथ पीहर में रख रही है। गुरुवार सुबह करीब 8 बजे वह अपने माता-पिता के साथ ससुराल आई थी। परिजनों ने पति को समझाने का प्रयास किया, लेकिन आरोपी पति और उसके भाई ने उनके साथ जमकर मारपीट की। इस दौरान उसके पति ने सभी के सामने मारपीट कर तीन पर तलाक-तलाक-तलाक बोला और कहा कि आज से तेरा-मेरा कोई रिश्ता नहीं है। तू अब जानवर की तरह सड़। तुझे पता नहीं मेरे रसूख, मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता।

### मुनाफे का लालच देकर 6 लाख रु. ठगे

**जयपुर**। विद्याधर नगर इलाके में एक कम्पनी में निवेश करने पर मोटे मुनाफे का लालच देकर एक युवक से 6 लाख रुपए ठगने मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार मंदिर मोड विद्याधर नगर निवासी धर्मेंद्र सिंह ने मामला दर्ज करवाया कि अमर चंद, मोहित पचार और उनके साथियों ने उसे नेक्शा एवरग्रीन कम्पनी में निवेश करने पर मोटा मुनाफा कमाने का झांसा दिया। इस पर पीडित ने अपने खाते पर लोन लेकर 6 लाख रुपए कम्पनी में निवेश कर दिए। लेकिन इसके बाद यह कम्पनी बंद हो गई।

# युवक ने खुद के अपहरण की झूठी कहानी रची

**जयपुर**। बिंदायका इलाके में एक युवक ने शेयर मार्केट में रुपए डूबने पर अपने किडनैप की झूठी कहानी रची। आरोपी ने पिता को वाइस रिकॉर्डिंग भेजकर धमकाया कि एक लाख रुपए दो। नहीं तो बेटे की लाश घर भेज देंगे। पिता की शिकायत मिलने पर बिंदायका थाना पुलिस ने मोबाइल लोकेशन ट्रेस कर किडनैपिंग की झूठी कहानी रचने वाले युवक को पकड़ लिया।

पुलिस ने बताया कि भरत विहार सिवार मोड़ निवासी यादराम ने बुधवार को किडनैपिंग का मामला दर्ज करवाया था। शिकायत में बताया कि उसके बेटे अमित (35) का किडनैप कर एक लाख रुपए की फिरौती मांगी गई है। गत 21 अप्रैल की रात अमित ड्यूटी पर कंपनी गया था। उसके बाद से घर नहीं आया। 23 अप्रैल को उसके वॉट्सऐप पर वाइस रिकॉर्डिंग आई। रिकॉर्डिंग भेजने वाले ने धमकाया कि "अमित का किडनैप कर रखा है। एक लाख रुपए फिरौती के चाहिए। पुलिस को इसकी जानकारी दी तो उसकी लाश घर आएगी।" फिरौती की रकम देने के लिए पिता यादराम ने अपने बैंक अकाउंट को चैक किया। बैंक अकाउंट से पहले ही करीब 2.50 लाख रुपए गायब थे। रुपयों की व्यवस्था के लिए बेटे की कंपनी पहुंचकर पूछा। कंपनी स्टाफ से पता चला कि रात करीब 9:30 बजे बस से अमित सिवार मोड़ पर उतर गया था। कंपनी चलने की कहने पर बोला कि वह ड्यूटी पर नही जाएगा। किसी काम से जयपुर जाऊंगा। पैसों की व्यवस्था नहीं होने पर बिंदायका थाने में यादराम ने बेटे अमित की किडनैपिंग का मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर किडनैप अमित की तलाश शुरू की। धमकी भरी रिकॉर्डिंग भेजने वाले मोबाइल नंबर को ट्रेस किया। मोबाइल लोकेशन के आधार पर पुलिस टीम ने बस में बैठकर दौसा जाते समय अमित को रास्ते में पकड़ लिया। बिंदायका थाने लाकर पूछताछ करने पर अमित ने बताया कि शेयर मार्केट में उसका लगाया पैसा डूब गया। इस कारण उसने खुद के किडनैपिंग की झूठी कहानी रची। मोबाइल ऐप के जरिए वाइस बदलकर वॉट्सऐप पर धमकी भरी वाइस रिकॉर्डिंग पिता को भेजी। पिता यादराम के बैंक अकाउंट से भी उसने पैसे निकालकर शेयर मार्केट में लगाए थे। पुलिस ने शांतिभंग के आरोप में अमित को अरेस्ट किया।

# आजीवन सजा काट रहे फलाहारी बाबा पेरोल पर रिहा

**जयपुर**। राजस्थान हाईकोर्ट ने अलवर स्थित अपने आश्रम में शिष्या के साथ दुष्कर्म करने के अपराध में आजीवन कारावास की सजा काट रहे फलाहारी बाबा को बीस दिन के नियमित पैरोल पर रिहा करने के आदेश दिए हैं। जस्टिस इन्द्रजीत सिंह और जस्टिस आशुतोष कुमार की खंडपीठ ने यह आदेश कौशलेंद्र प्रपन्नाचार्य उर्फ फलाहारी की पैरोल याचिका को स्वीकार करते हुए दिए। अदालत ने गत 29 जनवरी की पैरोल कमेटी के आदेश को भी रद्द कर दिया है, जिसमें कमेटी ने अभियुक्त बाबा को पैरोल नहीं देने की सिफारिश की थी। अदालत ने आदेश में कहा कि अभियुक्त 7 साल से जेल में बंद है। ऐसे में वह पैरोल लेने का अधिकारी है। जेल में उसका आचरण भी संतोषजनक मिला है। इसलिए उसे पैरोल पर रिहा किया जाना उचित है। याचिका में अधिवक्ता विश्राम प्रजापति ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता सात साल से अधिक की अवधि से जेल में बंद है। ऐसे में वह बीस दिन के प्रथम नियमित पैरोल का अधिकारी है, लेकिन पुलिस अधीक्षक की विपरीत रिपोर्ट के चलते पैरोल कमेटी ने उसका आवेदन निरस्त कर दिया था।

# साढ़े 9 बीघा कृषि भूमि पर बसाई जा रही 3 अवैध कॉलोनियां ध्वस्त

## सिटी विनायक, लक्ष्मी सिटी और बालाजी विहार के नाम से बसाई जा रही थी अवैध कॉलोनियां

**जयपुर**। जेडीए के प्रवर्तन दस्ते ने निजी खातेदारी की करीब 9.5 बीघा कृषि भूमि पर बसाई जा रही 3 अवैध कॉलोनियों को प्रारंभिक स्तर पर ही पूर्णतः ध्वस्त किया।

मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन महेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि जोन-13 में सामरिया रोड पर 2 बीघा कृषि भूमि पर "सिटी विनायक" के नाम से अवैध कॉलोनी काटकर उसमें मिट्टी-ग्रेबल सडकें, मकानों की बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर कर लिए गए थे। इसी तरह ग्राम सिन्दोली में करीब 5.5 बीघा कृषि भूमि पर "लक्ष्मी सिटी" तथा ग्राम बस्सी में 2 बीघा कृषि भूमि पर "बालाजी विहार" के नाम से अवैध कॉलोनी बसाई जा रही थी। तीनों की कॉलोनियां कृषि भूमि पर काटी गई थी। काश्तकारों ने ना तो भू-रूपांतरण कराया और ना ही जेडीए से कोई निर्माण स्वीकृति ली।



इन कॉलोनियों में रातोंरात जमीन समतल करके मिट्टी-ग्रेबल की सड़कें, कई मकानों की बाउंड्रीवाल व अन्य निर्माण कर लिए थे, जिन्हें जेडीए के प्रवर्तन दस्ते ने जेसीबी और मजदूरों की मदद से ध्वस्त किया। ध्वस्तीकरण का हर्जा-खर्चा भी संबंधित भूमि मालिक से वसूला जायेगा।

# प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव संपन्न

**जयपुर**। उत्तर भारत की प्रमुख श्री वैष्णव पीठ उत्तर तोदाद्रि मठ श्री गलता जी के अन्तर्गत मंदिर श्री रामगोपाल जी में गलता पीठाधीश्वर स्वामी सम्पत कुमार अवधेशाचार्य महाराज के सान्निध्य में तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव मनाया गया।



युवाचार्य स्वामी राघवेन्द्र ने बताया कि आमेर रोड स्थित मंदिर श्री रामगोपालजी में किशोरीजी की मूर्ति का तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव मनाया गया। किशोरी जी का पंचधातु से निर्मित अति दिव्य एवं दर्शनीय विग्रह दक्षिण भारत में बनवाया गया है। वैदिक विधि के साथ दक्षिण भारतीय विद्वानों द्वारा विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा की गई। प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतिम दिन शुक्रवार को गलता पीठाधीश्वर अवधेशाचार्य महाराज के सान्निध्य में सुबह हवन के साथ महानुष्ठान की पूर्णाहुति की गई। इसके किशोरी जी के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा कर भगवान रामगोपाल के निकट विराजमान किया गया। इसके पश्चात अम्माजी और भगवान का अति आकर्षक श्रृंगार कर आरती की गई। दक्षिण भारत से आए यादगिरी स्वामी एवं अन्य विद्वानों ने प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव सम्पन्न कराया। दक्षिण भारत के पाक शास्त्रियों द्वारा निर्मित गोष्ठी प्रसादी नित्य भगवान को भोग लगाई गई तथा कोलकाता से मंगाई गई मालाएं भगवान को धारण कराई गईं।

प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में श्री दक्षिण मुखी बालाजी मंदिर हाथोज के महंत बालमुकुंदाचार्य महाराज, बिहारीजी मंदिर के महन्त नरेन्द्र महाराज, सचिन महाराज, लक्ष्मीनारायण के महंत मंदिर के त्रिविक्रमाचार्य महाराज, मुरली मनोहर मंदिर के शैलेश प्रपन्नाचार्य महाराज, सरस निकुंज के अलबेली माधुरीशरण महाराज, नृसिंह मंदिर के महंत नारायणाचार्य महाराज, नहर के गणेश जी मंदिर के महंत जय शर्मा, मानव शर्मा समेत अनेक संत-महंत मौजूद रहे, जिन्हें माला, दुपट्टा, भेंट, प्रसाद से बहुमान-सम्मान किया।

# 'सफाई कर्मचारी भर्ती जारी रखें'

**जयपुर**। राजस्थान हाईकोर्ट ने स्थानीय निकायों में 24,797 पदों पर सफाई कर्मचारियों की भर्ती में अनुभव प्रमाण पत्र की पात्रता शर्त में भर्ती प्रक्रिया के बीच में किए बदलाव को चुनौती देने के मामले में राज्य सरकार को भर्ती प्रक्रिया जारी रखने की छूट दी है। हालांकि अदालत ने भर्ती को याचिकाओं के अंतिम निर्णय के अधीन रखा है। अदालत ने राज्य सरकार को कहा है कि भर्ती में याचिकाकर्ताओं के हित भी प्रभावित नहीं होने चाहिए। वहीं अदालत ने मामले की सुनवाई 28 मई को तय की है। जस्टिस समीर जैन ने यह आदेश उदय सिंह यादव सहित करीब ढाई दर्जन याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए दिए। याचिकाओं में अनुभव प्रमाण पत्र को लेकर 15 मार्च 2024 की पात्रता शर्तो को चुनौती देते हुए कहा कि राज्य सरकार की स्थानीय निकायों में एक मार्च 2024 को निकाली सफाई कर्मचारियों की भर्ती में लाखों अभ्यर्थियों ने आवेदन किया। भर्ती प्रक्रिया के बीच में ही एजेंसी ने 15 मार्च को अनुभव प्रमाण पत्र की शर्तें बदल दी।

# श्री अन्नपूर्णा रसोईयों में होगा गीले-सूखे कचरे का सेग्रीगेशन



**जयपुर**। नगर निगम ग्रेटर द्वारा गीले व सूखे कचरे के सेग्रीगेशन के लिये निरन्तर प्रयास किये जा रहे है। शुक्रवार को नगर निगम ग्रेटर मुख्यालय स्थित श्री अन्नपूर्णा रसोई से इसकी शुरूआत की गई। श्री अन्नपूर्णा रसोई में गीले व सूखे कचरे को अलग-अलग कर अतिरिक्त आयुक्त सीमा कुमार द्वारा हूपर में अलग-अलग डाला गया।

अतिरिक्त आयुक्त ने आमजन से अपील की कि गीले व सूखे कचरे को अलग-अलग करें तथा उसकी कम्पोंस्टिग के भी आवश्यक रूप से प्रयास किये जाये। उपायुक्त स्वास्थ्य नवीन भारद्वाज ने बताया कि नगर निगम ग्रेटर की सभी श्री अन्नपूर्णा रसोई में नीले व हरे रंग के डस्टबिन रखवाये गये है जिससे गीले व सूखे कचरे को अलग-अलग किया जा सके तथा उन्हें पृथक-पृथक कर हूपर में डाला जाये।



## Woody Woodpecker Day

Every year on April 27, fans of animation celebrate *Woody Woodpecker Day*, marking the lasting impact of this iconic animated character. Created by Walter Lantz in 1940, Woody quickly became a symbol of mischief and humour with his unmistakable laugh and playful antics. This day gives everyone a chance to relive the joy and laughter that Woody has brought into lives, for decades. The celebration of *Woody Woodpecker Day* isn't just about nostalgia. It's also a recognition of animated cartoons' artistic and cultural significance. Woody Woodpecker's adventures have delighted fans around the world.

#MIND & BODY

# What pain in specific areas of the body might mean

What pain in the body could mean for your health



Did you know that pain in one part of the body might indicate a more serious problem elsewhere? This fascinating phenomenon, called *referred pain*, happens because the nerves from different parts of the body can share neural pathways with the brain, which can get confused about where the pain is coming from. While referred pain is a well-documented clinical observation, using it as the sole method to determine the source of a problem is not always reliable. Accurate diagnosis often requires comprehensive clinical evaluation, including medical history, physical examination, and sometimes imaging or other diagnostic tests.




### What pain in specific areas of the body might mean

- **Right abdomen and shoulder:** Pain in the right abdomen and shoulder can indeed indicate gallbladder issues, specifically gallstones or cholecystitis, which aggravates on bending forward and it is due to the *phrenic nerve referral*.
- **Left arm:** Pain in the left arm is classically associated with heart problems, such as a heart attack, because of shared sensory pathways. It can be also due to *cervical radiculopathy*.
- **Lower back:** Kidney pain can refer to the lower back, but attributing all low back pain to kidney issues is overly simplistic, as *musculoskeletal problems* are more common causes. Renal stones have loins to groin pain.
- **Lower right side:** *Appendicitis* typically causes pain in the lower right abdomen, but not all pain in this area is due to the appendix.
- **Chest and neck:** While pain in the chest and neck can indicate issues with the lungs, such as pneumonia or pleurisy, it can also be due to *cardiovascular problems*.
- **Hip or thigh:** Pain in the hip or thigh, being referred from the intestines, is unlikely. Such pain more commonly arises from musculoskeletal or nerve issues. Referred pain is a complex aspect of the nervous system and often requires careful examination and diagnosis by healthcare professionals to identify and address the root cause. Below are some additional examples of this phenomenon.
- **Testicular issues:** Pain from testicular issues can indeed refer to the lower abdomen or inner thigh due to the shared sensory nerves.
- **Ovarian cysts/issues:** These can cause referred pain to the lower back due to pelvic inflammation extending to the sensory nerves around the spine.
- **Ear/throat infections:** Pain from these areas can indeed refer to the jaw or neck because of the interconnected nature of *cranial nerves*.
- **Cervical spine problems:** Issues here can cause pain referred down to the arm or to the shoulder due to nerve compression or irritation.

### Diagnostic approaches to determine the source of pain

Understanding and diagnosing pain, based on referred patterns, requires a holistic approach that considers all possible sources and uses an array of diagnostic tools to pinpoint the exact cause. Here is a list of some of the diagnostic methods to get more accurate results.

- **Clinical evaluation:** A thorough history and physical examination are the first steps, focusing on the nature, duration, and specific characteristics of the pain.
- **Imaging tests:** X-rays, MRI scans, and CT scans can help visualize the internal structures and identify abnormalities that might be causing pain.
- **Lab tests:** Blood tests can detect markers of inflammation, infection, or other biochemical states associated with pain.





The poet in Malashri Lal is a quiet observer. She finds her muse everywhere, in her daily life and in the people she meets. Her poems talk to and talk about everything that catches her attention, from trees to lost souls to flowers and even Gulzar *Sahab*.

# The Words And The Muse Just Come...

PART:4



Malashri Lal at a book event.




Shailaza Singh
*Published author, poet and a YouTuber*


How does a poet write a poem? Is it a logical process like prose or is it a play of mind, intuition, experiences? Malashri Lal believes that the process of 'writing a poem' involves more than just words and rhythm.

- **There must be some kind of serendipity and intuition at play when writing a poem?**

Both happen. *Serendipity* also happens and the accidental development of a poem also happens. I had written a poem about Geeta Chandran, a well-known dancer and a very good friend. I had gone to see Geeta. She was doing this absolutely stunning performance, which is on the life of 'Gandhi.' She is such a beautiful dancer and she did that whole thing wearing a stark white saree with a black border. She did not wear a *kanjeevaram* saree like the dancers usually wear. There were no props, nothing! I was so moved with what she had done with the 'Charkha' and 'Gandhi' using simply light. I came and wrote this poem and sent it off to Geeta and Rajiv. She liked it so much that she shared it with everyone.

### In Gandhi's Shadow

**"For Geeta Chandran**
**The dancer's taut body**
**Bent to the bullets**
**Of hate embedded in the history**
**Of my country,**
**Her body curved into the grace**
**Of supple Satyagraha**
**Pangs of hunger**
**Self-induced silence**
**Never retaliating when violated**
**By lathi charge, insults, aggression.**
**The scavengers bent double**
**To scoop up human waste**
**While others blocked their nose**
**And eyes and ears to the wretched poor.**
**Gandhi watched alone**
**Stricken to the core by the**
**Assaults on human dignity.**
**The dancer's hands wove subtle ropes**
**On the invisible charkha**
**The warp and weft of**
**India's Independence**
**That even today drives us together**
**And also apart**
**While Bapu sighs, Hey Ram."**



Malashri Lal with Gulzar.

- **It is interesting that you have written a poem on the poet himself!**

I, along with some others in a group, had worked very closely with Gulzar *sahab* on a project in Chamba, in 2010 or 2012. It was about preserving the old history of older women. We had done a conference in the Indian Institute of Advanced Studies (formerly known as the Viceregal Lodge) in Shimla with Gulzar *sahab*. This building is quite old. It has a seminar room which is quite beautiful. It has silk brocade walls and chandeliers. Gulzar *sahab* was reading his famous poem, "*Kitabe jhankti hai band almari ke sheesha se*" in that room. It goes back to those old days when boys and girls could not communicate directly with each other and hence, they used to hide love notes and petals, pressed in these books and meet on the pretext of returning the books. A world that today's children will never resonate with. It struck me that he was reading it at time when digitization had come in and hence, I wrote this poem.

### A Poet's Remembrance For Gulzar *Sahab*

**"In the brocade-lined old hall,**
**the poet read,**
***Kitabe jhankti hai band almari ke sheesha se***
**And time stood still while images wrote their story in the air**
**Resonant with words**
**His deep gentle voice and crisp words meld lyric and memory**
**Of yesteryears without digital exuberance**
**When love was wrapped in dried rose peals**
**And modesty was not an anti-feminist term**
**Libraries of books have lost their role as mediators in young romance**
**The ubiquitous cell phone has abbreviated both love and intimacy**
**The poet though nostalgic has a wry smile**
**Giving voice to those pages locked behind the glass."**

- **Your poem 'Afternoon Serenade' talks about lost souls in search of company.**

Yes. I frequent this place in Delhi, where a lot of elderly people come and I have years of memory of older aunts and uncles, frequenting that place. You can go there any time after 4 in the evening, and they are always willing to give you a coffee and a pastry or a patty. In Delhi, people don't visit each other's homes like they do in Jaipur. So, a lot of elderly people find company in such places around Delhi. These places are impersonal, affordable, beautiful and you are not obligated to anyone. I used to feel so grateful for such places for these elderly people because had they not been there, they would have been sitting alone in their homes. Whenever I go there, it is a kind of an impromptu companionship, where you will meet someone or the other and then have coffee with them or go for a walk with them. Many such people, I know, live completely on their own. They aren't financially dependent and have caregivers but where is the human company or the intellectual companionship? These are people who have been government officers, professors. They have had positions of authority. Today, they are sitting and reading the newspapers in such places. But the image, that I want to convey through this, is a positive image because these people still have places like these where they can find company and spend their time nicely.




Malashri Lal with Kiriti Sengupta and Bitan Chakraborty of Hawakal Publishers.



Malashri Lal with Rama Pandey, Geeta Chandran and Sudhir Mathur.

## #BOOKS








### Afternoon Serenade

**"Lost souls in search of company**
**Seek out tables**
**Overlooking the pond**
**Staring at the water and trees beyond**
**Pretending not to hear**
**The loneliness within**
**That yearns for voices**
**And finds it answered by birds**
**Longs for movement**
**Kindly activated by squirrels**
**Hopes for glorious flights**
**Then finds butterflies enacting this dream**
**In teacups, the images float one into another**
**While the afternoon turns to dusk**
**God's creatures steal into their nests and lairs,**
**The lost souls wrap blankets of forgetfulness**
**Around their frail shoulders**
**And quietly doze into the next dawn."**

- **So, when you visit such places, you write your poems there and then? Do you carry a pen and paper with you?**

Yes, sometimes I write it, there and then, and sometimes, the image stays with me and I come back home and write it. These days, I write my poems on my phone and email them to myself. Before the phone, I used to write them in diaries or pieces of paper.

- **What is the story behind the poem 'Easter Lilies in an Empty Home?' Whose home is this?**

When I shifted into this other house (which belonged to my parents), that we have in Jaipur due to personal reasons, I had bought some 'Easter lilies' that had been in the old house, right from my parents' time and planted them here. I live in Delhi and visit Jaipur every now and then. But now what happens is every April, these bulbs have proliferated. I do nothing during the year. But every April, it is like a riot of colours with these lilies. Every year, the bulbs are growing in numbers. I wrote this poem in the April of 2023. I feel 'lilies' are a message from somewhere, as if to say that we are still there in your life, don't worry.

### Easter Lilies in an Empty Home

**" 'Come' they call out,**
**'It's the season of forgiveness'**
**A hundred lilies stand tall**
**Renewed by the magic of seasons**
**The pink stripes may be scars from yesteryear**
**The white streaks are healing balm**
**To be washed by the dew**
**The supple leaves**
**flat and curved**
**cradle the flowers that have no other family**
**Some do, maybe three lilies on a stem**
**But they squabble like siblings**
**Pushing for space**
**They calmly grace the garden of a silent home**
**The owners alive only in obituaries**
**The lilies don't worry on that count**
**Buried bulbs know they will creep upwards in season**
**Life's renewal is a beautiful certainty."**



Geeta Chandran performing 'Gandhi Warp and Weft.'

- **There is another poem in which you talk about your mother.**

I wrote this poem when I was abroad, visiting my son and daughter-in-law. We were on a vacation somewhere, and I was looking at the sky changing colours in the evening. Somehow this poem came to me. I lost both my parents in a tragic car accident. I was very close to my parents. They were my friends, teachers and mentors. I had a very open relationship with both of them. They had a very complementary relationship with each other. My father never went to the kitchen. Not that he didn't want to but he made such a mess of it that my mother told him to stay out and let the cook handle everything. Today, there are these talks about feminism and equality. My concept is somewhat different. A relationship between a husband and wife should be more about complementary rather than division of labour.

### Dreaming of Ma by the Sea

**"You live somewhere between the black night and the bright star,**
**Free of body and its temporal limits.**
**In green leaves turning to red in a mellow autumn**
**I catch a glimpse of the saree pallav on that day**
**You knew life was short and might become shorter.**
**In the shimmer of an unsteady wave on the lake**
**I recall your tremulous smile when you whispered trying a hopeless cure,**
**In the rough hewn rocks that line the harbour,**
**I remember your will to fight an uneven battle with the rouge cells.**
**Here, on shores unknown to you and me,**
**We meet again.**
**When the dark sky rests on the sparkle of stars,**
**Living and dying are no longer apart."**


**-To be continued**


rajeshsharma1049@gmail.com


#SOLAR FLARE


# 4 flares erupt from Sun in rare celestial event

Current solar activity points to the Sun likely nearing or reaching the peak of its 11-year solar cycle known as solar maximum. The sight of 'sympathetic solar flares' in different regions of the star was captured by NASA's Solar Dynamics Observatory, according to *Weather and Radar*, showing complex magnetic interactions.



Four solar flares erupted simultaneously on April 23 in a rare celestial event, possibly heralding in the Sun's dynamic 11-year cycle. The sight of 'sympathetic solar flares' in different regions of the star was captured by NASA's Solar Dynamics Observatory, according to *Weather and Radar*, showing complex magnetic interactions.

The four-part eruption began around 1 A.M. EDT (Eastern Daylight Time) on Tuesday (April 23), originating from three sunspots and a large magnetic filament. Each of the blast sites were separated by hundreds of thousands of miles and the area between them covered around a third of the solar surface facing Earth. The concurrent blasts were part of one single eruption, known as a *sympathetic solar flare*.



### What are Sympathetic Flares?

Sympathetic flares are caused by multiple eruptions across the Sun's magnetic field, linked by massive magnetic field loops that lie above the solar surface. When one spot detonates, others follow suit. This leads to *coronal mass ejections* (CMEs) and massive bursts of plasma.


Such solar activity is likely an indication of the Sun reaching the peak of its 11-year solar cycle known as 'solar maximum.' The peak is marked by increased solar events like flares and CMEs. As scientists continue to monitor the event and its aftermath, the event offers a peek into understanding the Sun's complex life cycle. This is the third sympathetic solar flare this year, following a pair of explosions in January and a duo of X-class flares in March.

### Why is this event rare?


Most sympathetic flares reported so far include two linked flares, ranging from small outbursts to X-class flares, the most powerful class of solar flares that the sun can produce. The emission of four flares in unison makes this event 'super-sympathetic.'

### How can they impact Earth?

If directed towards the Earth, they have the potential to disrupt power grids, telecommunication networks and orbiting satellites and expose astronauts to dangerous doses of radiation. Minor class G1 geomagnetic storms around April 25 and April 26 could also illuminate skies at lower latitudes with auroras.



## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# उदयपुर में सर्वाधिक मतदान झाड़ोल में 68.67 प्रतिशत रहा

## उदयपुर लोकसभा सीट पर 62.51 प्रतिशत मतदान हुआ

**उदयपुर, (का.सं.)।** प्रदेश में दूसरे चरण में सम्पन्न लोकसभा चुनाव के तहत शुक्रवार को उदयपुर लोकसभा सीट पर मतदान शांतिपूर्वक सम्पन्न हुआ। शाम 6 बजे तक उदयपुर संसदीय क्षेत्र में 62.51 प्रतिशत मतदान हुआ जिसमें

- **नवविवाहित जोड़ा फेरे लेने के बाद मतदान करने पहुंचा तो वहीं सराड़ा क्षेत्र के लोग नदी पार कर नाव से वोट देने पहुंचे**

सर्वाधिक झाड़ोल क्षेत्र में 68.67 प्रतिशत मतदान हुआ। इधर उदयपुर के सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल पदराड़ा में कमलेश पुत्र हीरालाल दर्जी का वोट कोई अन्य डाल गया। कमलेश दर्जी ने फर्जी वोटिंग का आरोप लगाते हुए उसका वोट डलवाने की मांग की।

उदयपुर संसदीय क्षेत्र में शाम 6 बजे मतदान समाप्ति पर गोगुन्दा में 61.2 प्रतिशत, झाड़ोल में 68.62 प्रतिशत, खेरवाड़ा में 60.26 प्रतिशत, उदयपुर ग्रामीण 65.20, उदयपुर शहर 64.10, सलूम्बर 57.2 प्रतिशित, धरियावद 65.11 व आसपुर में 58.4 प्रतिशत मतदान हुआ। कई पोलिंग बूथों पर शाम 6 बजे तक कतार को देखते हुए अंतिम आंकड़ों में संशोधन संभव है। गत लोकसभा चुनाव वर्ष 2019 में इस सीट पर 69.99 प्रतिशत मतदान हुआ था जो इस बार लगभग सात प्रतिशत मतदान कम हुआ है। उदयपुर संसदीय क्षेत्र के लिए शुक्रवार को मतदान की प्रक्रिया सुबह 7 बजे से शुरू हुई और शाम 6 बजे सम्पन्न हुई। मतदान को लेकर मतदाताओं में खासा उत्साह नजर आया। नवविवाहित जोड़ा फेरे लेने के बाद मतदान करने पहुंचा तो वहीं सराड़ा क्षेत्र के लोग नदी पार कर नाव से वोट देने पहुंचे। देबारी पंचायत का रहने वाला जितेंद्र वैष्णव की बारात वोट करने पहुंची। गाजे-बाजे से बारात वोट डालने पहुंची तो पोलिंग बूथ पर पूरा माहौल उत्साहित हो गया।



उदयपुर में असम के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने परिवार के साथ हाउसिंग बोर्ड मतदान केन्द्र पर मतदान किया।

असम के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया परिवार सहित उदयपुर के हाउसिंग बोर्ड मतदान केंद्र पर मतदान करने पहुंचे। उदयपुर शहर के गुरु नानक पब्लिक स्कूल शास्त्री सर्कल पर मतदान करने के लिए पहुंचे उदयपुर लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी ताराचंद मीणा परिवार के साथ लाइन में लगे। वहीं भाजपा प्रत्याशी मन्ना लाल रावत ने सेक्टर 14 स्थित नवजीवन पब्लिक स्कूल में सपरिवार मतदान किया।

# अजमेर में मतदान दिवस पर मतदाताओं ने स्वेच्छा से ही निकलकर मतदान किया

## भाजपा के बूथ मैनेजमेंट और कांग्रेस के बूथ मैनेजमेंट में काफी अंतर रहा

**अजमेर, (कासं)।** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान शुक्रवार शाम को 6 बजे सम्पन्न हो गया। अजमेर लोकसभा सीट से कुल 14 उम्मीदवार मैदान में है लेकिन भाजपा के भागीरथ चौधरी और कांग्रेस के रामचंद्र चौधरी

- **अजमेर में शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न, 59.22 प्रतिशत रहा मतदान**

के बीच सीधा ही रहा। पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा के भागीरथ चौधरी चार लाख से अधिक मतों से विजयी हुए थे। इस बार दोनों में अच्छी टक्कर मानी जा रही थी।

मतदान दिवस पर भाजपा का बूथ मैनेजमेंट और कांग्रेस के बूथ मैनेजमेंट में काफी अंतर रहा। यही कारण है कि मतदाताओं ने स्वेच्छा से ही निकल कर मतदान किया है। वैसे पूरे चुनाव में किसी तरह का मुद्दा अथवा फैक्टर काम करता नहीं दिखा, जो कुछ दिखा वह यह कि मतदाता बहुत पहले से ही तय



अजमेर जिले में कई बूथों पर महिला मतदाताओं की भीड़ देखी गई।

कर बैठा था कि इस बार किसे मत देकर आना है। सुबह सात बजे से शुरू हुआ मतदान शाम होते होते 59.22 के पास पहुंच गया। शाम पांच बजे तक करीब 52.38 प्रतिशत औसत मतदान अजमेर संसदीय क्षेत्र का दर्ज किया गया। इसके बाद मौसम का मिजाज बदलने और तापमान में गिरावट के कारण लोगों ने तेजी में घरों से मतदान केंद्रों की ओर कूच किया। शाम छह बजे तक शहरी और देहात के अनेक मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की लम्बी कतारें देखने को मिली हैं। भाजपा प्रत्याशी भागीरथ चौधरी ने किशनगढ़ में सरस्वती स्कूल में और कांग्रेस प्रत्याशी रामचंद्र चौधरी ने देवास गांव में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने रामनगर से बूथ पर और विधायक अनीता भदेल ने भजन गंज स्थित बूथ पर मतदान किया। महिला मतदाताओं में भी काफी उत्साह देखा गया। एक महिला मतदाता तो अपने 5 महीने के बच्चे को लेकर बूथ पर पहुंची। अजमेर में किन्नर समुदाय ढोल की थाप पर नाचते गाते हुए घर से एक साथ मतदान केंद्र पर पहुंचकर मतदान किया।

# भीलवाड़ा जिले में कई मतदान केंद्रों पर नवविवाहित जोड़ों ने वोट डाला

## मतदाताओं ने उत्साह के साथ सेल्फी भी खिंचवाई

**भीलवाड़ा, (निसं)।** मतदान दिवस 26 अप्रेल को जिले के युवा, बुजुर्ग और महिला मतदाताओं ने उत्साह से लोकतंत्र के महापर्व में बढ़-चढ़कर भाग लिया। जिला प्रशासन के द्वारा मतदान बूथों के बाहर लगाये गए सेल्फी पॉइंट को लेकर मतदाताओं में खासा रुझान देखा गया। मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग करने के बाद उत्साह के साथ सेल्फी खिंचवाई और हस्ताक्षर भी किए। जिले के विभिन्न मतदान केंद्रों पर पारंपरिक वेशभूषा में पहुंची महिलाओं में मतदान के प्रति अपार उत्साह देखा गया। साथ ही जिले में कई मतदान केंद्रों पर नवविवाहित जोड़ों ने विवाह संबंधी रस्मों को पूरा कर वोट डालने की रस्म भी निभाई।

मतदान दिवस पर जिला निर्वाचन अधिकारी नमित मेहता सुबह से ही प्रबंधन को लेकर सक्रिय रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी नमित मेहता तथा जिला पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत ने जिला मुख्यालय स्थित विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। सर्वप्रथम जिला निर्वाचन अधिकारी ने कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी स्थित मतदान केंद्र, कार्यालय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान स्थित 6 बूथों, जिला उद्योग केंद्र स्थित युवा प्रबंधित मतदान केंद्र सहित दो बूथों व एमएलवी टेक्सटाइल कॉलेज स्थित बूथ पर पहुंचकर मतदाताओं के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मतदान केंद्रों के निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदाताओं से वार्तालाप कर मतदान के लिए जिला प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं पर फीडबैक लिया। जिला निर्वाचन अधिकारी नमित मेहता तथा जिला पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत के निर्देशन में जिलेभर में किये गए पुख्ता प्रबंधन के चलते चुनावी कार्यो के लिए जिम्मेदार सभी अधिकारियों व कार्मिकों द्वारा



मतदान केंद्रों पर नवविवाहित जोड़ों ने विवाह संबंधी रस्मों को पूरा कर वोट डालने की रस्म भी निभाई।

### 105 वर्षीय महिला ने मतदान किया

**बिजयनगर, (निसं)।** अजमेर लोकसभा चुनाव शुक्रवार को पुलिस प्रशासन के व्यापक बंदोबस्त के बीच शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुए। प्रात: काल से ही शहर के 24 मतदान केंद्रों पर मतदाता अपने मत का प्रयोग करने के लिए पहुंचे।

मतदान की गति शुरुआत में काफी धीमी रही। दोनों प्रमुख दल भाजपा एव कांग्रेस कार्यकर्ता मतदान करवाने के लिए जुटे रहे। मतदान केंद्र पर मतदान करने के पश्चात मतदाताओं ने सेल्फी लेते हुए सोशल मीडिया पर वायरल किया। शहर के राजनगर क्षेत्र में 105 वर्षीय बुजुर्ग महिला रामप्यारी ने अपने परिजनों के साथ मतदान केंद्र पर पहुंचकर मतदान किया।



105 वर्षीय महिला रामप्यारी को मतदान के लिए ले जाते परिजन।

### गुढा व सिनोदिया में मतदान का बहिष्कार

**रूपनगढ़, (निसं)।** रूपनगढ़ उपखंड के ग्राम गुढ़ा और सिनोदिया के अधिकांश ग्रामीणों ने आज लोकसभा चुनाव में अपना वोट नहीं डाला। दोनों गांवों के ग्रामीणों ने अपनी कतिपय मांगों को लेकर मतदान का बहिष्कार किया। मतदान करने के लिए प्रेरित करने हेतु रूपनगढ़ की तहसीलदार कीर्ति भारद्वाज दोनों गांवों में पहुंची लेकिन ग्रामीणों ने सड़क, बिजली, पानी और दूरस्थ गांवों की कथित अनदेखी का आरोप लगाते हुए मतदान नहीं करने की बात कही। सिनोदिया में आंशिक रूप से मतदान हुआ। दोनों ही गांवों के ग्रामीणों का कहना है कि उनके गांव के लिए ना तो पर्याप्त यातायात के साधन हैं और ना ही समय पर बिजली आती है। पीने के पानी व सड़कों की हालत खराब है। चुनावों के अलावा नेतागण कभी नहीं आते हैं और आते हैं तो प्रभावी तरीके से विकास कार्य नहीं कराते हैं। गांवों में चिकित्सा, स्वास्थ्य, शिक्षा आदि मुद्दे भी बहिष्कार का कारण है।

# ग्रामीणों का मतदान केन्द्र पर हंगामा, मतदान रोका

## प्रशासन ने मौके पर पहुंच ग्रामीणों से समझाइश की

**बांसवाड़ा, (निस)।** जिले में एक तरफ जहां मतदान का प्रतिशत 70 से अधिक रहा वहीं एक मतदान केन्द्र ऐसा भी रहा जहां सात सौ से अधिक मतदाता होने के बावजूद मात्र 7 मतदाता ही अपने मतदान का उपयोग कर सके। जिले के छोटी सरवन पंचायत समिति क्षेत्र के आड़ीभीत में केवल 7 लोगों ने ही मतदान किया।

ध्यान रहे कि न्यूक्लियर पावर प्लांट से प्रभावित लोग 29 सूत्रीय मांगों को लेकर लंबे समय से ज्ञापन दे रहे हैं लेकिन इनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ। बताया जाता है कि मामला न्यायालय में लंबित है।

- **दो सौ ग्रामीणों में से केवल 7 मतदाता ही कर सके मतदान**

लोगों के मतदान नहीं करने की सूचना मिलने पर जिले के आला प्रशासनिक एवं पुलिस अधीक्षक मौके पर पहुंचे और मौजूद लगभग 200 से 250 लोगों से मतदान की अपील की तथा लिखित में समस्याएं मांगी। ग्रामीणों ने कहा कि, वे लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन देते आये हैं । ऐसे में नये ज्ञापन का कोई अर्थ नहीं है। लंबी समझाईश के बावजूद ग्रामीणों ने मतदान नहीं किया और एक-एक कर मौके से रवाना हो गए।

मौके पर पुलिस उप अधीक्षक सूर्यवीर सिंह, उपखंड अधिकारी प्रकाशचंद्र रैगर, तहसीलदार रेखा देवी, विकास अधिकारी भूपेन्द्र रावत आदि ने काफी समझाईश की। इधर ग्रामीणों ने पत्रकारों को कोई भी जानकारी देने से मना कर दिया। मतदान केन्द्र पर लगे कार्मिकों ने जनरेटर एवं अन्य व्यवस्थाएं भी की। इन लोगों का मानना था कि, यदि अंतिम समय में भी ग्रामीण मतदान करने आयेंगे तो मतदान करवाया जा सके। इधर अतिरिक्त जिला कलेक्टर अभिषेक गोयल ने बताया कि इस केन्द्र पर 7 लोगों ने मतदान किया।

# कोटा-बूंदी लोकसभा क्षेत्र में 70 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ

**कोटा (निसं)।** कोटा बूंदी लोकसभा क्षेत्र में शांतिपूर्वक मतदान संपन्न हुआ है। अनुमानित तौर पर कोटा बूंदी लोकसभा क्षेत्र में करीब 70. 45 प्रतिशत मतदान का आंकडा सामने आ रहा है। कोटा बूंदी लोकसभा क्षेत्र में आठ विधानसभा क्षेत्र आते हैं।

विधानसभा क्षेत्रवाइज मतदान प्रतिशत के अनुमानित आंकडे के अनुसार बूंदी विधानसभा क्षेत्र में 71.50 प्रतिशत,केशवरायपाटन विधानसभा क्षेत्र में 68.35 प्रतिशत, कोटा उत्तर विधानसभा क्षेत्र में 69.47 प्रतिशत , कोटा दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में 70.76 प्रतिशत, लाडपुरा विधानसभा क्षेत्र में 71.17 प्रतिशत, पीपलदा विधानसभा क्षेत्र में 65.35 प्रतिशत, रामगंज मंडी विधानसभा क्षेत्र में 74.12 प्रतिशत और सांगोद विधानसभा क्षेत्र में 72.17 प्रतिशत मतदान का अनुमानित आंकडा अभी तक सामने आया है। मतदान के प्रति उत्साह हैप्पी आवर्स में अधिक देखने को मिला। जिले में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में महिला, युवा, दिव्यांग, हरित एवं विभिन्न थीम आधारित बूथ बनाकर उन्हें विशेष प्रकार से सुसज्जित किया गया। जिनका मतदाताओं में खासा आकर्षण रहा। इन बूथों पर मतदाताओं ने मतदान के बाद उत्साह के साथ फोटो खिचवाए और सेल्फी ली। बूथों पर मतदाताओं का पुष्प हार पहनाकर स्वागत किया गया। हैप्पी आवर्स में वोटिंग करने वाले मतदाताओं को प्रमाण पत्र दिए गए।

**इन मतदाताओं के जज्बे को सलाम :-** गुंजारा, लोढ़ाहेडा में 108 वर्षीय भूरी बाई मतदान केन्द्र पर व्हीलचेयर के माध्यम से पहुंचकर लोकतंत्र में अपनी सशक्त भागीदारी दर्ज कराई। इसी तरह दादाबाड़ी स्थित विद्या मंदिर स्कूल में मतदान केन्द्र पर 93 वर्ष की मतदाता महेंद्र कौर ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र में अपनी जिम्मेदारी निभाई। विधानसभा क्षेत्र कोटा उत्तर में सूरजपोल के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बूथ नम्बर 180 पर 90 वर्ष की मतदाता शांति बाई मतदान बूथ पर पहुंची और जिम्मेदारी निभाई। तलवंडी स्थित मतदान केन्द्र पर अपने न्यू बोर्न बेबी के साथ पति-पत्नी पहुंचे जहां उन्होंने अपने मताधिकार के बाद सेल्फी बूथ पर न्यू बोर्न के साथ प्रसन्नता से फोटोशूट कराया।

सुल्तानपुर में युवती मुस्कान ने लोकतंत्र के प्रति अपनी बडी जिम्मेदारी समझते हुए विवाह रस्मों के बीच मताधिकार का प्रयोग किया। वह मेहंदी सजे हाथों से उत्साह के साथ बूथ पर पहुंची और मतदान किया।

लोकतंत्र के महोत्सव में किन्नर समुदाय ने भी भाग लिया। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा किन्नर समुदाय के मतदाताओं का मतदान केंद्र पर माला पहनकर अभिनंदन किया एवं उनको मतदान के लिए शुभकामनाएं भी दी। किन्नर समुदाय के मतदाता समूह में मतदान केंद्र पर पहुँचे एवं मतदान किया एवं सभी अन्य लोगों को सही उम्मीदवार चुनने के लिए प्रेरित किया। सेल्फी ली और मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया। मतदान केन्द्रों पर दिव्यांग एवं वरिष्ठजनों के लिए सुगम मतदान की आदर्श व्यवस्थाएं रहीं। मतदान बूथ पर दिव्यांग एवं वरिष्टजन मित्रों ने दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं को सुगम एवं सरल तरीके से मतदान करने में सहायता की।

# युवक ने शराब की दुकान के पीछे फांसी लगाई

**बून्दी, (निसं)।** बूंदी के तालेड़ा थाना क्षेत्र के बरुन्धन कस्बे में शुक्रवार को एक युवक ने शराब की दुकान के पीछे टीनशेड के पाइप से फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। बरुंधन से नमाना रोड की और जाने वाली सड़क के किनारे लगे शराब की दुकान पर राहगीरों ने युवक को लटका देख गांव में सूचना दी जिस पर ग्रामीण व परिजन मौके पर पहुंचे व पुलिस को सूचना दी। सूचना पर तालेड़ा थाना पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शराब की दुकान के पीछे टीनशेड के पाइप से कपड़े की साफी से लटके रामचरण मीना (45) पुत्र चौथमल के शव को गांव के लोगों की सहायता से नीचे उतारा और जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया जहां परिजनों की मौजूदगी में शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंपा। परिजनों को रामचरण द्वारा आत्महत्या करने पर भरोसा नहीं हो रहा है।

उन्होंने हत्या करने की संभावना जताई है। फांसी पर लटके युवक के सिर पर एक और दूसरी साफी बंधी हुई थी। दोनों पैर जमीन से हल्के से उठे हुए थे। पैरो में चप्पल पहन रखी थी। मुंह खुला हुआ था। मौके पर पुलिस उपाधीक्षक तरुण कांत सोमानी अधिकारी तालेड़ा थाना अधिकारी रामेश्वर जाट मय जाब्ता मौजूद रहे।

रामचरण के द्वारा आत्महत्या करने की परिजनों को हजम नहीं हो रही है। परिजनों ने पुलिस को बताया कि वह आत्महत्या नहीं कर सकता उसकी किसी ने हत्या कर लटकाया गया है। उन्होंने शराब की दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच करने की मांग की है। लेकिन लोकसभा चुनाव के चलते शराब की दुकान को सील कर रखा है। हत्या की आशंका जताने पर मौके पर पहुंचे पुलिस उप अधीक्षक तरुण कांत सोमानी व थानाधिकारी रामेश्वर जाट ने घटना की जानकारी ली है तथा निष्पक्ष रूप से जांच करने का परिजनों को भरोसा दिलाया है। शराब की दुकान पर पुलिसकर्मी लगाए गए हैं तथा परिजनों का एक ताला शराब की दुकान पर लगाया गया है। मतदान समाप्त होने पर शराब की दुकान की सील तोड़कर सीसीटीवी कैमरे की जांच की जाएगी।

**घर से चार दिन से था गायब :-** पुलिस को परिजनों ने बताया कि वह 22 अप्रैल को घर से मोटरसाइकिल लेकर निकल गया था उसके बाद उसी दिन नमाना रोड पर शराब की दुकान के पास मोटरसाइकिल होने की जानकारी मृतक के पुत्र दीपक को मिलने पर मोटरसाइकिल लेकर आया था जब से मृतक की तलाश परिजन कर रहे थे। मृतक रामचरण के परिवार में उसके तीन पुत्रियां और एक पुत्र है। जिसमें एक पुत्री का विवाह हो गया है।

### दुष्कर्मी गिरफ्तार

**बीकानेर, (निसं)।** सरकारी स्कूल की नाबालिग लड़की को शराब पिलाकर गैंगरेप करने के आरोपी को पुलिस ने अरेस्ट कर लिया है। लूणकरणसर पुलिस के अनुसार, रणजीत उर्फ बबलू नायक (26) पुत्र रामस्वरुप को गिरफ्तार किया है। वारदात में शामिल एक अन्य दुराचारी की तलाश जारी है। जानकारी के अनुसार दो दिन पूर्व रणजीत उर्फ बबलू और एक अन्य युवक ने नौवीं क्लास की सरकारी स्कूल की छात्रा का परीक्षा के बाद बस स्टैंड से अपहरण कर सुनसान क्षेत्र में ले जाकर जबरन शराब पिलाकर गैंगरेप किया था। वारदात के बाद आरोपी नाबालिग को रेलवे स्टेशन पर पटककर फरार हो गए थे।

# खेतड़ी के उप जिला अस्पताल में मरीजों के स्वास्थ्य के साथ हो रहा खिलवाड़

## कफ सिरप में फंगस जमा होने के बावजूद भी मरीजों को बांट दी

**खेतड़ी, (निसं)।** खेतड़ी के राजकीय उप जिला अस्पताल में मरीजों के स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही होने का मामला सामने आया है। अस्पताल में कफ सिरप में फंगस जमा होने के बावजूद भी मरीजों को दवा बांट दी गई। इसके अलावा अस्पताल में पर्याप्त दवाईयां उपलब्ध नहीं होने के कारण अस्पताल में आने वाले मरीजों को बाहर से महंगी दवाइयां खरीद कर लानी पड़ रही हैं।

चिकित्सा विभाग की ओर से मौसमी बीमारियों को लेकर बेहतर चिकित्सा सुविधा मुहैया करवाने का दावा किया जा रहा है, लेकिन जमीनी सतर पर देखा जाए तो राजकीय उप जिला अस्पताल में चिकित्सा विभाग के दावे फेल होते नजर आ रहे हैं। जानकारी के अनुसार खेतड़ी उप जिला अस्पताल में सप्लाई में आने वाली कफ सिरप खत्म हो जाने पर अस्पताल प्रबंधन की ओर से अपने स्तर पर कफ सिरप खरीदी गई थी। इस दौरान कफ सिरप खरीदने के बाद मरीजो को नहीं दी गई। जब गुरुवार को कफ सिरप बाहर से खरीदने पर कुछ लोगों ने विरोध जताया तो अस्पताल प्रभारी ने आनन-फानन में स्टोर से



फंगस लगी हुई कफ सिरप।

निकलवाकर कफ सिरप मरीजों को बांटने के निर्देश दिए। इसके बाद जो कफ सिरप मरीज को बांटी गई, उसमें फंगस जमा हुआ था। इस दौरान करीब 50 मरीजों को फंगस जमी हुई कफ सिरप वितरित कर दी गई।

एक तरफ चिकित्सा विभाग की ओर से मौसमी बीमारियों व हिटवेव को देखते हुए अलग से वार्ड व बेहतर व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए जा रहे हैं, लेकिन राजकीय उप जिला अस्पताल में प्रबंधन की लापरवाही के चलते मरीजों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। जब अस्पताल में आने वाले मरीज को दवाइयां लेने के लिए दवाई कक्ष में जाना होता है तो पर्ची पर अधिकांश दवाइयां में अनुपलब्ध की मोहर लगा दी जाती है। इसके बाद मरीज को बाहर से महंगी दवाइयां खरीद कर अपना उपचार करवाना पड़ रहा है। वर्तमान समय में मौसमी बीमारियों के चलते उल्टी, दस्त के मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। इसके बावजूद भी अस्पताल में दस्त के उपचार के लिए काम आने वाली ग्लूकोज की बोतल भी मरीज को मुहैया नहीं करवाई जा रही है जो बीमार मरीज को अपने इलाज के लिए बाहर से खरीद कर लानी पड़ रही है। जब कफ सिरप में फंगस होने की बात उजागर हुई तो अस्पताल प्रभारी की ओर से मामले को दबाने का प्रयास किया गया तथा फंगस लगी

- **अस्पताल में पर्याप्त दवाईयां उपलब्ध नहीं होने के कारण मरीजों को बाहर से महंगी दवाइयां खरीद कर लानी पड़ रही है**
- **स्वास्थ्य विभाग की बेहतर व्यवस्था के दावे फेल**

कफ सिरप को दवाई कक्ष से हटाकर वापस स्टोर रूम में भिजवा दिया।

डॉ. अक्षय कुमार शर्मा, पीएमओ उप जिला अस्पताल खेतड़ी का कहना है कि कफ सिरप टैंडर प्रक्रिया के अनुसार खरीद की गई थी, फंगस होने की मेरे को जानकारी नहीं है। वहीं डॉ. विनय गहलोत, सीएमएचओ नीमकाथाना का कहना है कि खेतड़ी उप जिला अस्पताल में फंगस की कफ सिरप वितरण कर देने की जानकारी आपके माध्यम से मिली है। इसकी जांच करवाई जाएगी तथा जो भी लापरवाही सामने आई है उसकी प्रभावी कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त

### सभापति अली अहमद ने किया मतदान

**टोंक,** (निसं)। टोंक नगर परिषद सभापति अली अहमद शुक्रवार को पधाधिकारियों के साथ अपने नजदीक केंद्र के पास पहुंचकर लोकतंत्र के महापर्व पर अपने दायित्व का निर्वहन किया और देश के लोकतंत्र को बचाने, संविधान की मूल भावना को संरक्षित करने तथा हर शोषित, पीडित और वंचित को न्याय दिलाने के संकल्प के साथ लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी हरीश चन्द्र मीना के समर्थन में मतदान किया।

### ब्रह्माकुमारी आरती दीदी ने मतदान किया

**टोंक,** (निसं)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की ब्रह्माकुमारी आरती दीदी ने मतदान करते हुए कहा कि देश के हर मतदाता को अपनी नैतिक जिम्मेवारी समझते हुए मतदान करना चाहिए। मतदान करना हमारा अधिकार ही नहीं बल्कि हमारा कर्तव्य भी है जो हमें संविधान प्रदत है। यह मतदान देश की उन्रित और विकास के लिए है। उन्होंने कहा कि मतदान से देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था मजबूत होती है। सशक्त राष्ट्र के निर्माण में हर एक मतदाता को इस लोकतंत्र के महापर्व का हिस्सा बनकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों को मतदान करने की अपील की।

### मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह

**मनोहरपुर,** (निसं)। संस्कारवान समाज बनाने के लिए संत महात्माओं के आशीर्वाद की जरूरत एवं जन सेवा आवश्यक है। यह बात जगदीश मीणा राष्ट्रीय संयोजक राष्ट्रीय संस्कार सेना जयपुर जिले के बोबास ग्राम के ग्लोबल स्कूल के डायरेक्टर एडवोकेट चंद्र मोहन मीणा एवं डॉ प्रदीप मीणा द्वारा आयोजित मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह एवं स्कूल के प्रतिभा सम्मान समारोह में अतिथि के रूप में भाग लेते हुए कही। कार्यक्रम में दादू धाम नरेना के संत शिरोमणि ओम दास महाराज ने आशीर्वाद प्रदान किया। कार्यक्रम संयोजक राजस्थान संस्कार सेना के प्रदेश अध्यक्ष हनुमान सहाय सिरसी ने संस्था का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया एवं मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के बारे में विस्तार से बताया। सभी अतिथियों का माला साफा एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत सत्कार किया गया। तत्पश्चात एक सामूहिक प्रतिभोज का आयोजन किया गया। यह जानकारी जगदीश मीणा ने दी।

### मानसिक अवसाद में युवक ने फांसी लगाई

**फुलेरा,** (निसं)। स्थानीय पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गाँव सिनोदिया में शुक्रवार को एक युवक ने फांसी के फन्दे पर झूलकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। उपरोक्त जानकारी देते हुए थानाधिकारी बाबूलाल मीणा ने बताया कि उक्त सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची साथ ही मौका मुआयना किया तो देखा कि सिनोदिया निवासी राहुल पुत्र रामपाल पारीक जाति ब्राह्मण 28 वर्ष ने अपने बाडे में बने कमरे में पंखे के कुन्दे पर फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। इसी क्रम में आगे बताया कि फन्दे से शव को उतारकर कब्जे में लेकर फुलेरा के उपजिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाकर पंचायत नामा व पोस्टमार्टम की करवाई की गई। गौरतलब है कि युवक के पडोसियों से मिली जानकारी के अनुसार युवक जोबनेर में कपडे की दुकान पर कार्य करता था। इसके अलावा वहीं आगे बताया कि वह बीते कुछ दिनों से मानसिक अवसाद में भी चल रहा था। पुलिस ने मामला दर्ज कर आत्महत्या के कारणों की पडताल शुरू कर दी है।

### मुख्य परीक्षा की समय सारणी जारी

**निवाई,** (निसं)। महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय अजमेर द्वारा बीए पार्ट द्वितीय व तृतीय वर्ष की मुख्य परीक्षा की समय सारणी जारी कर दी गई है। जिसके अनुसार बीए पार्ट द्वितीय वर्ष की परीक्षाएं 9 मई से प्रारम्भ हो होगी। प्राचार्य प्रो. पानमल पहाडिया ने बताया कि महाविद्यालय में परीक्षाएं सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक होगी। विद्यार्थी परीक्षा केन्द्र पर आधे घण्टे पूर्व उपस्थित होंगे। उन्होंने बताया कि 9 मई को अंग्रेजी साहित्य प्रथम, 24 को संस्कृत प्रथम, 31 मई को अंग्रेजी साहित्य द्वितीय प्रश्नपत्र, 10 जून को संस्कृत द्वितीय प्रश्नपत्र, 11 जून को इतिहास प्रथम, 13 जून को इतिहास द्वितीय प्रश्नपत्र, 15 जून को राजनीति विज्ञान प्रथम, 18 जून को पर्यावरण अध्ययन, 19 जून को उर्दू व हिन्दी साहित्य प्रथम, 20 जून को भूगोल प्रथम, 21 जून को को उर्दू एवं हिन्दी साहित्य द्वितीय प्रश्नपत्र, 24 जून को राजनीति विज्ञान द्वितीय प्रश्नपत्र, 25 जून को भूगोल द्वितीय प्रश्नपत्र, 4 एवं 5 जुलाई को पर्यावरण अध्ययन की परीक्षाएं आयोजित होगी।

# सामान के लेनदेन विवाद में व्यापारी पर जानलेवा हमला

- घटना के विरोध में कस्बे के बाजार रहे बन्द
- व्यापारियों ने अग्रसेन सर्किल पर दिया धरना
- हमलावरों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किये जाने की मांग

**कोटपूतली,** (निसं)। विगत गुरूवार रात्रि करीब 8 बजे कस्बे के आजाद चौक स्थित लम्बा बाजार में एक दुकान पर बैठे दो व्यापारी भाईयों पर सामान के लेनदेन विवाद में डेढ़ दर्जन से अधिक हमलावरों ने जानलेवा हमला कर दिया। जिसमें एक व्यापारी के सिर में चोटें आई है। घटना के विरोध में व्यापारियों ने शुक्रवार को कस्बे के बाजार बंद रखते हुये वस्त्र व्यापार संघ के अध्यक्ष होशियार सिंह कसाना के नेतृत्व में अग्रसेन सर्किल पर धरना देते हुये हमलावरों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग की।

जानकारी अनुसार लम्बा बाजार स्थित एम.यु. सलैक्शन होम के मालिक अशोक शर्मा ने मामला दर्ज करवाया कि कस्बे के मौहल्ला बडाबास निवासी कुछ युवक सामान लेने के लिये आये थे। जो कि सामान की कीमत को लेकर वाद-विवाद एवं गाली गलौच करने लगे। जिन्हें सामान के लिये मना करने पर करीब 15-20 बदमाशों ने आकर उनके व उनके भाई जितेन्द्र के साथ हमला करते हुये मारपीट कर दी। घटनाक्रम में घायल व्यापारी अशोक शर्मा को राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल ले जाकर उपचार दिलवाया गया। पुरा घटनाक्रम दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। घटना की सूचना पाकर वस्त्र व्यापार संघ के अध्यक्ष होशियार सिंह कसाना, अरविन्द शरण बंसल, मनोज गौड समेत बडी संख्या में व्यापारी एकत्रित हो गये। जिन्होंने घटना की निंदा करते हुये दोषियों की अविलम्ब गिरफ्तारी की मांग की। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस जाप्ता भी मौके पर पहुंच गया।

वहीं घटना के विरोध में अग्रसेन सर्किल पर पीडित व्यापारी अशोक शर्मा, जितेन्द्र शर्मा, व्यापार संघ के होशियार कसाना, अशोक गुप्ता, रूप सिंह शेखावत, एड. बजरंग लाल शर्मा, प्रदीप अग्रवाल, जितेन्द्र चौधरी, रमेश जिंदल, एड. विकास जांगल, केशव बंसल समेत बडी संख्या में व्यापारियों व जनप्रतिनिधियों ने धरना देते हुये घटना की कडे शब्दों में निन्दा की। साथ ही दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग भी की। धरना स्थल पर पहुंचे विधायक प्रतिनिधि करण पटेल ने कहा कि दोषियों को किसी भी सुरत में बक्शा नहीं जायेगा। वहीं डीएसपी राजेन्द्र बुरडक व एसएचओ राजेश शर्मा ने दोषियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन दिलाया। उन्होंने कहा कि हमलावरों की गिरफ्तारी के लिये कई टीमें रवाना की गई है। व्यापारियों ने पुलिस अधिकारियों के आश्वासन पर धरना समाप्त कर दिया, लेकिन दोषियों की गिरफ्तारी नहीं होने तक बाजार बंद रखने का निर्णय लिया है।



डीएसपी राजेन्द्र बुरडक व एसएचओ राजेश शर्मा ने दोषियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन दिलाया, तब जाकर धरना समाप्त हुआ।

## पानी की समस्या के निदान के लिए कंट्रोल रूम बनाया

- 'पानी के बकाया बिल की राशि एकमुश्त जमा करने पर ब्याज एवं शास्ति में शत-प्रतिशत छूट'

**अलवर,** (निसं)। नगरीय एवं ग्रामीण पेयजल योजनाओं के समस्त श्रेणी के उपभोक्ता बकाया जल प्रभार के पेटे को 31 मई तक एकमुश्त जमा कराकर बकाया राशि पर ब्याज एवं शास्ति में शत-प्रतिशत छूट का लाभ प्राप्त करें।

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग एनसीआर क्षेत्र अलवर के अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता ललित करोल ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा राजस्थान जल प्रदाय एवं सिवरेज प्रबंधन मंडल को प्रदत्त शक्तियों के अनुसरण में राज्य की समस्त नगरीय एवं ठामीण पेयजल योजनाओं के समस्त श्रेणी के उपभोक्ताओं को 31 मार्च 2023 तक के बकाया जल प्रभार के पेटे बकाया राशि पर ब्याज एवं शास्ति में 31 मई 2024 तक एकमुश्त जमा कराने पर शत-प्रतिशत छूट प्रदान की गई है। उन्होंने अलवर व खैरथल-तिजारा जिले के समस्त जल उपभोक्ताओं से अपील की है कि जिनके बिलों में 31 मार्च 2023 तक की राशि बकाया है वे ब्याज एवं शास्ति पर राज्य सरकार द्वारा प्राप्त छूट का लाभ 31 मई तक एकमुश्त राशि जमा कराकर प्राप्त कर सकते हैं। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग वृत/एनसीआर वृत अलवर के अधीक्षण अभियन्ता सुनील कुमार गर्ग ने बताया कि पेयजल की सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करने एवं पेयजल संबंधी समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए जिला स्तरीय नियंत्राण कक्ष (कंट्रोल रूम) कार्यालय जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग मनुमार्ग अलवर में बनाया गया है। जिसके दूरभाष नं. 0144-2337900 है। उन्होंने बताया कि कंट्रोल रूम हेतु अधिशाषी अभियन्ता खंड अलवर संजय सिंह (मो.नं. 6375213191) को प्रभारी बनाया गया है। सहायक अभियन्ता एवं तकनीकी सहायक खण्ड अलवर नरेन्द्र मीणा (मो.नं. 8824662761) को कंट्रोल रूम सह प्रभारी बनाया गया है। उन्होंने बताया कि यह कंट्रोल रूम प्रात: 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक संचालित होगा।

## महिला डॉक्टर से ठगी, खाते से 9.64 लाख रुपए निकाले

**किशनगढ़बास,** (निसं)। साइबर ठग नित नए तरीके अपना रहे हैं। सरकारी अस्पताल में कार्यरत महिला डॉक्टर वाशिंग मशीन ठीक कराने के चक्कर में साइबर ठगी का शिकार हो गई। उसके खाते से 9 लाख 64 हजार रुपए से ज्यादा निकाल लिए गए। महिला डॉक्टर से ऑनलाइन फ्रॉड के बजाय एप डाउनलोड कर ठगी की गई। किशनगढबास के सरकारी अस्पताल में कार्यरत डॉक्टर चेतना चौधरी ने पुलिस में मुकदमा दर्ज कराया कि उसकी वाशिंग मशीन खराब हो गई थी। मशीन ठीक कराने के लिए उसने 24 अप्रैल को रात करीब 9 बजे गूगल से एलजी सर्विस सेंटर के नंबर लिए। उस नंबर पर बात करने पर उसे अव्वल डेस्क एप डाउनलोड करने के लिए कहा गया। महिला डॉक्टर ने जैसे ही एप डाउनलोड किया तो उसके खाते से 4 लाख 95 हजार रुपए निकल गए। कुछ देर बाद 4 लाख 69 हजार 124 रुपए और निकल गए। इस तरह चंद मिनटों में ही उसके अकाउंट से दो बार में 9 लाख 64 हजार 124 रुपए निकाल लिए गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## वार्षिकोत्सव व मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान समारोह

**शाहपुरा,** (निसं)। राजश्री कॉलेज ऑफ नर्सिंग अमरपुरा शाहपुरा का शहर में स्थित सरबति पैलेस होटल में कॉलेज का वार्षिक उत्सव व मेधावी छात्र-छात्राओं सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि डाँ० रजनीश शर्मा, डाँ० प्रदीप शर्मा विशिष्ट अतिथि गोविन्द पारीक, डाँ०राजेंद्र प्रसाद चौधरी थे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के निदेशक दिलीप कुमार पारीक ने की। मुख्य अतिथि ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने स्वागत गान से सभी अतिथियों का स्वागत किया। इसके अलावा राजस्थानी गीत, बॉलीवुड गीतों पर जमकर डाँसकर मनोरंजन किया। अतिथियों ने कॉलेज के मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रतीक चिन्ह व पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

इस दौरान मुख्य अतिथि डाँ रजनीश शर्मा व विशिष्ट डाँ राजेंद्र प्रसाद चौधरी ने कहा कि राजश्री कॉलेज ऑफ नर्सिग अमरपुरा शाहपुरा का पहला नर्सिग कॉलेज है जिसने बहुत कम समय में ही बेहतरीन रिजल्ट देकर अपनी अलग पहचान बनाई है। विशिष्ट अतिथि गोविन्द पारीक ने कहा कि मेधावी छात्र- छात्राओं का सम्मान करने से उनका हौंसला बढता है। ऐसे आयोजन करने से प्रतिभाओं को आगे आने मौका मिलता है।

कॉलेज के निदेशक दिलीप कुमार पारीक ने सभी अतिथियों का स्वागत कर उनका आभार व्यक्त किया। कॉलेज के चेयरमैन सूरजमल जाट व प्राचार्य नरेश कुमार वर्मा ने कहा कि छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए हर साल कॉलेज में खेलकूद प्रतियोगिता और वार्षिक उत्सव जैसे कार्यक्रम आयोजित करवाते है। उन्होंने कहा कि नर्सिग शिक्षा में कॉलेज नित नये आयाम स्थापित कर रहा है जिससे ग्रामीण क्षेत्र की बालिकाओं को अब उनके घर के पास ही शिक्षा मिल रही है। कार्यक्रम के अन्त में सामूहिक भोज का आयोजन किया गया। अवसर पर कॉलेज स्टाफ दिनेश मीणा, अभिषेक सैनी, मोहन लाल छीपा, अभिषेक बंगाली, किरण कुमारी, कालूराम सहित सैकडों व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## बढ़ती गर्मी से मौसमी बीमारी के मरीज बढ़े

**पावटा,** (निसं)। पावटा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मौसमी बीमारी बुखार, पेट दर्द, निमोनिया, उल्टी एवं दस्त के चलते ओपीडी लगभग 900 रही।

पावटा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ. देवेंद्र शर्मा, डॉ. एस. के. वर्मा, डॉ. अशोक जाट, डॉ. सौरभ शर्मा, डॉ. रवि बंसल ने बताया कि इस समय ओपीडी में रोजाना 25 से 30 बच्चे व बडे पेट दर्द, उल्टी, दस्त एवं बुखार से पीडित होकर आ रहे हैं। इमरजेंसी में भी प्रतिदिन कई मरीज आते हैं, जिन्हें भर्ती करने तक की जरूरत पडती है। इसलिए गर्मी में विशेष ध्यान रखें। क्योंकि तेज धूप और गर्म हवाओं की वजह से पानी की कमी हो रही है। इसी वजह से लोग बीमार पड रहे हैं। इसके अलावा बार बार डायरिया होने से बच्चों में कुपोषण का खतरा बढने लगता है।

इसलिए बच्चों की सेहत को लेकर लापरवाही बिल्कुल न करें। गुप्ता हॉस्पिटल बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. रवि अंजलि गुप्ता का कहना है कि बच्चों को धूप में खेलने न दें, क्योंकि इससे उनमें पानी की कमी होगी और लू लगने का खतरा बढेगा। इनसे बचाव के लिए बच्चों को ज्यादा से ज्यादा पानी पिलाएं हो सके तो ओआरएस का घोल, नारियल पानी एवं जूस पिलाएं। डायरिया से बचाव के लिए बचों को बाजार में बिक रहे कटे एवं खुले फल आदि न खिलाएं। गर्मी के दिनों में बचे जब घर से बाहर निकले तो उन्हें पूरी तरह से शरीर ढकने वाले सूती कपडे पहनाएं।



मौसमी बीमारी बुखार, पेट दर्द, निमोनिया, उल्टी एवं दस्त के चलते ओपीडी बढ़ने लगी।

## विक्रम यादव नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष नियुक्त

- भँवर जितेंद्र सिंह, टीकाराम जूली कि अभिशंषा पर नगर निगम अलवर में नेता प्रतिपक्ष बनाया

**अलवर,** (निसं)। कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने पूर्व केंद्रीय मंत्री भँवर जितेंद्र सिंह, राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली कि अभिशंषा पर पार्षद विक्रम यादव को नगर निगम अलवर में नेता प्रतिपक्ष बनाया है।

इस अवसर पर नगर निगम के पार्षदों ने स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया। स्वागत कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा थे। कांग्रेस जिला अध्यक्ष योगेश मिश्रा ने कहा कि विक्रम यादव की नियुक्ति पर बधाई दी और सभी कांग्रेस पार्षदों को पूर्ण एकता के साथ शहर के चहुंमुखी विकास के लिए नगर निगम में शहर में सफाई, रोड लाइट आदि जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से रखे। नेता प्रतिपक्ष विक्रम यादव ने महासचिव व पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह, राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा का धन्यवाद और आभार व्यक्त किया है। विक्रम यादव ने कहा कि शीर्ष नेतृत्व के विश्वास पर खरा उतरूंगा और अलवर नगर निगम के शहर की जनता की बात पूरी दमदारी से रखुंगा एवं जनता के कार्य पूरा कराने में कोई कमी नहीं रखूंगा। स्वागत कार्यक्रम में नरेंद्र शर्मा, मुकेश सारवान, बीना नरूका, राजेश कृष्ण सिद्ध, अजय मेठी, रवि मीणा, सोनू गोपालिया ,तलविंद्र सिंह अभय नरूका, अमर सिंह जाटव, ज्योति जाटव, कुलदीप माथुर, कमल सेन, ओमप्रकाश सैनी, गौरी शंकर विजय, रामकिशन, दीपू सैनी आदि मौजूद रहे।

# चाय की दुकान पर बैठे व्यक्ति से बदमाशों ने की मारपीट

- कार में तोड़फोड़ कर निकाल ले गये 18 हजार 500 की नकदी

**कोटपूतली,** (निसं)। जयपुर-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर निकटवर्ती ग्राम गोरधनपुरा चौकी में विगत रात्रि करीब 10 बजे एक चाय की दुकान पर बैठे व्यक्ति से अज्ञात बदमाश मारपीट कर गाडी में तोडफोड करते हुये 18,500 की नकदी लूट कर ले गए।

पुलिस के अनुसार मनोज पुत्र जौहरी लाल यादव निवासी ढाणी मंगल बाबूजी, गोरधनपुरा थाना सरूण्ड ने मामला दर्ज करवाते हुए बताया कि बुधवार की रात्रि 10 बजे परिवादी का बडा भाई रमेश यादव गोरधनपुरा में राजमार्ग पर राकेश जाट (भाटी) के चाय की दुकान पर बैठा था, तभी चार आदमी हेलमेट व कपडे से मुंह बांध कर आये और आते ही परिवादी के भाई रमेश के साथ डण्डों से मारपीट शुरू कर दी तथा उनकी जेब से पर्स निकालना चाहा जो कि जेब में नहीं मिलने पर उनकी कार ब्रेजा में तोडफोड कर उसमें रखा पर्स निकाल ले गये। पर्स में करीब 18 हजार 500 रूपयों की नकदी थी। दर्ज रिपोर्ट में बताया है कि उक्त हमलावर योजना बनाकर परिवादी के भाई के साथ मारपीट कर रूपये लूटने आये थे।

हमलावरों द्वारा की गई मारपीट में पीडित के चेहरे, दोनों आंखें, माथे, नाक, होट, पीठ व सिर में गंभीर चोटें आई है। घटना की सूचना मिलने पर परिवादी ने अपने भाई को राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल में भर्ती करवाया। जहाँ उपचार जारी है। वहीं पुलिस ने मामला दर्ज कर घायल की मेडिकल जांच करवाते हुये आरोपियों की तलाश में जुट गई है।



पुलिस ने मामला दर्ज कर घायल की मेडिकल जांच करवाते हुये आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

## 28 अप्रेल से विवाह आयोजन रहेंगे बंद

**हिंडौन सिटी,** (निसं)। क्षेत्र में सर्वाधिक शादियों के सीजन के अप्रैल माह में जमकर बैंडबाजे बजे। शुभ विवाह से जुडे 18 अप्रैल, 23 अप्रैल को सर्वाधिक मुहूर्तों में मैरिज होम से लेकर खेत खलिहानों में खूब शादियां हुई। वहीं शुक्र अस्त होने पर 28 अप्रैल बाद शादियों पर 9 मई तक ब्रेक है। इसके बाद मई में अबूझ सावे के 3 बडे मुहूर्तों में शहनाईयों की गूंज सुनाई देगी। इस माह 28 अप्रैल को शादी का अंतिम शुभ मुहूर्त है। इस कारण तेज धूप व 40 डिग्री तापमान में भी शुभ मुहूर्त से एक दिन पूर्व गुरुवार को बाजारों में खरीदारों की भीड बनी हुई है। वस्त्र, इलेक्ट्रॉनिक, सर्राफा, बर्तन, ऑटो मोबाइल व दूल्हों के पहनावे की दुकानों पर जमकर बिक्री रही। पिछले एक सप्ताह से बाजारों में ग्राहकी देखकर दुकानदार खुश है। अनुमान है कि अकेले इलेक्ट्रॉनिक दुकानों पर ही 7-8 करोड़ रुपए का कारोबार इस माह वैवाहिक सीजन में हो चुका है। विभिन्न कंपनियों की 600 से ज्यादा बाइक्स बिक चुकी है।

## सार-समाचार

### बालाजी की प्रतिमा का भव्य श्रृंगार



**सांभरझील,** (निसं)। सांभर देवयानी सरोवर तीर्थ स्थल पर प्राचीन बड़ के बालाजी मंदिर प्रांगण में महात्मा फुले ब्रिगेड के तत्वाधान में पूजा अर्चना कर सांभर की खुशहाली और तरक्की के लिए अरदास की। संध्या आरती से पहले बालाजी मंदिर परिसर को बैलून डेकोरेशन, फूलमाला, सतरंगी रंगोली चित्रण के साथ आकर्षक सजावट की गई। बालाजी की प्रतिमा का भव्य श्रृंगार कर, अनेक दीप प्रज्ज्वलित किये। इसके पश्चात मंदिर पुजारी विकास शर्मा ने संध्या आरती कर प्रसाद वितरण किया। इस दौरान महात्मा फुले ब्रिगेड कार्यकारिणी सदस्य सोमेश अजमेरा,गोविंद सैनी संजयसिंह अजमेरा, अशोक ढलवाल, रमेश सैनी, कानजी खोवाल, सौभाग सैनी, महात्मा फुले ब्रिगेड महिला प्रकोष्ठ सदस्य अनुराधा सैनी, रेखा सैनी, निर्मला सैनी, मोनिका सैनी, श्रुति सैनी, सुमित्रा सैनी, अलका सैनी, रिंकू सैनी सहित अनेक माताएं बहनों, श्रद्धालुओं ने सांभर नगरी की खुशहाली व तरक्की के लिए अरदास लगाई।

### अवैध संचालित निजी क्लीनिक एवं लैब संचालक के खिलाफ होगी कार्यवाही

**कोटपूतली,** (निसं)। नवगठित जिला कोटपूतली-बहरोड में अवैध रूप से संचालित सभी निजी चिकित्सालय एवं लैब संचालक के विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी। सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत ने बताया कि अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं निदेशक जन स्वास्थ्य द्वारा जारी किए गए आदेशों की अनुपालना में जिले में अनाधिकृत रूप से संचालित निजी चिकित्सालय एवं लैब संचालक के विरुद्ध जिला स्तरीय टीम द्वारा कार्यवाही की जावेगी। इसके लिए जिला स्तर पर टीम गठित की जाकर उपरोक्त अवैध रूप से संचालित क्लीनिक एवं लैब संचालक की जांच की जायेगी तथा बिना डिग्री डिप्लोमा एवं क्लीनिकल एक्ट में बिना पंजीकृत करवायें क्लीनिक एवं लैब संचालित पाये जाने पर संबंधित के विरुद्ध क्लीनिकल एक्ट 2010 के तहत कार्यवाही की जायेगी। सीएमएचओ डॉ. शेखावत ने बताया कि प्रा वेट क्लीनिक के संचालन हेतु क्लीनिकल एक्ट में रजिस्ट्रेशन अतिआवश्यक है। जिसके तहत क्लीनिक से संबंधित दस्तावेज की जांच की जाती है। क्लीनिकल एक्ट में पंजीकरण करवाना अनिवार्य है। नोडल अधिकारी रविकांत जांगिड़ ने बताया कि जिले में संचालित सभी क्लीनिक एवं लैब से संबंधित रजिस्ट्रेशन एवं आवश्यक डिग्री डिप्लोमा तथा आवश्यक समस्त दस्तावेज सीएमएचओ कार्यालय में 2 मई से जमा करवाये जाने हेतु नोटिस जारी किया गया है। जिला स्तर से जांच किए जाने पर दस्तावेजों में कमी पाये जाने पर संबंधित के विरुद्ध क्लीनिकल एक्ट 2010 के तहत कार्यवाही की जायेगी।

### रास्ते को शीघ्र खुलवाने की मांग

**शाहपुरा,** (निसं)। शाहपुरा नगरपालिका के वार्ड नंबर 8 में स्थित इन्द्रप्रस्त कॉलोनी में एक व्यक्ति ने सड़क के मुख्य आम रास्ते पर पत्थर और बजरी डालकर रास्ता अवरूद्ध कर रखा है। स्थानीय लोगों की शिकायत पर दो दिन पूर्व ही शाहपुरा नगरपालिका की ईओ ममता चौधरी ने पालिका के कर्मचारियों को मौके पर भेजकर अतिक्रमण को हटवा दिया था इसके बावजूद भी शुक्रवार को फिर से बजरी डालकर सडक को अवरूद्ध कर दिया इससे लोगों को आने जाने में परेशानी हो रही है। लोगों ने बताया कि इसकी शिकायत ईओ को भी भेजी गई लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। इससे लोगों को परेशानी हो रही है। एडवोकेट मुकेश कुमार सैनी ने बताया कि मास्टर लचमन सिंह ने आम रास्ते पर पत्थर, डस्ट, बजरी डालकर रास्ता बंद कर रखा है जिससे उक्त रास्ते से गुजरने वाले लोगों को आवागमन में भारी परेशानी हो रही है। रास्ता अवरूद्ध होने से मौहल्ले में रहने वाले वरिष्ठ नागरिक व गंभीर बीमारी से ग्रसित व्यक्ति व गर्भवती महिलाओं को रास्ते से अस्पताल तक पहुंचने में बडी गंभीर समस्या का सामना करना पड रहा है। उन्होंने नगरपालिका प्रशासन से उक्त रास्ते को शीघ्र खुलवाने की माँग की है।

### मकान का गिरा छज्जा, 11 लोग घायल

**धौलपुर,** (निसं)। धौलपुर शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र के सागरपाड़ा मोहल्ले में एक मकान का छज्जा टूटकर गिरने से 11 लोग घायल हो गए। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को जिला अस्पताल धौलपुर में इलाज के लिए लाया गया। जहां ट्रॉमा वार्ड में घायलों का इलाज किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि मकान के छज्जे पर खडे सभी लोग कॉलोनी में हो रहे झगडे को देख रहे थे।

## बुरहानुद्दीन बाबा का मेला झंडे की रस्म के साथ शुरू



झंडे की रस्म बुलंद दरवाजे पर अदा की गई।

**मनोहरपुर,** (निसं)। निकटवर्ती ग्राम ताला की ऊंची डूंगरी पर विराजमान हिंदू मुस्लिम एकता के प्रतीक हजरत बुरहानुद्दीन चिश्ती रहमतुल्ला आलेह का वार्षिक लक्खी मेला गुरुवार से झंडे की रस्म के साथ में शुरू हो गया है।

अब्दूल रज्जाक खान व सुवा खान ने बताया कि झंडे की रस्म बुलंद दरवाजे पर अदा की गई। इसी के साथ मेले की शुरुआत हो गई है। इसी के साथ में जायरीनों का आना शुरू हो गया है। रात्रि 9 बजे बाद मिलादून नबी कमेटी द्वारा महफिल ए मिलाद शरीफ हुई जिसमे खुदा के हुकम व मोहम्मद साहब के बताए हुए मार्ग पर चलने की बात कही गई। इसके बाद में महफिल ए शमा हुई जिसमे बाबा की मान मनुहार की गई। इसी प्रकार शुक्रवार को सुबह कुरान ख्वानी हुई तथा दोपहर 1:30 बजे जुम्मे की नमाज अदा की गई। 2 बजे बाद सलाम पेश की गई तथा रात्री 9 बजे बाद मिलादून नबी कमेटी द्वारा महफिल ए मिलाद शरीफ हुई व राजस्थान की प्रसिद्ध कव्वाल पार्टी द्वारा महफिल ए शमा की गई जिसमे बाबा की मान मनुहार की गई। इधर बडे झूले वाले चकरी झूला वाले मौत का कुआं जंपिंग झूला और अन्य सामान वाले अपनी अपनी दुकाने लगा ली है।

## संक्षिप्त

### अजय ने आईआईटी-जेईई में मारी बाजी

**कोटपूतली**, (निसं)। कहते है जब युवा दिमाग में कुछ कर गुजरने की ठान लेता है तो बडी से बडी मुश्किले आसान हो जाती है। कस्बे के निकटवर्ती ग्राम मोरदा के एक गरीब परिवार से आने वाले अजय कुमावत ने यह कर दिखाया। अजय ने ना केवल इंजीनियरिंग प्रवेश की बेहद प्रतिस्पर्धी प्रतियोगिता परीक्षा आईआईटी-जेईई में चयनित होकर अपने परिवार का नाम रोशन किया अपीतु क्षेत्र का भी नाम रोशन किया है। अजय बेहद गरीब परिवार से है। उनके पिता सुभाष कुमावत टैम्पो चलाकर परिवार का गुजर बसर करते है जबकि माता ममता देवी गृहणी है। 18 वर्षिय अजय ने निरन्तर अध्ययन व कठोर परिश्रम से सफलता अर्जित करते हुये 99.07 प्रतिशत अंक प्राप्त कर ओबीसी वर्ग में अखिल भारतीय स्तर पर 3612 वीं रैंक प्राप्त की है। अजय ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व गुरूजनों को दिया है।



अजय कुमावत

### बूंदा-बांदी से मौसम खुशनुमा हुआ

**निवाई**, (निसं)। शुक्रवार को दोपहर बाद बूंदा-बांदी होने से मौसम खुशनुमा हो गया। पिछले एक सप्ताह से तेज गर्मी व तेज धूप से लोगों को परेशानी का सामना पड रहा था। शुक्रवार की सुबह से दोपहर तक तेज धूप रही जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पडा। दोपहर बाद अचानक मौसम में बदलाव आया और आकाश में काले बादल छा गए और तेज धूलभरी आंधी चलने लगी। जिससे तापमान में गिरावट आ गई और लोगों को गर्मी से राहत मिली। दोपहर बाद करीब 5 बजे बादलों की तेज गडगडाहट के साथ बूंदा-बांदी होने लगी और मौसम खुशनुमा हो गया।

### मतदान को लेकर दिखा जोश

**दूदू**, (निसं)। लोकसभा चुनाव 2024 के दूसरे चरण में शुक्रवार को अजमेर लोकसभा सीट के लिए दूदू जिले के अधीन मतदान को लेकर नव मतदाताओं में जोश दिखाई दिया। मतदान केंद्रों पर इस बार लंबी कतारें देखने को नहीं मिली। धूप के कारण मतदाता घरों से मतदान केंद्रों पर कम संख्या में पहुंचे। मतदान केंद्रों का जिला कलेक्टर हनुमानमल ढ ाका एवं पुलिस अधीक्षक शांतनु कुमार ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया। नव मतदाताओं को प्रमाण पत्र मतदान करने के बाद प्रदत किए गए।

### लड्डू के प्रसाद का वितरण

**श्रीमाधोपुर**, (निसं)। कस्बे के रेलवे स्टेशन स्थित श्री इच्छापूर्ण बालाजी मंदिर में लड्डू प्रसाद का वितरण किया गया। बालाजी भक्ति राजू नाई ने बताया कि लड्डू प्रसाद वितरण स्टेशन इच्छापूर्ण बालाजी मंदिर से मुख्य बाजार स्टेशन रोड ,अस्पताल चौराहा, रिंग्स बाजार, सुरानी बाजार, सब्जी मंडी, जीण माता मंदिर आदि जगहों पर प्रसाद वितरण किया गया इस मौके पर भवानी शंकर सैनी, नवल किशोर फूलका, महेंद्र खडोलिया, जुगल जांगिड़, आशुतोष कुमावत, नरेश सैनी, कृष्ण कुमार सैनी, अंकित कुमार सैनी, छगनलाल सैनी, सुशील कुमावत, दुर्गेश कुमावत सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### वाहन की टक्कर से दम्पति की मौत

**निवाई**, (निसं)। बरोनी पुलिस थानान्तर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग पर बनास पुलिया के समीप गुरूवार की देर शाम एक अज्ञात वाहन ने मोटरसाईकिल के टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में पति-पत्नि की मौत हो गई। मृतक के इकलोते पुत्र की 10 मई को शादी होने वाली थी। इस दुर्घटना से परिवार में शादी की खुशियां मातम में बदल गई। थानाधिकारी ओमप्रकाश ने बताया कि गांव छान निवासी शिवराज जाट उम्र 46 वर्ष अपनी पत्नि पुष्पा जाट उम्र 45 के साथ मोटरसाईकिल से सोहेला में एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए आ रहे थे। इसी दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग पर बनास पुलिया के समीप एक अज्ञात वाहन ने मोटरसाईकिल के टक्कर मार दी। जिससे शिवराज की मौके पर ही मौत हो गई। उसकी पत्नि गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे पुलिस ने सआदत अस्पताल टोंक में भर्ती करवाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे गंभीर हालत में जयपुर रैफर कर दिया। जयपुर में उपचार के दौरान उसने भी दम तोड दिया। मृतक के इकलोते पुत्र की 10 मई को शादी होने वाली थी।

# पोलिंग पार्टियों ने मोबाईल के टॉर्च की रोशनी में मतदान करवाया

- बरसात व आंधी से विद्युत व्यवस्था बाधित हुई, कई मतदान केन्द्रों पर अंधेरा छाया
- मालपुरा विधानसभा क्षेत्र में 55 प्रतिशत मतदान हुआ

**मालपुरा**, (निसं)। लोकतंत्र के पर्व लोकसभा चुनाव 2024 के दूसरे चरण के हुये मतदान में मालपुरा विधानसभा क्षेत्र में 274 बूथों पर 55 प्रतिशत शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न होने पर निर्वाचन विभाग व प्रशासन के साथ-साथ आमजन व राजनैतिक दलों ने राहत की सांस ली। हालांकि 2019 के लोकसभा चुनाव में हुये 63 प्रतिशत मतदान से इस बार 8 प्रतिशत कम मतदान हुआ है।

प्रात: 7 बजे शुरू हुये मतदान के साथ ही मतदाताओं में भारी उत्साह के चलते मतदान केन्द्रों पर दोपहर तक लम्बी कतारे देखी गई। मौसम में हुये बदलाव व तेज गर्जना के साथ हुई बारिश व चली आंधी से तकरीबन 1 घंटे से अधिक समय तक मतदान बाधित रहा। बरसात व आंधी से विधुत व्यवस्था बाधित होने से अतिसंवेदनशील बूथ न. 128 सहित कई मतदान केन्द्रों पर अंधेरा हो जाने से पोलिंग पार्टीयों ने मोबाईल के टॉर्च की रोशनी में मतदान करवाया। निर्वाचन विभाग व प्रशासन द्वारा मतदान केन्द्रों पर विधुत समस्या से निपटने के लिये वैकल्पिक जनरेटर इत्यादी की व्यवस्थाऐं नहीं करवाने पर मतदाताओं ने कडी नाराजगी जताई। रूक-रूककर चले मतदान के चलते मतदान का प्रतिशत आंकडा पिछले लोकसभा के आंकडे को पार करना तो दूर उसके समानान्तर भी नहीं पहुंच सका। निर्वाचन विभाग द्वारा बीते एक पखवाडे से स्विप कार्यक्रम चला नुक्कड नाटक, रेलियां, जागरूकता अभियान सहित अनेक कार्यक्रमों के जरिये मतदाताओं को जागरूकता पर मोटी राशि व समय खर्च किया। फिर भी मतदान का प्रतिशत नहीं बढ सका। पहली बार मतदान करने पहुंचे मतदाताओं को बीएलओ द्वारा जागरूक मतदाता प्रमाण पत्र भी दिया गया। लोकसभा चुनाव के लिये मालपुरा विधानसभा क्षेत्र में आठ महिला, आठ युवा व एक दिव्यांग मतदाता मतदान केन्द्र सहित कुल 274 मतदान केन्द्र बनाये गये तो कई मतदान केन्द्रों को पिंक व ग्रीन सामीयाने दुल्हन की तरह सजाया गया। जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने मालपुरा शहर में महिला मतदान केन्द्र के बाहर काउंटर पर पर्चीयां काट मतदाताओं को राष्ट्रहित में भाजपा के पक्ष मे मतदान की अपील की। पालिका अध्यक्ष सोनिया मनीष सोनी, मंडल अध्यक्ष त्रिलोक विजय, जिला आयोजन समिति सदस्य डॉ.अंकित जैन ने परिवार की लम्बी टीम के साथ मतदान कर लोकतंत्र का पर्व मनाया। अतिसंवेदनशील बूथो पर सीआरपीएफ के शस्त्रधारी जवान तैनात रहे। बागडी पंचायत के महादेवपुरा ढाणी के लोगों ने तीन घंटे तक मतदान करने से इंकार करते हुये गांव में सडक व स्कूल की मांग करते रहे। तहसीलदार राहुल पारीक ने मौके पर पहुंच समझाइश कर जल्द समस्या समाधान का विश्वास दिलाने के बाद मतदान किया गया। दो मतदान केन्द्रों पर पहुंचे दुल्हों ने बारात से पूर्व अपने मताधिकार का प्रयोग किया।



मालपुरा में मतदान केन्द्रों के बाहर लम्बी कतारों में लग मतदाताओं ने मतदान किया।

## बंद मकान से 15 लाख की अवैध शराब जब्त की

- अंग्रेजी शराब की 107 पेटी व देशी शराब की 65 पेटी बरामद

**मालपुरा**, (निसं)। लोकसभा चुनाव के दौरान मादक पदार्थ तस्करी एवं अवैध शराब तस्करी की रोकथाम को लेकर मुखबीर की सूचना पर मालपुरा थाना पुलिस ने कार्यवाही करते हुये शहर के अजमेर रोड राजकीय महाविद्यालय के सामने एक बंद पडे मकान से 15 लाख रूपयों से अधिक की अवैध देशी व अंग्रेजी शराब जप्ती की बडी कार्यवाही को अंजाम दिया। .

थानाधिकारी चेनाराम बेडा ने बताया कि जिला पुलिस अधिक्षक के निर्देशन पर एएसपी व डीएसपी मालपुरा के सुपरविजन में गठित विशेष टीम प्रभारी एएसआई रामनारायण गुर्जर ने मतदान से एक दिन पूर्व 25 अप्रेल की रात्री को अजमेर रोड मालपुरा पीजी महाविद्यालय के सामने से एक मकान में दबिश की कार्यवाही कर मौके से अंग्रेजी शराब की 107 पेटी व अवैध देशी शराब की 65 पेटी सहित कुल 172 पेटी देशी व अंग्रेजी शराब की जप्त की गई जिनकी कीमत 15 लाख 5 हजार रूपये आंकी गई है। थाना पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया। चुनाव के दौरान थाना पुलिस ने इतनी बडी तादात में एक मकान से अवैध शराब जप्ती की कार्यवाही करने से अवैध शराब परिवहन में लिप्त माफियाओं में हडकम्प मच गया। समाचार लिखे जाने तक उक्त मामले में थाना पुलिस मकान मालिक की तलाश में जुटी रही।

## टोंक-सवाईमाधोपुर लोकसभा का मतदान 57.12 फीसदी रहा

**टोंक**, (निसं)। देश में 18वीं लोकसभा के लिए सायं 6 बजे तक हुए मतदान के बाद मतदान कार्य पूरा हुआ। टोंक-सवाईमाधोपुर लोकसभा क्षेत्र के 8 विधानसभा क्षेत्रों का 57.12 फीसदी मतदान रहा जहां 11 प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतरे। भाजपा के सुखबिर सिंह जौनापुरिया जो तीसरी बार इस मैदान में है और कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में हरिश मीणा जो देवली-उनियारा विधानसभा सीट विधायक भी है, मैदान में है। प्रमुख प्रतिद्वन्द्धी के रूप में आमने सामने है। टोंक-सवाईमाधोपुर लोकसभा क्षेत्र की 8 विधानसभा क्षेत्रों में अनुमानित रूप से 21,45000 मतदाता की संख्या आंकी गई, जिसमें 10,19000 महिला मतदाता एवं 11,26000 पुरूष मतदाता रहे।

टोंक-सवाईमाधोपुर लोकसभा क्षेत्र की 8 विधानसभा क्षेत्र में सांय 5 बजे तक मतदान प्रतिशत मिले आंकडों के अनुसार टोंक-61.08, उनियारा-59.61,देवली में 59 फीसदी, मालपुरा 55.04, निवाई-52.92, सवाईमाधोपुर-51.64, बावनवास-49, गंगापुर-51.03 तथा खण्डार विधानसभा क्षेत्र में 54.04 फीसदी मतदान आंका गया। जिसके आधार पर सांय 6 बजे तक यह आंकडा 55 फीसदी तक भी जा सकता है।

देवली-उनियारा क्षेत्र स्थित बिसलपुर गांव की बूथ संख्या-25 पर जहां मात्र 278 वोटर थे, प्रशासनिक स्तर पर लगातार की जा रही मांगों के पूरा ना होने के विरोध में सांय 5 बजे तक वोटर मतदान हेतु बूथ पर नहीं पंहुचे, जिसकी सूचना मीडियाकर्मीयों द्वारा दिये जाने पर किसान नेता रामेश्वर चौधरी एवं जिला कलेक्टर सोम्यां झा व अन्य प्रशासनिक अधिकारियों की समझाइश के बाद वोटर्स ने मतदान किया। वहीं टोंक शहर के धन्नातलाई क्षेत्र में सचिन पायलट के प्रमुख हितेशी अकबर खान ने तत्परता दिखाते हुए 110 वर्ष की वृद्ध महिला बानो आपा को अपने कंधो पर उठाकर मतदान स्थल पर ले गये। मतदान के बाद वृद्ध महिला ने मतदान में भागीदारी निभाने पर जहां हर्ष व्यक्त किया वही अकबर खान को दुआंये दी।

## युवाओं संग सीनियर सिटिजन ने मतदान में दिखाया उत्साह

**टोंक**, (निसं)। टोंक-सवाई माधोपुर लोकसभा क्षेत्र में हुए चुनावों में प्रत्येक व्यक्ति ने अपने मत के प्रयोग के साथ देश का मान सम्मान को बढ़ाएं रखने के लिए युवाओं सहित कई लोगों ने बढ़-चढ़कर मतदान कर हिस्सा बने।

मतदान करते हुए रेल लाओ संघर्ष समिति के अकबर खान ने बताया कि 110 वर्षीय बानो अप्पा सहित 90 वर्षीय रामेश्वर प्रसाद सालोदिया बूथ पर चलकर अपने मत का प्रयोग किया। वही भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राहुल देव शर्मा और उनकी पत्नी जूली शर्मा अजमेर संभाग सहसंयोजक, सोशल मीडिया प्रभारी सहित युवा वोटर विष्णु गुप्ता ने अपने पहले मत का प्रयोग करते हुए खुशी जाहिर की है।

सभी ने कहा कि देश के हर मतदाता को अपनी नैतिक जिम्मेवारी समझते हुए मतदान करना चाहिए। मतदान करना हमारा अधिकार ही नहीं बल्कि हमारा कर्तव्य भी है जो हमें संविधान प्रदत है।

यह मतदान देश की उन्नति और विकास के लिए है उन्होंने कहा कि मतदान से देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था मजबूत होती है। सशक्त राष्ट्र के निर्माण में हर एक मतदाता को इस लोकतंत्र के महापर्व का हिस्सा बनकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों को मतदान करने की अपील की।



युवाओं सहित कई लोगों ने बढ़-चढ़कर मतदान कर हिस्सा बने।

## पालिका चलाएगी अतिक्रमण हटाओ अभियान

- लाउडस्पीकर से प्रचार कर दी चेतावनी

**किशनगढ** बास, (निसं)। नगर पालिका शहर में अलवर तिजारा खैरथल गंज रौड और मेंन बाजार व बस स्टैंड पर से स्थाई तथा अस्थाई अतिक्रमण को हटाएगी। इसके लिए नगर पालिका ने रिक्शे से प्रचार कराकर स्वयं से अतिक्रमण हटाने के लिए चेतावनी दी है।

ऐसी चेतावनी पहले भी कई बार नगर पालिका की ओर से दी गई है। परन्तु कोई कार्रवाई नहीं होने से हर बार नगर पालिका की चेतावनी महज एक औपचारिकता होने से अतिक्रमियों में भय नहीं रहा है। अब सवाल यह है कि इस बार चेतावनी का असर कितना रहता है और अधिकारी कितना गंभीरता से इसे लेते हैं यह देखने वाली बात रहेगी।

ईओ जगदीश खीचड का कहना है कि स्थाई अस्थाई अतिक्रमण को हटाने के लिए अभियान चलाया जाएगा। गुरुवार को शहर में स्वेच्छा से स्वयं अतिक्रमण हटाने के लिए लाउडस्पीकर से प्रचार कर कर चेतावनी दी गई है।

इसके बाद भी नहीं हटाए जाने पर समझाइश की जाएगी फिर भी लोग अतिक्रमण को नहीं हटाते हैं तो पुलिस प्रशासन की मदद लेकर अतिक्रमण को हटवाया जाएगा। अतिक्रमण अभियान में मुख्य रूप से मेंन बाजार में सडकों पर लगा रखे सामान व खैरथल तिजारा अलवर व गंज रोड पर रहने वाले यातायात बाधित को देखते हुए रेंडी ठेला व खोखे लगाकर अतिक्रमण किए हुए लोगों को हटवाकर अन्य स्थान पर स्थानांतरित कराया जाएगा।

## निवाई के पीपलू में 94 बूथों पर 52.67 प्रतिशत मतदान

- वोट डालने ढोल-नगाड़ों संग जुलूस के रूप में पहुंचे

**पीपलू**, (निसं)। पीपलू उपखंड क्षेत्र के 94 बूथों तथा एक 1 सहायक मतदान केन्द्र पर शुक्रवार सुबह मतदान शुरु होते ही काफी उत्साह नजर आया। सुबह 7 बजे से पहले ही मतदाता बूथ पर पहला वोट डालने के लिए कंपीटिशन में पहुंचे। जहां नवमतदाताओं व प्रथम पांच मतदाताओं का माला पहनाकर स्वागत किया साथ ही उन्हें पौधों का वितरण भी किया गया। इससे पहले मतदान केन्द्रों पर राजनीतिक दल के एजेंट के समक्ष ईवीएम को सील किया। मजदूरी कार्य करने वाले श्रमिक, वैवाहिक समारोह में शिरकत करने जाने वाले लोगों ने सुबह पहले ही मतदान केन्द्रों पर पहुंचकर मतदान किया। पीपलू उपखंड क्षेत्र में कुल 95 हजार 89 मतदाता है। जिसमें 6 बजे तक कुल मतदान 52.67 प्रतिशत था।

पीपलू में वोटिंग का अनूठा रंग देखने को मिला। यहां कुछ वोटर्स ढोल-नगाडों के साथ जुलूस के रूप में वोट डालने मतदान केंद्र पहुंचे। जुलूस में वृद्धजन, महिलाए-पुरुष और युवक-युवतियां ढोल-नगाडों के साथ नाचते-गाते पीपलू के मतदान केंद्र 54 पर पहुंचे। पीपलू में मतदान के लिए निकला जुलूस आकर्षण का केंद्र रहा। जो भी इस जुलूस को देखता, एकबारगी शादी, गणेश निमंत्रण का कोई कार्यक्रम समझ बैठता। डारडातुर्की के बूथ संख्या 74 पर 102 वर्षीय छोटा देवी अपनी तीन पीढियों के साथ मतदान के लिए पहुंची। इसी तरह सिसोला में 105 वर्षीय चाव देवी प्रजापत अपने पुत्र भंवरलाल, ओमप्रकाश व कुलदीप की मदद से मतदान केन्द्र पर पहुंची। संदेडा में 95 वर्षीय प्रभी देवी ने बूथ पर पहुंचकर मतदान किया। पीपलू के राजकीय विद्यालय के बूथ संख्या 57 पर चलने फिरने में असक्षम महिला शांति जाट, किशन बैरवा, झूमरी देवी बैरवा व गलखू देवी बैरवा ने बूथ पर आकर उत्साह से मतदान किया।

बूथ संख्या 55 पर रामावतार पुत्र हरिनारायण विजयवर्गीय मतदान करने पहुंचे तो पोलिंग टीम ने उन्हें कर्मचारी बताकर पोस्टल बैलेट से पहले ही मतदान हो गया की बात कहकर वहां से वापस भेज दिया। बीएलओ मुकेशकुमार से इसकी जानकारी ली तो उसने भी यह जवाब दिया। इस मामले की शिकायत लोगों ने तहसीलदार इन्द्रजीसिंह चौहान से की। तहसीलदार ने नायब तहसीलदार श्रीवर्द्धन शर्मा, गिरदावर छीतरलाल चौधरी व पटवारी अजयपाल को जांच करने भेजा। जांच में पाया गया कि रामावतार विजयवर्गीय वोट कास्ट कर सकते है। उनके क्रमांक 209 पर किसी प्रकार का पीबी मतदान की मोहर नहीं है। नायब तहसीलदार ने पीआरओ, पोलिंग पार्टी व बीएलओ को लापरवाही पर जमकर फटकार लगाई। साथ ही प्रशासन अपनी गाडी से उक्त मतदाता को घर से बूथ पर लेकर पहुंचा तथा मतदान करवाया। मतदान केन्द्रों पर नवमतदाताए दिव्यांगजनों का स्वागत किया। संदेडा में लोकेश सैनी, विजयलक्ष्मी सैनी, कृष्णा सैनी व कठमाणा में दिव्यांग मोहनलाल गुर्जर का स्वागत किया। आदर्श मतदान केन्द्रों को गुब्बारे लगाकर सजाया गया। मतदान केन्द्रों पर मतदाता सेल्फी लेते हुए नजर आए।



वोटर्स ढोल-नगाड़ों के साथ जुलूस के रूप में वोट डालने के लिए मतदान केंद्र पहुंचे।

## सड़क हादसे में घायल युवक ने तोड़ा दम

**श्रीमाधोपुर**। कस्बे के गौशाला में श्री श्याम कुंज के आगे भैरू चाय वाले के पास गणेश मंदिर रोड पर पांच दिवस पूर्व सड़क हदसे में घायल युवक की शुक्रवार को ईलाज के दौरान जयपुर के एसएमएस ट्रॉमा में मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार प्रेमनगर शांति आश्रम के पास निवासी राहुल सैनी पुत्र फुलचंद सैनी जो गत 22 अप्रैल गौशाला बाजार में श्री श्याम कुंज के आगे भैरू चाय वाले के पास गणेश मंदिर रोड पर एक कार ड्राइवर ने फाटक खोलने से ट्रैक्टर ट्रोली मैं भिड़ जाने से गंभीर घायल हो गया था। जिसे आस पास के लोगों ने पास के ही एक निजी अस्पताल पहुंचाया जहां से उसकी स्थिति गंभीर होने पर उसे जयपुर रैफर किया गया। लेकिन शुक्रवार को युवक राहुल सैनी ने ईलाज के दौरान दम तोड़ दिया। गमगीन माहौल में युवक का अंतिम संस्कार हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार राहुल ने 24 अप्रैल को नेशनल लेवल की ट्रायल थी और उसे जाना था वहीं पिछले महीने मार्च को ही मरुधरा हाफ मैराथन 5 किलोमीटर व हिमसा रन न्यू दिल्ली में गोल्ड मेडल जीता हैं।

## सार-समाचार

### लावारिस व्यक्ति का मिला शव



**टोंक**, (निसं)। पुरानी टोंक क्षेत्र स्थित अरबी-फारसी शोध संस्थान के मुख्य द्वारा के बाहर किसी व्यक्ति के सडक किनारे पडे होने की सूचना पुलिस को मिली। जिसको तत्काल एम्बूलेन्स में डालकर जिला सआदत चिकित्सालय ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की शिनाक्त नहीं होने के कारण उसका शव मुर्दाघर में करवाया गया है। पुलिस के अनुसार मृतक की उम्र लगभग 50 साल है, गंदमेली पेन्ट पहने हुए है, हाथो में औरत की चूडिया पहने हुए है तथा बाये हाथ पर पीला डोरा बंधा हुआ है, बाल छोटे है, कद लगभग 5.3 फीट, रंग सावला, दुबला पतला शरीर है, कमर पर जलने के पुराने निशान है तथा पैर के घुटने के पास फोडे का निशान है।

### मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कलश यात्रा



**श्रीमाधोपुर**, (निसं)। कस्बे के निकटवर्ती ढाणी जयरामकावाली में शिव पंचायत मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कलश यात्रा निकाली गई। सेडूराम सैनी ने बताया कि शुक्रवार सुबह 9:15 बजे नर्सरी में स्थित शिव मंदिर से मुख्य मार्ग जयरामकावाली से होती हुई सुखदेई शिव मंदिर पहुंची, जहां पंडित सुनील शर्मा व पंकज शर्मा हांसपुर द्वारा 12:15 बजे मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा की गई। मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के बाद पंगत प्रसादी का भी आयोजन किया गया। बाबूलाल सैनी ने बताया कि इससे पहले गुरुवार रात्रि को हवन आदि किया गया। इस मौके पर मालीराम सैनी, ओंकार मल सैनी, पूर्व ब्लाक शिक्षा अधिकारी साधुराम सैनी, गोवर्धन लाल सैनी, ललित कुमार सैनी, ओमप्रकाश प्रधान, सोहनलाल, मालीराम सुखदेई, मोतीराम, जितेंद्र कुमार, राजेंद्र कुमार, कैलाश सैनी, ओम प्रकाश, फूलचंद, घासीराम, अशोक कुमार सहित कई शिव भक्त महिलाएं, पुरुष आदि मौजूद रहे।

### 'प्रखर-2024' कार्यक्रम का आयोजन




**कोटपूतली**, (निसं)। लायंस क्लब इंटरनेशनल की रीजन कॉन्फ्रेंस 'प्रखर-2024' कार्यक्रम का आयोजन विगत गुरूवार रात्रि को खैरथल मंडी में किया गया। लायंस क्लब कोटपूतली को सामाजिक सेवा में उल्लेखनीय कार्य करने पर 13 बेस्ट अवॉर्ड देकर सम्मानित किया गया। अध्यक्ष डॉ. अरविंद मित्तल को रीजन के आउट स्टैंडिंग जोन चैयरपर्सन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया एवं सचिव अरुण गर्ग को बेस्ट सचिव के अवॉर्ड से नवाजा गया। मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ लायन ओ.पी. गगर रहे। कार्यक्रम में कोटपूतली-बहरोड, नीमकाथाना व अलवर जिले के 19 क्लब के अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों ने भाग लिया।

### महिला ने फांसी लगा की आत्महत्या

**दूदू**, (निसं)। पुलिस थाना क्षेत्र के अधीन सुनाडिया गांव में शुक्रवार की सुबह एक नव विवाहिता द्वारा फांसी का फंदा लगाकर जीवन लीला समाप्त करने का मामला दूदू थाने में दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुनाडिया निवासी भंवर सिंह की शादी 17 अप्रैल 2024 को नागौर जिले के छपडा गांव में ललिता कंवर के साथ हुई थी। शुक्रवार की सुबह 7 बजे करीब कमरे में कपडे पहने जाने की बात कह कर गई थी थोडी देर बाद पंखे पर लटकी मिली। घटना की सूचना दूदू थाने में मिलने के बाद पुलिस ने पहुंच शव को दूदू मुर्दाघर में रखवा दिया। मौके पर उप पुलिस अधीक्षक दीपक खंडेलवाल ने पहुंचकर घटना की जानकारी ली। मौत के कारणों कोई पता नहीं लग पाया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी।

### शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न

**बौंली-बामनवास**, (निसं)। क्षेत्र में लोकसभा की टोंक-सवाई माधोपुर क्षेत्र के लिए मतदान कुछ छुटपुट घटनाओं को छोडकर शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। टोंक-सवाई माधोपुर क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी सुखवीर सिंह जौनपुरिया ने शुक्रवार को करीब 11 बजे बौंली नगर के राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय महिला मतदान केंद्र के पास पहुंचकर वहां स्थित भाजपा के कार्यकर्ताओं से मतदान प्रतिशत की जानकारी ली। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष राजेश गोयल, गोपाल शर्मा एवं शंकर गुर्जर सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं से विचार विमर्श किया। क्षेत्रीय विधायक इंदिरा मीणा ने बौंली उपखंड के रतनपुरा की बूथ संख्या 53 पर अपने मताधिकार का प्रयोग किया एवं कांग्रेस प्रत्याशी हरीश मीणा व पूर्व केंद्रीय मंत्री नमो नारायण मीणा ने बामनवास के बूथ संख्या 147 पर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। क्षेत्र में दोपहर 2 बजे बाद बादल छाने एवं हवाओं के साथ बूंदाबांदी हो जाने से आमजन को गर्मी से राहत मिली। इससे प्रशासन को मतदान प्रतिशत बढ ने की उम्मीद जगी।

### मासिक कीर्तन का आयोजन

**मनोहरपुर**, (निसं)। सामाजिक कार्यों में अग्रणीय महिला संस्था मारुति सखी मंडल द्वारा मासिक कीर्तन का आयोजन सदस्य समाजसेवी सरिता खेतान के आवास पर किया गया। संस्था की संस्थापक सनो मोदी ने बताया की इस महिला ग्रुप में 27 महिला सदस्य है। हर महीने जिस सदस्य का नंबर होता है उसके घर सुंदरकांड का पाठ किया जाता है। इससे घर में सात्विक ऊर्जा का संचार होता है। सदस्य सरिता खेतान ने बताया की इस ग्रुप की शुरुआत 15 साल पहले 10 सदस्य से हुई थी। आज धीरे धीरे सखी मंडल का परिवार बड चुका है। इस ग्रुप में सास भी है बहु भी है। इसमें सभी सदस्यों ने इस बार गर्मी के मौसम में पक्षियों की सेवा का संकल्प लिया है। इस कीर्तन में सदस्य आनंदी सुनीता बंसल सरिता संतोष प्रेम वीना उर्मिला कांता प्रभा खेतान शशि रावत किरण उर्मिला शांति विमला मंजू खेतान नीमा खेतान सावित्री आशा शर्मा साधना सेठी उपस्थित रहे।

### कड़ी सुरक्षा में भेजी ईवीएम मशीनें

**निवाई**, (निसं)। टोंक-सवाईमाधोपुर क्षेत्र के लोकसभा चुनाव के मतदान के बाद सभी बूथों से ईवीएम मशीनों को कडी सुरक्षा के बीच टोंक के जिला कार्यालय में भेजा गया है। जहां दर्जनों जवानों को ईवीएम मशीनों की सुरक्षा के लिए तैनात किया गया है। उल्लेखनीय है कि 4 जून को मतगणना के लिए ईवीएम मशीनों को खोला जाएगा।



यह गेंदबाजों के लिए मुश्किल पिच है। यह एक ऐसा एरिया है जिस पर भविष्य में ध्यान देने की जरूरत है, बल्ले और गेंद के बीच उचित संतुलन होना आवश्यक है।

- सौरव गांगुली

दिल्ली कैपिटल्स के क्रिकेट निदेशक, गेंदबाजों का पक्ष लेते हुए।

# खेल जगत

आज का खिलाड़ी



## रोहमालिया

इंडोनेशियाई किशोरी रोहमालिया 17 साल की गेंदबाज ने एक नया विश्व रिकॉर्ड बनाया है। रोहमालिया ने टी20 इंटरनेशनल में बिना कोई रन दिए 7 विकेट चटकाए (3.2-3-0-7), जो वर्ल्ड रिकॉर्ड है। इतना ही नहीं टी20 फॉर्मेट में ये सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी हैं। दरअसल, अपना डेब्यू मैच खेल रही इंडोनेशिया की रोहमालिया रोहमालिया ने ये कारनामा कर दिखाया है। यहां गौर करने वाली बात ये है कि इंडोनेशिया की रोहमालिया ने शून्य रन देकर 7 विकेट हासिल किए, जो सभी टी20 इंटरनेशनल में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी का आंकड़ा है। ऐसा आज तक कोई नहीं कर सका है।

**क्या आप जानते हैं ?...** टेस्ट क्रिकेट इतिहास का पहला टेस्ट इंग्लैंड व ऑस्ट्रेलिया के 1877 में मेलबोर्न में खेला गया था। इसे ऑस्ट्रेलिया ने 45 रन से जीता।

## दिल्ली कैपिटल्स व मुंबई इंडियंस में भिड़ंत आज

नई दिल्ली, 26 अप्रेल। ऋषभ पंत के शानदार फॉर्म और बेहतरीन कप्तानी से आत्मविश्वास से ओतप्रोत दिल्ली कैपिटल्स शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग में खराब फॉर्म से जूझ रही मुंबई इंडियंस से खेलेगी तो उसका लक्ष्य जीत की लय को कायम रखने का होगा। दिल्ली कैपिटल्स ने टूर्नामेंट में टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन करते हुए कई मुकाबलों में शानदार जीत दर्ज की तो कई में शर्मनाक हार भी झेली। पिछले चार मैचों में से तीन जीतकर हालांकि वह अंकतालिका में छठे स्थान पर पहुंच गई और मुंबई को हराने पर प्लेआफ का उसका दावा पुख्ता हो जायेगा। दूसरी ओर खराब शुरूआत के बाद मुंबई ने अगले चार में से तीन मैच जीते लेकिन पिछले मैच में राजस्थान रॉयल्स से नौ विकेट से हार गई। अंकतालिका में आठवें स्थान पर काबिज मुंबई के लिये अब एक हार भी भारी पड़ सकती है। दिल्ली के लिये सबसे सकारात्मक बात कप्तान ऋषभ पंत का फॉर्म रही है जो मैच दर मैच निखरते जा रहे हैं। विकेट के पीछे उनका प्रदर्शन लाजवाब रहा है और बल्लेबाजी में खुलकर खेल रहे हैं। गुजरात टाइटंस के खिलाफ बुधवार को उन्होंने मैच जिताने वाली नाबाद पारी खेली। संजू सैमसन, दिनेश कार्तिक और ईशान किशन से कड़ी प्रतिस्पर्धा के बावजूद टी20 विश्व कप की टीम में उनका जगह बनाना तय लग रहा है। जैक फ्रेसर मैकगुर्क के रूप में दिल्ली को शीर्षक्रम का अच्छा बल्लेबाज मिला है लेकिन सलामी बल्लेबाज पृथ्वी साव से बेहतर प्रदश्रन की उम्मीद है क्योंकि इंपैक्ट सब्स्टीट्यूट के रूप में उनकी जिम्मेदारी सिर्फ बल्लेबाजी की है। पिछले मैच में डेविड वॉर्नर की जगह खेलने वाले शाई होप कोई कमाल नहीं कर सके लिहाजा आस्ट्रेलियाई बल्लेबाज की टीम में वापसी हो सकती है।

## रोमांच से परिपूर्ण होगा लखनऊ और राजस्थान का मुकाबला

लखनऊ, 26 अप्रेल। फॉर्म में चल रही राजस्थान रॉयल्स आईपीएल के मैच में शनिवार को लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ उतरेगी तो उसका फोकस जीत की लय कायम रखने पर होगा जबकि लखनऊ की नजरें पिछली हार का बदला चुकता करने पर लगी होंगी। पूर्व चैम्पियन रॉयल्स ने इस सत्र में आठ मैचों में सात जीत दर्ज की है और उसे हराना लखनऊ के लिये टेढी खीर होगा। दूसरी ओर लखनऊ आठ मैचों में पांच जीत के साथ तालिका में चौथे स्थान पर है। गुजरात टाइटंस के खिलाफ एकमात्र हार के अलावा रॉयल्स ने इस सत्र में बेहतरीन प्रदर्शन किया है और पिछले तीन मैच लगातार जीते हैं। रियान पराग उसकी बल्लेबाजी की रीढ साबित हुए हैं जो आठ मैचों में 318 रन बना चुके हैं। यशस्वी जायसवाल के फॉर्म में लौटने से रॉयल्स की बल्लेबाजी मजबूत हुई है। मुंबई इंडियंस के खिलाफ पिछले मैच में जीत के लिये 180 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए जायसवाल ने 60 गेंद में नाबाद 104 रन बनाये थे जिसकी बदौलत टीम ने नौ विकेट से जीत दर्ज की। जायसवाल और जोस बटलर मिलकर शीर्षक्रम पर किसी भी आक्रमण की बखिया उधेड़ सकते हैं। कप्तान संजू सैमसन भी अभी तक 314 रन बना चुके हैं जबकि वेस्टइंडीज के शिमरोन हेटमायेर भी बल्ले से आतिशबाजी करने में माहिर हैं। रोवमैन पॉवेल और ध्रुव जुरेल से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। गेंदबाजी में रॉयल्स के पास ट्रेंट बोल्ट, आवेश खान और संदीप शर्मा जैसे तेज गेंदबाज हैं। स्पिन का जिम्मा युजवेंद्र चहल और रविचंद्रन अश्विन के पास है हालांकि अश्विन इस सत्र में फॉर्म के लिये जूझते दिखे हैं।

## क्रुणाल पंड्या दूसरी बार बने पापा

नई दिल्ली, 26 अप्रेल। हार्दिक पंड्या के बड़े भाई और इंडियन प्रीमियर लीग में लखनऊ सुपरजाइंट्स के लिए खेलने वाले क्रुणाल पंड्या पिता बन गए हैं। क्रुणाल की वाइफ पंखुड़ी ने बेटे को जन्म दिया है। क्रुणाल ने अपने इंस्टाग्राम पर वाइफ के साथ अपने बेटे की तस्वीर को शेयर किया है। क्रुणाल बीते 21 अप्रैल को ही पिता बने थे, लेकिन उन्होंने 26 अप्रैल को इसकी जानकारी दी है। क्रुणाल पंड्या इस समय में आईफीएल में व्यस्त हैं। बता दें कि क्रुणाल पंड्या और पंखुड़ी ने साल 2017 में शादी रचाई थी। इस कपल का यह पहला बच्चा है। क्रुणाल आईपीएल 2024 में लखनऊ के लिए अब तक कुल 8 मैच खेल चुके हैं, लेकिन वह अपनी छाप नहीं छोड़ पाए हैं। बॉलिंग में क्रुणाल ने कुल 5 विकेट अपने नाम किए हैं। वहीं बैटिंग में उन्होंने सिर्फ 58 रन का स्कोर किया। हालांकि, घर में नन्हे मेहमान के आने से क्रुणाल की कोशिश होगी कि वह नए सिरे और अतिरिक्त ऊर्जा के साथ अपनी टीम के लिए योगदान दें।

## महिला फुटबॉल खिलाड़ी मार्टा विएरा डी सिल्वा ने संन्यास लिया

ब्राज़िलिया, 26 अप्रेल। ब्राजील की महिला खिलाड़ी मार्टा विएरा डी सिल्वा ने कहा कि वह इस वर्ष के आखिर में अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास ले लेंगी। मार्टा ने स्थानीय मीडिया को बताया, अगर मैं ओलंपिक में जाती हूं, तो मैं हर पल का आनंद लूंगी क्योंकि चाहे मैं जाऊं या न जाऊं, यह राष्ट्रीय टीम के साथ मेरा आखिरी साल है। उन्होंने कहा, एक क्षण आता है जब हमें समझना होता है कि समय आ गया है। उन्होंने कहा, मैं इस बारे में बहुत शांत हूं क्योंकि मैं युवा खिलाड़ियों के संबंध में हमारे द्वारा किए जा रहे इस विकास को बहुत आशावाद के साथ देखती हूं। टोक्यो 2020 में, वह लगातार पांच ओलंपिक खेलों में स्कोर करने वाली पहली खिलाड़ी बनीं और वर्तमान में विश्व कप में (पुरुष और महिला )17 के साथ सबसे अधिक गोल करने का रिकॉर्ड हैं। उन्होंने वर्ष 2004 और 2008 में रजत पदक जीता था।

# पंजाब ने किया आईपीएल इतिहास का सबसे बड़ा रन चेज

### कोलकाता के खिलाफ 18.4 ओवर में बनाए 262, बेयरस्टो का शतक, शशांक की फिफ्टी




## सबसे ज्यादा एक मैच में 42 छक्कों का रिकॉर्ड बना

कोलकाता, 26 अप्रेल। पंजाब किंग्स ने आईपीएल में इतिहास रचते हुए टी-20 इतिहास का सबसे बड़ा टारगेट चेज कर दिया। टीम ने कोलकाता के खिलाफ 18.4 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 262 रन बना दिए। पंजाब से जॉनी बेयरस्टो ने सेंचुरी लगाई, वहीं शशांक सिंह ने 28 बॉल पर नाबाद 68 रन बनाकर टीम को जीत दिला दी। वहीं इस मैच में आईपीएल इतिहास का सबसे ज्यादा एक मैच में 42 छक्कों का रिकॉर्ड भी बना है।

पंजाब किंग्स से प्रभसिमरन सिंह ने भी 20 बॉल पर 54 रन बनाए। कोलकाता से सुनील नरेन ने एक विकेट लिया। वहीं एक बैटर रनआउट हुआ।

इससे पहले कोलकाता ने बल्लेबाजी करते हुए फिल सॉल्ट (75) और सुनील नारायण (71) रनों की तूफानी अर्धशतकीय पारियों की बदौलत कोलकाता नाइट राइडर्स ने शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 42वें मैच में पंजाब किंग्स को जीत के लिए रनों 262 का लक्ष्य दिया है। आज यहां ईडन गार्डंस में पंजाब किंग्स के कप्तान सैम करन टॉस जीतने के बाद पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

बल्लेबाजी करने उतरी कोलकाता की फिल सॉल्ट और सुनील नारायण की सलामी जोड़ी चौके और छक्को की बारिश करते हुये पहले विकेट के लिए 138रनों की साझेदारी की। 11वें ओवर में राहुल चाहर ने सुनील नारायण को जॉनी बेयरस्टो के हाथों कैच आउट कराकर पंजाब को पहली सफलता दिलाई। सुनील ने 32 गेंदों में नौ चौके और चार छक्के लगाते हुए 71 रन बनाये। 13वें ओवर में सैम करन ने फिल सॉल्ट को बोल्ड कर दिया। फिल सॉल्ट ने 37 गेंदों में छह चौके और छह छक्के लगाते हुए 75 रनों की पारी खेली।

## 'हर वो बल्ला मेरे पास है जिससे अंतरराष्ट्रीय शतक जड़ा'

नई दिल्ली, 26 अप्रेल। दो बार के विश्व कप विजेता आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने कहा है कि उन्होंने हर वो बल्ला संभालकर रखा है जिससे उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शतक जड़ा है और उस पर विरोधी टीम का नाम तथा अपना स्कोर भी उन्होंने लिख रखा है।



दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच पोंटिंग अपने दौर के बेहतरीन बल्लेबाजों में से थे। उन्होंने युवा क्रिकेटरों को किट देने की 'डीपी वर्ल्ड बियोंड बाउंड्रीज' पहल के मौके पर यह बात कही। क्रिकेट को 2012 में अलविदा कहने वाले पोंटिंग ने 71 अंतरराष्ट्रीय शतक लगाये हैं जिनमें 41 टेस्ट शतक शामिल हैं।

पोंटिंग ने कहा ,'' आप विश्वास करें या नहीं लेकिन मेरे घर पर मेरा पहला बल्ला भी रखा है। इस पर स्टिकर्स लगे हैं। हमारे घर में करीब एक हजार बल्ले हैं। जिस भी बल्ले से मैने अंतरराष्ट्रीय शतक जड़ा था, वह मेरे पास है। इस पर मैंने अपना स्कोर और विरोधी टीम का नाम भी लिखा है।''

उनकी यादगार पारियों में भारत के खिलाफ 2003 वनडे विश्व कप फाइनल में जड़े नाबाद 140 रन शामिल है। उस समय भारतीय टीम के कप्तान रहे सौरव गांगुली अब दिल्ली कैपिटल्स के क्रिकेट निदेशक हैं और वह भी इस मौके पर मौजूद थे। गांगुली ने अपने पहले बल्ले के बारे में कहा ,'' मैं 13 साल का था जब पहला बल्ला खरीदा। गेंद को बल्ले से मारकर हवा में जाते देखकर मैं बहुत खुश होता था।

## भारतीय पुरूष टीम की नजरें थॉमस कप खिताब बरकरार रखने पर

चेंगडू, 26 अप्रेल। भारतीय पुरूष बैडमिंटन टीम शनिवार से शुरू हो रहे थॉमस कप में एकल खिलाड़ियों के अच्छे प्रदर्शन के दम पर खिताब बरकरार रखने के इरादे से उतरेगी जबकि उबेर कप में पी वी सिंधू के बिना युवा महिला टीम की नजरें भी अपने प्रदर्शन की छाप छोड़ने पर लगी होंगी। दो साल पहले भारत ने पहली बार थॉमस कप जीतकर तहलका मचा दिया था। पुरूष वर्ग में यह टूर्नामेंट टीम विश्व चैम्पियनशिप की तरह है। अपेक्षाओं के दबाव के बिना भारत ने दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों को हराकर भारतीय बैडमिंटन के इतिहास का सुनहरा अध्याय लिखा। अब एक बार फिर उन पर इस प्रदर्शन को दोहराने का दबाव होगा।

भारत को 'ग्रुप आफ डैथ' मिला है जिसमें कई बार की विजेता इंडोनेशिया, थाईलैंड और इंग्लैंड है। भारत को पहला मुकाबला थाईलैंड से खेलना है जिसमें मौजूदा विश्व चैम्पियन कुंलावुत वितिदसर्न और युवा पी तीरारात्साकुल हैं। तीसरी वरीयता प्राप्त इंडोनेशिया की टीम में जोनाथन क्रिस्टी और एंथोनी जिंटिंग जैसे सितारे हैं जो मार्च में आल इंग्लैंड फाइनल्स खेल चुके हैं। इनके अलावा मुहम्मद रियान अर्दियांतो और फजर अल्फियान की सातवीं रैंकिंग वाली जोड़ी भी टीम में है। भारत के एच एस प्रणय ने कहा ,'' यह वर्ष कठिन होगा। मौजूदा फॉर्म को देखते हुए अधिकांश टीमों में तीन मजबूत एकल खिलाड़ी और दो युगल खिलाड़ी हैं।''

दो साल पहले निर्णायक पांचवां एकल मुकाबला जीतने वाले प्रणय इस सत्र के पहले हाफ में फिटनेस समस्याओं से जूझने के बाद आये हैं। उन्होंने हालांकि हाल ही में चीन के लू गुआंग जू को हराकर फॉर्म में लौटने के संकेत दिये हैं।लक्ष्य सेन फ्रेंच ओपन और आल इंग्लैंड में सेमीफाइनल तक पहुंचे। दो साल पहले सभी छह मैच जीतने वाले किदाम्बी श्रीकांत 2022 राष्ट्रमंडल खेल और 2023 एशियाई खेलोंमें टीम चैम्पियनशिप फाइनल हार गए थे। तीसरे एकल की जिम्मेदारी प्रियांशु राजावत को भी दी जा सकती है जो बैंकाक में टीम का हिस्सा थे और पिछले साल ओरलियंस सुपर 300 खिताब जीता।

युगल में सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने विश्व टूर पर लगातार चार फाइनल जीते हैं। उनके अलावा ध्रुव कपिला और अर्जुन एमआर दूसरी जोड़ी होगी। उबेर कप में अष्मिता चालिहा भारत की युवा टीम की अगुवाई करेगी। भारत के धुरंधर खिलाड़ी पेरिस ओलंपिक क्वालीफायर खेलने के लिये इस टूर्नामेंट में नहीं खेल रहे हैं।



## टी-20 वर्ल्ड कप के लिए युवराज सिंह को बनाया ब्रांड एम्बेसडर

नई दिल्ली, 26 अप्रेल। आईसीसी ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए वेस्टइंडीज के दिग्गज क्रिस गेल और धावक उसेन बोल्ट के बाद पूर्व भारतीय क्रिकेट युवराज सिंह को एंबेसडर बनाया है। मेगा इवेंट का आगाज 2 जून से अमेरिका और वेस्टइंडीज की सयुंक्त मेजबानी में होने जा रहा है।

टी20 वर्ल्ड कप 2024 के एंबेसडर बने युवराज सिंह का कहना है कि इस टूर्नामेंट से उनकी काफी यादें जुड़ी हुई हैं। इसी टूर्नामेंट में भारतीय दिग्गज ने एक ओवर में 6 छक्के जड़े थे। युवराज ने आईसीसी से कहा कि, टी20 वर्ल्ड कप में खेलने से मेरी कुछ सबसे प्यारी क्रिकेट यादें जुड़ी हैं। जिसमें एक ओवर में 6 छक्के लगाना भी शामिल है, इसलिए इस सीजन का हिस्सा बनना रोमाचंक है, जो अब तक का सबसे बड़ा सीनज होने वाला है।

## जीत ही आपकी टीम में आत्मविश्वास लौटा सकती है : डुप्लेसी

हैदराबाद, 26 अप्रेल। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के कप्तान फाफ डुप्लेसी ने कहा कि मैच जीतकर कर ही आपकी टीम में आत्मविश्वास ला सकते है।

डुप्लेसी ने गुरुवार को कहा, पिछले दो मैचों में हमने अच्छी लड़ाई दिखाई है। सनराइजर्स हैदराबाद वाला मैच 270 अधिक था और हम 260 तक पहुँच गए। केकेआर मैच भी केवल एक रन से हारे। हम कुछ समय से करीब हैं लेकिन टीम में आत्मविश्वास लाने के लिए आपको मैच जीतने की जरूरत होती है। हमारे लिए यह बड़ी जीत। जब आप जीत नहीं रहे होते हैं तो यह आपको मानसिक रूप से प्रभावित करता है, यह आपके आत्मविश्वास को



प्रभावित करता है। आज की रात मैं अच्छे से सो पाउंगा।

उन्होंने कहा, एकमात्र चीज जो आत्मविश्वास देती है वह है प्रदर्शन। प्रतियोगिता के पहले भाग में हमें लगा कि हम अपनी क्षमता के क़रीब नहीं हैं। और जब आप 50 प्रतिशत या 60 प्रतिशत पर खेल रहे होते हैं, तो आपको आत्मविश्वास नहीं मिलता है। प्रतियोगिता काफी कड़ी है, टीमें काफी मजबूत हैं तो यदि आप शतप्रतिशत पर नहीं होंगे तो आपको मुश्किल होगी।

उन्होंने कहा, पिछले डेढ़ सप्ताह से हम यह सुनिश्चित करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं कि हम अपने खेल में बेहतर प्रदर्शन करें। पिछला मैच में हमारी बल्लेबाजी में आत्मविश्वास दिखा। हमारे लिए अधिक लोग अब रन बना रहे हैं। टूर्नामेंट के पहले भाग में केवल विराट के बल्ले से रन आ रहे थे। रजत ने अब लगातार दो अच्छी पारियां खेली हैं, ग्रीन रन बना रहे हैं और यह उनके लिए काफी अच्छा है। बल्लेबाजी क्रम के रूप में साथ मिलकर योगदान देना जरूरी है क्योंकि हम देख चुके हैं कि कितने बड़े स्कोर बन रहे हैं और केवल एक व्यक्ति ही सारे रन नहीं बना सकता है।

उन्होंने कहा, जाहिर तौर पर हम जानते हैं कि चिन्नास्वामी हमारे लिए निराशाजनक रहा है। ईमानदारी से कहूं तो यह गेंदबाज़ी के लिए काफी कठिन मैदान है। स्पिनर्स के लिए यह चुनौती होता है। हम ऐसी चीज खोज रहे हैं जिससे हमें उस मैदान पर गेंदबाजी करने में आसानी हो, लेकिन काम करने वाला फार्मूला खोजना हमारे लिए कठिन हो रहा है।

## दीपिका कुमारी तीरंदाजी विश्व कप के सेमीफाइनल में

### मां बनने के बाद अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा




चीन, 26 अप्रेल। मां बनने के बाद अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी दीपिका कुमारी ने कोरिया की जियोन हुनयंग को हराकर तीरंदाजी विश्व कप के पहले चरण के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया जबकि कंपाउंड तीरंदाजों ने भारत का चौथा पदक पक्का कर दिया। विश्व रैंकिंग में 142वें स्थान पर खिसकी तीन बार की ओलंपियन दीपिका ने जियोन को 6.4 (27 . 28, 27 . 27, 29 . 28, 29 . 27, 28 . 28) से हराया।

अब सेमीफाइनल में उनका सामना कोरिया की ही नैम सुहियोन से होगा। इससे पहले ज्योति सुरेखा वेन्नम और अभिषेक वर्मा की कंपाउंड मिश्रित टीम ने फाइनल में जगह बनाई। दुनिया की दूसरे नंबर की टीम ने पांच ही अंक गंवाते हुए मैक्सिको की आंद्रिया बेसेरा और लोट मैक्सिमो मेंडेज ओर्टिज को 155 . 151 से हराया। अब उनका सामना एस्तोनिया से होगा। ज्योति महिला कंपाउंड टीम में भी शामिल है जो बुधवार को फाइनल में पहुंच गई। एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता ज्योति पदक की हैट्रिक की दौड़ में है।

भारतीय तीरंदाज चार टीम स्पर्धाओं के फाइनल में पहुंच गए और कंपाउंड व्यक्तिगत वर्ग में ज्योति तथा प्रियांश सेमीफाइनल में पहुंचकर पदक की दौड़ में हैं। भारतीय टीम कंपाउंड पुरूष, महिला, मिश्रित और पुरूष रिकर्व टीम स्पर्धाओं के फाइनल में पहुंची है। ज्योति और वर्मा को पहले दौर में बाय मिला था जिसके बाद उन्होंने 160 में से 160 अंक बनाकर आस्ट्रेलिया की जॉर्जिया गाहम और ब्रेंडन हावेस को आठ अंक से हराया। इसके बाद उन्होंने लक्जेमबर्ग की मारिया श्कोल्ना और जिलेस सेवर्ट को 155 . 151 से मात दी।

चौथी वरीयता प्राप्त भारतीय रिकर्व मिश्रित टीम अंकिता भकत और धीरज बोम्मादेवरा को सेमीफाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त कोरिया के लिम और किम वूजिन ने 6 . 0 से हराया। अब वे कांस्य पदक के लिये मैक्सिको से खेलेंगे। रिकर्व में तरूणदीप राय क्वार्टर फाइनल में आंद्रेस तेमिनो से 3 . 7 से हार गए।

## नौकायन में नेत्रा कुमानन ने भारत का दूसरा पेरिस ओलंपिक कोटा किया हासिल



नयी दिल्ली 26 अप्रेल। टोक्यो ओलंपियन नेत्रा कुमानन ने शुक्रवार को फ्रांस के हायरेस में 'लास्ट चांस रेगाटा' में ओलंपिक क्वालीफायर के नौकायन मुकाबले में भारत का दूसरा ओलंपिक कोटा हासिल किया।

महिलाओं की डिंघी (आईएलसीए 6) में प्रतिस्पर्धा करते हुए नेत्रा ने 67 अंक हासिल करते हुए ओवरऑल लीडरबोर्ड पर वह पांचवें स्थान पर रहीं। हालांकि, उन्होंने वर्ल्ड सेलिंग इमर्जिंग नेशंस प्रोग्राम (ईएनपी) के तहत नौकाचालकों के बीच शीर्ष प्रदर्शन करते हुए ओलंपिक कोटा हासिल किया। महिलाओं की डिंघी में, ओलंपिक कोटा सबसे पहले शीर्ष तीन सेलरों ने हासिल किया - रोमानिया की एब्रू बोलाट (36 अंक), साइप्रस की मारिलेना माक्री (37) और स्लोवाकिया की लिन प्लेटिकोस (54 अंक), जबकि छह बार की ओलंपियन तातियाना ड्रोजडोव्स्काया इंडिविजुअल न्यूट्रल एथलीट के रूप में प्रतिस्पर्धा करते हुए (59 अंक) चौथे स्थान पर रहीं और चूक गईं।

इस क्वालीफायर टूर्नामेंट में कुल 17 भारतीय नौकाचालकों ने 21 से 26 अप्रैल तक लास्ट चांस रेगाटा 2024 में प्रतिस्पर्धा की। हालांकि, केवल कुमानन ही शीर्ष 10 में रहे।

## अभिषेक और ज्योति का कमाल, कंपाउंड मिश्रित टीम फाइनल में





चीन, 26 अप्रेल। चीन में आयोजित आर्चरी वर्ल्ड कप 2024 में भारत की ज्योति सुरेखा और अभिषके वर्मा कमाल कर दिया है। दरअसल, कंपाउंड मिश्रित टीम ने तीरंताजी वर्ल्ड कप के फाइनल में इन दोनों खिलाड़ियों ने अपना पदक पक्का कर लिया है। दुनिया की दूसरे नंबर की टीम ने पांच ही अंक गंवाते हुए मैक्सिको की आंद्रिया बेसेरा और लोट मैक्सिमो मेंडेज ओर्टिज को 155-151 से हराया। अब उनका सामना एस्तोनिया से होगा। ज्योति महिला कंपाउंड टीम में भी शामिल है जो बुधवार को फाइनल में पहुंच गई।

एशियन खेलों की गोल्ड मेडल विजेता ज्योति पदक की हैट्रिक की दौड़ में है। भारतीय तीरंदाज चार टीम स्पर्धाओं के फाइनल में पहुंच गए और कंपाउंड व्यक्तिगत वर्ग में ज्योति और प्रियांश सेमीफाइनल में पहुंचकर मेडल की दौड़ में हैं। भारतीय टीम कंपाउंड पुरुष, महिला, मिश्रित और पुरुष रिकर्व टीम स्पर्धाओं के फाइनल में पहुंची है। रिकर्व व्यक्तिगत वर्ग के एलिमिनेशन दौर के मुकाबले आज ही होंगे।

## न्यूजीलैंड ने चौथे टी-20 मैच में पाकिस्तान को चार रन से हराया

लाहौर, 26 अप्रेल। टिम रॉबिन्सन (51) रनों की अर्धशतकीय पारी और उसके बाद विलियम ओरूर्के की धारदार गेंदबाजी की बदौलत न्यूजीलैंड ने चौथे टी-20 मुकाबले में पाकिस्तान को चार रन से हराकर पांच मैचों की सीरीज में 2-1 से बढ़त बना ली है। गद्दाफी स्टेडियम में गुरुवार को 179 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान की टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर 174 रन ही बना सकी और चार रन से हार का सामना करना पड़ा। पाकिस्तान की शरुआत खराब रही और 46 के स्कोर पर अपने तीन विकेट गवां दिये थे। कप्तान बाबर आजम (5), सईम अय्यूब (20), उसामा खान (16) रन बनाकर आउट हुये। फखर जमान ने 45 गेंदों में चार चौके और तीन छक्के लगाते हुए सर्वाधिक (61) रनों की पारी खेली। इफ्तिखार अहमद (23), शादाब खान (7) रन बनाकर आउट हुये। इमाद वसीम 22 रन बनाकर और मोहम्मद आमिर एक रन बनाकर नाबाद रहे। पाकिस्तान की टीम निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट पर 174 रन ही बना सके। न्यूजीलैंड की ओर से विलियम ओरूर्के ने सबसे ज्यादा तीन विकेट लिए। बेन सियर्स ने दो विकेट झटके।

## वरुण गांधी को भाजपा ने रायबरेली से चुनाव लड़ने का ऑफर दिया था

नई दिल्ली, 26 अप्रेल। भाजपा ने पीलीभीत से मौजूदा सांसद वरुण गांधी का टिकट काटकर योगी के मंत्री जितिन प्रसाद को प्रत्याशी बनाया है। वहीं, रायबरेली सीट पर प्रियंका गांधी वाड्रा के चुनाव लड़ने की अटकलें तेज हैं।

पर गांधी बनाम गांधी कराना चाह रही थी, लेकिन वरुण गांधी ने पार्टी के ऑफर को ठुकरा दिया है। विचार करने के बाद वरुण गांधी ने इनकार किया

वरुण गांधी के करीबी सूत्रों ने बताया कि भाजपा ने उन्हें रायबरेली लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ने का ऑफर दिया था, जिसे उन्होंने ठुकरा दिया है। सूत्रों ने दावा किया है कि वरुण गांधी ने एक सप्ताह तक इस पर विचार करने के बाद आखिर में रायबरेली से चुनाव लड़ने के ऑफर को इनकार कर दिया है। सूत्रों के अनुसार, भाजपा नेतृत्व की ओर से वरुण गांधी से संपर्क किया गया और उन्हें रायबरेली सीट से चुनाव लड़ने का ऑफर दिया। इस पर वरुण गांधी ने विचार करने के लिए समय मांगा। हाल ही में वरुण गांधी ने रायबरेली से चुनाव लड़ने का ऑफर को इनकार कर दिया।

सूत्रों के अनुसार, आंतरिक सर्वे में दिनेश सिंह, ब्रजेश पाठक, विनय कटियार जैसे संभावित प्रत्याशियों पर पार्टी के पक्ष में नहीं आते हुए दिखाई दिए। जिसके बाद वरुण गांधी को रायबरेली सीट से लड़ने के लिए कहा गया था।

## 'कार्यकर्ता की मेहनत ही उसकी पहचान'

जयपुर, 26 अप्रैल (का.सं.)। लोकसभा चुनाव के द्वितीय चरण का मतदान संपन्न होने के बाद आज भाजपा प्रदेश कार्यालय में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की उपस्थिति में चुनाव प्रबंधन टीम का स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री ने प्रदेश भाजपा की चुनाव प्रबंधन में लगी टीम और प्रत्येक कर्मचारी का तहे दिल से धन्यवाद और आभार व्यक्त किया।

भाजपा चुनाव प्रबंधन स्नेह मिलन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता की मेहनत एवं परिश्रम परिणाम को परिवर्तित करने वाला है। मेहनत तो आप जहां भी करते हैं वह परिणाम देती है। कार्यकर्ता की मेहनत ही उसकी पहचान है, हम सभी सौभाग्यशाली हैं जो विश्व के सबसे बड़े राजनैतिक दल में काम करने का मौका मिला।

- **भाजपा प्रदेश मुख्यालय में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि, हम सभी सौभाग्यशाली हैं, जिन्हें विश्व के सबसे बड़े राजनैतिक दल भाजपा में काम करने का मौका मिला।**

## बालेन्दु और...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

शिकायत पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष और सीकर जिले के श्रीमाधोपुर से कांग्रेस उम्मीदवार रहे दीपेंद्र सिंह शेखावत के पुत्र तथा प्रदेश कांग्रेस के पूर्व सचिव बालेन्दु सिंह शेखावत को पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त पाए जाने पर 6 साल के लिए निष्कासित कर दिया गया है। इसी के साथ शिव से पूर्व विधायक अमीन खान को भी बाड़मेर जैसलमेर से कांग्रेस लोकसभा उम्मीदवार उम्मेदाराम बेनीवाल की शिकायत के बाद पार्टी ने निष्कासित कर दिया है।

## जोधपुर में कांग्रेस...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

शुरू हुआ। सुबह से ही मतदान केंद्र पर मतदाताओं की लंबी कतार नजर आ रही थी। ग्रामीण क्षेत्रों में भी मतदान को लेकर खासा उत्साह देखा गया। लोग परिवार सहित वोट डालने के लिए पहुंचे। दोपहर के समय तेज धूप के बावजूद बड़ी संख्या में मतदाता वोट डालने आए।

जोधपुर में एक ही परिवार की पांच पीढ़ियों के 50 से अधिक लोग सज धज कर वोट करने पहुंचे। पुरुषों ने राजस्थानी साफा पहन रखा था तो महिलाएं चूंदड़ी की लाल साड़ी में नज़र आईं। सरदारपुरा विधानसभा के बूथ पर वोट देने आया एक युवक अचानक बेहोश हो गया। वहां मौजूद लोगों ने उसे गोद में उठाया और हॉस्पिटल ले गए।

दोपहर एक बजे तक फलोदी में 40 प्रतिशत, लोहावट में 39.61, जोधपुर में 38.18, शेरगढ़ में 39.28, सरदारपुरा में 40.01, सूरसागर0 में 44.01, लूणी में 35.48 और पोकरण में 43.62 प्रतिशत मतदान हुआ। शाम पांच बजे तक फलोदी में 65.06, लोहावट में 57.02, जोधपुर में 58.84, शेरगढ़ में 29.28, सरदारपुरा में 58.84, सूरसागर में 63.19, लूणी में 55.07 और पोकरण 64.23 प्रतिशत रिकॉर्ड किया गया।

गौरतलब है कि जोधपुर की लोकसभा सीट के अंतर्गत 8 विधानसभाएं आती हैं। इसमें फलोदी, लोहावट, जोधपुर, शेरगढ़, सरदारपुरा, सूरसागर, लूणी और पोकरण हैं। लोकसभा चुनावों में लिए जोधपुर में कुल 2 हजार 134 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। जिसमें 2 हजार 56 मतदान केंद्र तथा 78 सहायक मतदान केंद्र हैं। निर्वाचन आयोग ने मतदान केंद्रों पर वोटर्स के लिए बूथ पर लगी लाइन देखने के लिए ऑनलाइन सुविधा भी दी।

जोधपुर लोकसभा सीट पर कुल 21 लाख 32 हजार 713 मतदाता हैं। इनमें पुरुष मतदाता 11 लाख 15 हजार 681, महिला मतदाता 10 लाख 16 हजार 985 तथा थर्ड जेंडर मतदाता 47 हैं।

## तृणमूल और कांग्रेस में तुष्टिकरण की होड़

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 26 अप्रेल। प्रधानमंत्री मोदी ने पश्चिम बंगाल के मालदा में शुक्रवार को कहा कि तृणमूल कांग्रेस (टी.एम.सी.) और कांग्रेस के बीच तुष्टीकरण की प्रतिस्पर्धा चल रही है।

एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने दावा किया कि टी.एम.सी. बांग्लादेशी घुसपैठियों को बंगाल में बसा रही है। ये घुसपैठिये लोगों की ज़मीन और खेतों पर कब्जे करते हैं, जबकि कांग्रेस अपने इस प्रकार के वोट बैंकों में सम्पत्तियों का बंटवारा करती है। उन्होंने कहा कि इन दोनों पार्टियों को एकजुट रखने वाला सबसे बड़ा चुम्बकीय आकर्षण है तुष्टीकरण के प्रति इनकी प्रतिबद्धता। ये पार्टियां राष्ट्रहित में लिए गए केन्द्र सरकार के निर्णयों को भी पलटने का इरादा रखती हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि "मां, माटी और मानुष" के नारे के दम पर सत्ता में आई तृणमूल ने बंगाल की महिलाओं को धोखा दिया है। भाजपा सरकार ने जब मुस्लिम महिलाओं को अत्याचारों से बचाने के लिए "तीन तलाक" का उन्मूलन किया था, तब तृणमूल ने उसका विरोध किया था। संदेशखाली में महिलाओं पर असंख्य अत्याचार किए गए, फिर भी टी.एम.सी. सरकार ने मुख्य आरोपी को अंत तक बचाए रखा।"

- **प्रधानमंत्री मोदी ने प. बंगाल के माल्दा में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि, दोनों दल बांग्लादेशी घुसपैठियों का समर्थन करते हैं।**

## दूसरे चरण में देश ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

पड़े, जबकि केरल में 65.28 प्रतिशत राजस्थान में भी मतदान का प्रतिशत 63.74 रहा। त्रिपुरा में सर्वाधिक 78.63 प्रतिशत मतदान हुआ। मणिपुर में 77.18 प्रतिशत हुआ।

## 'नोटा को बहुमत ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

भारत में, यदि कोई वोटर किसी चुनाव में खड़े हुए किसी भी प्रत्याशी को अपना समर्थन नहीं देना चाहता है तो उसके पास वोटिंग मशीन में मौजूद "नोटा" का बटन दबाने का विकल्प होता है। यह विकल्प वोटर को यह अधिकार देता है कि वह चाहे तो इलैक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन (ई.वी. एम.) पर लिस्टेड सभी उम्मीदवारों को रिजैक्ट कर सकता है।

शीर्ष अदालत ने शुक्रवार प्रातः उन याचिकाओं को खारिज कर दिया, जिनमें मांग की गई थी कि ई.वी.एम. पर डाले गए सभी वोटों का वोटर वैरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वी.वी.पी.ए.टी.) स्लिप से मिलान किया जाए। कोर्ट ने कहा कि "सिस्टम के किस पहलू पर बिना किसी वजह के अविश्वास जताना अनुचित संदेह पैदा कर सकता है।

जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की एक बैंच ने यह कहते हुए कि "लोकतंत्र का उद्देश्य सभी संस्थानों के बीच विश्वास और सद्भाव बढ़ाना है, दो समरूप फैसले दिए और इस संबंध में दायर सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया। इन याचिकाओं में वह याचिका भी शामिल है, जिसमें चुनाव की बैलट पेपर पद्धति पर लौटने की मांग की गई थी।

कोर्ट के ये निर्णय देश में चल रहे लोकसभा चुनाव के बीच आए हैं। चुनाव सात चरणों में होंगे। इसका पहला चरण गत 19 अप्रेल को था और अंतिम चरण 1 जून को होगा। वोटों की गिनती 4 जून को होगी।

## बाड़मेर में प्रत्याशियों के समर्थकों...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

मतदान बाधित हुआ था जिसे पुनः चालू करवा दिया गया।

इस बीच कांग्रेस नेता एवं बायतु विधायक हरीश चौधरी ने भी मतदान में फर्जीवाड़े और प्रशासन पर हठधर्मिता का आरोप लगाते हुए कहा कि बाड़मेर में आई.जी. के सामने पुलिसकर्मियों के साथ मारपीट हुई। उन्होंने शिव विधानसभा के थुंबली बूथ पर मतदाताओं और पोलिंग एजेंटो के साथ मारपीट का आरोप भी लगाया। इसको लेकर वे निर्वाचन अधिकारी के चैम्बर में धरने पर बैठ गए। अधिकारियों के समझाने के बाद हरीश चौधरी ने कुछ देर बाद धरना खत्म किया। पुलिस ने ट्वीट कर बताया कि थुंबली प्रकरण में प्रार्थी और प्रार्थिया की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया गया है।

निर्दलीय प्रत्याशी रविंद्र सिंह भाटी ने आरोप लगाया कि "हरीश चौधरी ने थुंबली जाकर बहुत बड़ा बवंडर खड़ा करने की कोशिश की पर सफल नहीं हुए। जनता सब जानती है। उन्होंने कहा कि चौधरी ने प्रशासन का ध्यान भटकाने के लिए यह पूरी योजना बनाई ताकि फर्ज़ी मतदान किया जा सके। भाटी ने कहा कि हरीश चौधरी न तो प्रत्याशी हैं और न ही पोलिंग एजेंट तो फिर वह किस हैसियत से अलग -अलग जगहों पर घूम रहे थे।" भाटी ने यह आरोप लगाया कि बायतु में उनके एजेंटो को पोलिंग बूथों से बाहर निकाला गया और वोटिंग मशीन पर उनके नाम पर पट्टी लगाई गई। भाटी ने पुलिस पर भी मिली भगत का आरोप लगाया। भाटी ने प्रवासी मतदाताओं की गाड़ियां रोकी जाने का आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा प्रशासन जानबूझकर धीमी वोटिंग करवा रहा है। कांग्रेस प्रत्याशी उम्मेदाराम बेनीवाल ने भी थुंबली, मारूडी, कोलू, अकदड़ा आदि जगहों पर छिटपुट घटनाओं का जिक्र करते हुए शांति की अपील की।

दोपहर करीब 3 बजे जिले की शिव विधानसभा में निर्दलीय प्रत्याशी रविंद्र सिंह भाटी और कांग्रेस प्रत्याशी उम्मेदाराम बेनीवाल के समर्थक आपस में भिड़ गए। सूचना मिलने पर आई.जी. विकास कुमार और बायतु विधायक हरीश चौधरी मौके पर पहुंचे। इस दौरान आधे घंटे तक वोटिंग बंद रही। झड़प के दौरान बीच बचाव में शिव थानाधिकारी सुमेर सिंह के नाक पर चोट आई। बायतू विधायक हरीश चौधरी ने कांग्रेस के पोलिंग एजेंटों के साथ मारपीट करने व इस पर कोई कार्यवाही नहीं करने का आरोप लगाया। एक अन्य घटना में बाड़मेर जिले के सदर थाना इलाके महाबार गांव के सोलंकियों की ढाणी में दो पक्षों के बीच कहासुनी हुई और फिर लड़ाई हो गई, जिसमें दो युवक घायल हो गए। घटना स्थल पर बाड़मेर एस.पी. मौके पर पहुंचे। एस.पी. नरेंद्रसिंह मीणा ने बताया कि, इस प्रकरण में दो जने गिरफ्तार किए गए हैं। वहीं दो घायलों को हॉस्पिटल भेज दिया है।

बाड़मेर -जैसलमेर सीट पर मुकाबला त्रिकोणीय है। भाजपा के कैलाश चौधरी, कांग्रेस के उम्मेदाराम के साथ निर्दलीय रविंद्र भाटी भी मैदान में हैं। वोटिंग को लेकर लोकसभा क्षेत्र में सुबह से बुजुर्गों और युवा वोटर्स में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। बूथ पर एंट्री के समय बुजुर्ग, युवा और महिलाएं उत्सुक नजर आए। सुबह मॉक पोल के बाद 7 बजे वोटिंग शुरू की गई।

भाजपा प्रत्याशी कैलाश चौधरी ने बालोतरा शहर के समदड़ी रोड स्थित बूथ पर प्रातः जल्दी मतदान किया। वहीं कांग्रेस उम्मीदवार उम्मेदाराम बेनीवाल और निर्दलीय प्रत्याशी रविंद्र सिंह भाटी ने भी अपने -अपने बूथों पर अपने मत का प्रयोग किया। बाड़मेर-जैसलमेर लोकसभा सीट पर करीब 22 लाख, 6 हजार, 237 मतदाता हैं, जो 11 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। बाड़मेर लोकसभा क्षेत्र में बाड़मेर, जैसलमेर, बालोतरा जिले के 8 विधानसभा क्षेत्र हैं, जिसमें गत 4 माह में करीब 38 हजार 606 नए मतदाता जुड़े हैं।

## दूसरे चरण में ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

गुप्ता ने बताया कि, इन 13 निर्वाचन क्षेत्रों में अंतरिम रूप से 64.60 प्रतिशत मतदान हुआ है। हालांकि वर्ष 2019 में इन क्षेत्रों में 68.42 प्रतिशत मतदान हुआ था। कोटा और बाड़मेर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में वर्ष 2019 के मुकाबले मतदान प्रतिशत बढ़ा है। कोटा में वर्ष 2019 में 70.22 प्रतिशत था, इस बार यह आंकड़ा 71.42 प्रतिशत हो गया है। बाड़मेर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में वर्ष 2019 में 73.30 प्रतिशत मतदान हुआ था, इस वर्ष इस क्षेत्र में 74.25 प्रतिशत मतदान हुआ है। दूसरे चरण वाले 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में से वर्ष 2019 में सर्वाधिक 73.13 फीसदी मतदान बाड़मेर लोकसभा क्षेत्र और सबसे कम 62.31 प्रतिशत मतदान पाली लोकसभा क्षेत्र में हुआ था। अंतरिम आंकड़ों के अनुसार, इस वर्ष सर्वाधिक 74.25 प्रतिशत मतदान बाड़मेर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में हुआ है। साथ ही, बागीदौरा विधानसभा क्षेत्र में हुए उपचुनाव में ई.वी.एम. से करीब 77 प्रतिशत मतदान हुआ है।

## 'मत पत्रों (बैलेट पेपर) को ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

ई.वी.एम. से छुटकारा पाना चाहते हैं.....आज सुप्रीम कोर्ट ने यह कहते हुए एक मजबूत फैसला दिया है कि कागज के मतपत्र से वोट देने वाली पुरानी मतदान प्रणाली अब वापस लागू नहीं होगी।" एक बहुत ही सख्त टिप्पणी में, सुप्रीम कोर्ट ने एसोसिएशन ऑफ डैमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की साख पर भी सवाल खड़ा किया। न्यायाधीश दिपांकर दत्ता ने अपनी टिप्पणी में कहा, "कुछ निजी स्वार्थ वाले समूहों में एक प्रवृत्ति द्रुतगति से विकसित हो रही है कि वे देश की उपलब्धियों एवं कौशलदक्षता को कमतर आंकने का प्रयास कर रहे हैं।"

न्यायाधीश दत्ता ने यह भी कहा कि, "ऐसा प्रतीत होता है कि इस महान राष्ट्र की प्रगति को हर संभव मोर्चे पर बदनाम करने, धूमिल करने एवं कमजोर करने का सम्मिलित प्रयास किया जा रहा है। ऐसे किसी भी तरह के प्रयास अथवा कोशिश को शुरू में ही रोकना होगा।'

इंडिया ब्लॉक पर अपना हमला जारी रखते हुए, प्रधानमंत्री ने प्रहार करते हुए कहा कि, सुप्रीम कोर्ट के निर्णय से "उन लोगों को गहरा आघात लगा है जिनका इरादा मतपेटियों को लूटने का था इस फैसले ने उनके इस सपने को मटियामेट कर दिया।"

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि "लोकतंत्र की ताकत और डॉ. अम्बेडकर के संविधान की ताकत को देखा जा सकता है, आज राजनीति में दो मुख्य विचारधाराएं हैं। एक विचारधारा भाजपा के नेतृत्व वाले एन.डी.ए. की है जो भारत की जनता को सशक्त बनाना चाहती है दूसरी तरफ इंडिया गठबंधन की है जो जनता की सम्पत्ति को जब्त करके अपनी जेबें भरना चाहती है" मोदी ने कांग्रेस नेताओं पर वार करते हुए सेम पित्रोदा की उस टिप्पणी का हवाला दिया कि माता-पिता से बच्चों को मिलने वाली विरासत में सम्पत्ति पर कर लगाने की नीति "रोचक" प्रतीत होती है। मोदी की वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल पर कथित टिप्पणी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि विपक्ष प्रधानमंत्री मोदी से यह पूछना चाहता है कि क्या भाजपा नेता एल.के. अडवाणी ने भाजपा नेता जी.वी.एल. नरसिम्हा राव द्वारा लिखित पुस्तक का विमोचन करके गलत किया था जिसमें ई.वी.एम. की विश्वसनीयता पर प्रश्न खड़ा किया था। प्रधानमंत्री ने इस विषय का मजाक बनाकर अपने आपको सीमित कर लिया है, खेड़ा ने इस ओर इशारा करते हुए कहा कि अडवाणी ने पुरजोर तरीक से ई.वी.एम. का विरोध किया था। राव ने वर्ष 2019 में, डैमोक्रेसी एट रिस्क! केन वी ट्रस्ट अवर इलैक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन्स? शीर्षक से पुस्तक प्रकाशित की थी। उस समय यूनाइटेड प्रोग्रेसिव एलायन्स (यू.पी.ए.) सरकार केन्द्र में सत्ता में थी। यहां यह याद दिलाना उचित होगा कि उस समय भाजपा नेताओं सहित गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी ई.वी.एम. का विरोध किया था उस समय भाजपा दल विपक्ष में था।




राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्सः 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, 2418945, फैक्सः 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोनः 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोनः 226422, 226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोनः 256906, 256907, फैक्स:01562-256908